# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com   जबलपुर, शनिवार, 7 मार्च 2026


## कतर में भारतीय दूतावास ने जारी की एडवाइजरी

पश्चिम एशिया में संघर्ष के बीच दोहा में भारतीय दूतावास ने अपने नागरिकों के लिए वीजा, ट्रांजिट और और सऊदी अरब के बाहर यात्रा को लेकर जानकारी दी। दूतावास ने एक एडवाइजरी में बताया कि कतर में ट्रांजिट के दौरान फंसे भारतीय नागरिकों के लिए एक पंजीकरण लिंक खोला गया है। इस लिंक के जरिये उन्हें सऊदी अरब के लिए अस्थायी ट्रांजिट वीजा हासिल करने में मदद मिलेगी। दूतावास ने कहा कि यह सुविधा केवल उन भारतीय नागरिकों के लिए है, जो इस समय कतर में ट्रांजिट के दौरान फंसे हुए हैं और जिनके पास सऊदी अरब से आगे यात्रा के लिए कन्फर्म टिकट हैं।


दुनिया भर में छा रहे तेल संकट को टालने की कोशिशें

ईरान से जंग के बीच डोनाल्ड ट्रंप ने दी खुशखबर

# भारत को रूस से तेल खरीदने के लिए 30 दिन की 'स्पेशल छूट' दी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के बीच भारत में तेल संकट का खतरा मंडरा रहा है। इस बीच भारत को लेकर अमेरिका ने अहम फैसला लिया है। अमेरिका ने भारत को रूसी तेल खरीदने की 30 दिन की अस्थायी छूट दे दी है। दरअसल, जो अमेरिका भारत पर रूसी तेल आयात कम करने का दबाव बना रहा था, उसी अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने अब भारतीय रिफाइनरियों को रूसी तेल खरीदने की इजाजत दे दी है। इससे समुद्र में अटके उन रूसी टैंकरों (तेल जहाजों) को राहत मिलेगी, जिनके खरीदार नहीं मिल रहे थे। रूस के तेल टैंकर समुद्र में इसलिए खड़े थे क्योंकि नए अमेरिकी प्रतिबंधों और भुगतान, बीमा की अनिश्चितता की वजह से उनका तेल तुरंत उतारा नहीं जा रहा था।



डोनाल्ड ट्रंप

अमेरिकी की तरफ से रूसी तेल टैंकरों पर सख्त प्रतिबंध लगाया गया था। जिसके चलते कई जहाजों के बीमा, भुगतान और पोर्ट एंट्री पर सवाल खड़े हो गए। मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच वैश्विक ऊर्जा बाजारों को स्थिर करने के प्रयास के लिए अमेरिकी की ओर से यह कदम उठाया गया है। अमेरिकी विदेश मंत्री बेसेंट ने कि वित्त विभाग भारतीय रिफाइनरियों को रूसी तेल खरीदने की अनुमति देने के लिए 30 दिनों की अस्थायी छूट जारी कर रहा है। आंकड़ों के मुताबिक 21 लाख बैरल रोजाना तेल खरीदना अब तक की सबसे अधिक क्षमता है।

समुद्र में फंसे रूसी तेल टैंकरों को मिलेगी बड़ी राहत



इन जहाजों से भारत में आता है तेल

» मध्य पूर्व तनाव के कारण वैश्विक बाजार स्थिर करने का प्रयास

» भारत 30 दिन में कुल मिलाकर 6.3 करोड़ बैरल तेल खरीद सकता है




कांग्रेस ने सरकार पर साधा निशाना

### जयराम बोले- कब तक चलेगा ये ब्लैकमेल?

कांग्रेस ने अमेरिकी फैसले को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधा। अमेरिका की ओर से भारतीय रिफाइनरियों को रूसी तेल खरीदने के लिए अस्थायी छूट दिए जाने के बाद कांग्रेस ने इसे लेकर सवाल उठाए। पार्टी ने पूछा कि आखिर यह अमेरिकी ब्लैकमेल कब तक चलता रहेगा। ट्रंप का नया खेल, दिल्ली दोस्त को कहा, पुतिन से ले सकते हो तेल, कब तक चलेगा, यह अमेरिकी ब्लैकमेल।



इजराइल ने लेबनान में भयानक एयर स्ट्राइक की।


inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


### तीन कंपनियों को आईपीओ के लिए सेबी की मिली मंजूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली।

बाजार नियामक सेबी ने ऊर्जा क्षेत्र की ईस्टमैन ऑटो एंड पावर, कलपुर्जा विनिर्माता माइलस्टोन गियर्स और एआई क्षेत्र की कंपनी बॉनब्लॉक टेक्नोलॉजीज को आईपीओ के माध्यम से कुल 3,300 करोड़ रुपये जुटाने की मंजूरी दे दी है। इन कंपनियों ने अक्टूबर और दिसंबर के बीच भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपने शुरुआती दस्तावेज जमा कराए थे, जिस पर नियामक ने चार से पांच मार्च के दौरान अपनी टिप्पणियां जारी कीं। सेबी की भाषा में 'टिप्पणी' जारी करने का अर्थ सार्वजनिक निर्गम लाने की मंजूरी मिलना होता है। मर्चेंट बैंकरों के अनुसार, ये तीनों कंपनियां मिलकर आईपीओ के जरिये 3,300 करोड़ रुपये से अधिक जुटाने की तैयारी में हैं। ईस्टमैन ऑटो एंड पावर का आईपीओ 1,800 से 2,000 करोड़ रुपये का होगा। प्रस्तावित आईपीओ नए शेयर जारी करने और बिक्री पेशकश (ओएफएस) का मिश्रण होगा।

कृषि कल्याण वर्ष में किसानों की समृद्धि के लिए मोहन सरकार का 'बड़ा कदम'

अब गेहूं उत्पादक किसानों को 2625 रुपए प्रति क्विंटल की दर से होगा भुगतान

# गेहूं के एमएसपी पर किसानों को 40 रुपए प्रति क्विंटल 'बोनस'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र सरकार किसानों को गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर 40 रुपए प्रति क्विंटल की दर से बोनस की सौगात देने जा रही है। बोनस की राशि 2585 रुपए के अतिरिक्त होगी। यानी, अब से गेहूं की 2625 रुपए क्विंटल की दर से खरीदी होगी। इसके साथ ही साथ सरकार द्वारा गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 7 से बढ़ाकर 10 मार्च की जा रही है। उड़द की खरीदी पर भी 600 रुपए प्रति क्विंटल की दर से बोनस की घोषणा की गई है।

यह घोषणा भी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास में आयोजित भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में की। बैठक में प्रभारी मुख्य सचिव (अपर मुख्य सचिव) डॉ. राजेश राजौरा, एसीएस नीरज मंडलोई, कृषि उत्पादन आयुक्त अशोक बर्णवाल सहित कृषि, राजस्व, सहकारिता, जल संसाधन, उद्यानिकी तथा अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी वर्षों में हम इस लक्ष्य को पूरा कर उससे भी आगे निकलेंगे। उन्होंने बिजली संबंधी शिकायतों का निराकरण स्थानीय स्तर पर करने की व्यवस्था स्थापित करने के निर्देश दिए।

*मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी वर्षों में हम इस लक्ष्य को पूरा कर उससे भी आगे निकलेंगे। उन्होंने बिजली संबंधी शिकायतों का निराकरण स्थानीय स्तर पर करने की व्यवस्था स्थापित करने के निर्देश दिए*

उड़द खरीदी पर 600 रुपए प्रति क्विंटल दिया जाएगा बोनस



बड़नगर विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने सीएम का सम्मान किया

» गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ी

» अब 10 मार्च तक रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे किसान

» मुख्यमंत्री ने भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

### 2700 रुपए प्रति क्विंटल गेहूं खरीदने का संकल्प

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार कृषि कल्याण वर्ष 2026 में किसानों की समृद्धि के लिए कार्य कर रही है। किसानों की फसलों का उचित दाम मिले, इसके लिए उड़द खरीदी पर 600 रुपए प्रति क्विंटल बोनस की घोषणा की गई है। प्रदेश के किसान उड़द की खेती करें।

**मप्र में दलहन, तिलहन और सब्जी उत्पादन अच्छी मात्रा में:** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र देश का फूड बास्केट है, जहां दलहन, तिलहन और सब्जी उत्पादन अच्छी मात्रा में हो रहा है। हमारे राज्य के किसान आगे बढ़ें।

लोगों ने आरोपी के घर में लगाई आग

### भाई और बहन की ताऊ ने लाठियों से पीटकर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिद्दीकगंज/आष्टा

सिद्दीकगंज थाना क्षेत्र के ग्राम धर्मपुरी में शुक्रवार की सुबह रिश्तों के कत्ल की एक ऐसी सनसनीखेज वारदात हुई, जिसने पूरे जिले को स्तब्ध कर दिया। जमीनी रंजिश के चलते एक ताऊ ने अपने बेटे के साथ मिलकर अपने ही सगे भतीजे और भतीजी की लाठियों से पीट-पीटकर निर्मम हत्या कर दी। इस दोहरे हत्याकांड के बाद गांव में स्थिति विकट हो गई और गुस्साए ग्रामीणों ने आरोपी के घर में आग लगा दी। धर्मपुरी निवासी कुलदीप मालवीय (18) अपनी बहन शीतल (20) के साथ शुक्रवार सुबह बाइक से 10वीं की बोर्ड परीक्षा देने केलिए घर से निकला था।



■ घटना के बाद क्षेत्र में फूटा लोगों का गुस्सा

ग्वालियर में बड़ी लापरवाही

### पीएम आवास : पानी की टंकी में मरी मिलीं कई छिपकलियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से कई लोगों की मौतों हो चुकी है। अब ग्वालियर में भी पीने के पानी में बड़ी लापरवाही सामने आई है। मानपुर क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने फ्लैटों की पानी की टंकी में मरी हुई पांच छिपकलियां मिलीं हैं। टंकी से करीब 1300 फ्लैटों में रहने वाले 5 हजार लोगों को पानी की सप्लाई की जाती है।

पानी की टंकी में मरी छिपकली मिलने से रहवासी भड़क गए हैं। नगर निगम पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं। लोगों का कहना है कि टंकी की नियमित सफाई नहीं हुई।




■ यही पानी सप्लाई दहशत में 1300 परिवार






सिद्धारमैया सरकार का बड़ा फैसला

# 16 साल से कम उम्र के बच्चे यूज नहीं करेंगे सोशल मीडिया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कर्नाटक सरकार ने घोषणा की है कि राज्य में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया इस्तेमाल करने पर प्रतिबंध लगाया जाएगा। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शुक्रवार को राज्य बजट पेश करते हुए यह बात कही है। सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि बच्चों पर मोबाइल के बढ़ते इस्तेमाल के प्रतिकूल प्रभावों को रोकने के लिए यह फैसला लिया गया है। पिछले महीने सिद्धारमैया ने बेंगलुरु में आयोजित कुलपति सम्मेलन में इस मुद्दे पर चर्चा की थी और कुलपतियों से राय मांगी थी।

» प्रतिकूल प्रभावों को रोकने यह फैसला लिया गया

दो अच्छी खबरें

### तमिलनाडु के निजी स्कूलों में सियासी और धार्मिक कार्यक्रमों पर लगी रोक

**चेन्नई।** तमिलनाडु सरकार ने निजी स्कूलों के कैंपस में राजनीतिक, वैचारिक या सामुदायिक गतिविधियों पर आधिकारिक रोक लगा दी है। सरकार का कहना है कि स्कूल कैंपस को केवल पढ़ाई के लिए सुरक्षित रखना जरूरी है। नए नियमों के अनुसार, स्कूल की किसी भी जगह का इस्तेमाल कोई बाहरी व्यक्ति या संस्था नहीं कर सकेगी। इसमें स्कूल की बिल्डिंग, खेल का मैदान और हॉल शामिल हैं। कोई भी संस्था यहां राजनीतिक मीटिंग, प्रचार या किसी खास विचारधारा से जुड़ा कार्यक्रम नहीं कर पाएगी। सरकार ने उन गतिविधियों को खास तौर पर निशाना बनाया है जिनसे धर्म, जाति या भाषा के आधार पर नफरत फैलने का खतरा हो। यह पाबंदी केवल स्कूल के समय तक सीमित नहीं है। यह नियम स्कूल खत्म होने के बाद, शनिवार-रविवार, सरकारी छुट्टियों और सर्दियों या गर्मियों की छुट्टियों में भी लागू रहेगा। इससे छुट्टियों के दौरान होने वाले आयोजनों पर भी पूरी तरह रोक लग जाएगी।

अगले दो दिन में 40 डिग्री तक पहुंचेगा पारा

# मार्च, अप्रैल जैसा ही.. नर्मदापुरम 39 डिग्री के साथ 'सबसे गर्म'

» ग्वालियर-चंबल व सागर संभाग भी तपे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

होलिका दहन के साथ प्रदेश में गर्मी का पारा लगातार उछाल मार रहा है। शुक्रवार को नर्मदापुरम 39.4 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ सबसे गर्म रहा। इसके साथ ग्वालियर, चंबल और सागर संभाग के शहर भी गर्मी के तप गए, यहां अधिकतम तापमान सामान्य से 3 से 4 डिग्री तक बढ़ा दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने अगले दो दिन में तापमान 40 डिग्री के ऊपर जाने का अनुमान लगाया है। आसमान साफ होने की वजह से सूरज की तेज धूप सीधे जमीन पर आ रही है, जिससे गर्मी का असर बढ़ा है। मौसम वैज्ञानिक दिव्या सुरेंद्रन का कहना है कि इस बार अप्रैल जैसी गर्मी के हालात मार्च माह में बन रहे हैं। प्रदेश के अधिकतर जिलों में तापमान में तेजी से बढ़ोतरी देखी जा रहा है। आने वाले दिनों में तापमान में इजाफा होने का अनुमान है। शुक्रवार को भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन और जबलपुर में तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के पार रहा, जबकि भोपाल में यह 35.4 डिग्री दर्ज किया गया।



भोपाल के पॉलिटेक्निक चौराहे का दृश्य



लोकसभा अध्यक्ष बिरला को हटाने का प्रस्ताव


# विपक्ष ने खुले तौर पर पक्षपातपूर्ण तरीके से काम करने का लगाया आरोप,118 सांसदों ने किए नोटिस पर हस्ताक्षर

**9 मार्च से शुरू हो रहा दूसरा सत्र**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण 9 मार्च से शुरू हो रहा है। माना जा रहा है कि लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला को हटाने के विपक्ष के प्रस्ताव पर चर्चा हो सकती है। विपक्ष ने उन पर आरोप लगाया है कि उन्होंने खुले तौर पर पक्षपातपूर्ण तरीके से काम किया है। कांग्रेस ने कहा है कि यह प्रस्ताव नियमों और परंपराओं के अनुसार है।

## ....प्रस्ताव को बताया नियमों के अनुरूप



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला

## *टीएमसी ने प्रस्ताव से किया किनारा*

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बताया कि तृणमूल कांग्रेस को छोड़कर बाकी सभी विपक्षी दलों ने स्पीकर को हटाने के प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि इस पर 9 मार्च को चर्चा होगी। जयराम रमेश ने यह भी बताया कि इस नोटिस पर 118 विपक्षी सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं।जयराम रमेश ने कहा कि यह एक स्वस्थ और लोकतांत्रिक प्रक्रिया है। हमने जो प्रस्ताव दिया है, वह नियमों और परंपराओं के मुताबिक है। इससे पहले भी ऐसा हो चुका है। उदाहरण के लिए, 1954 में महान स्पीकर जी वी मावलंकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था।



**प्रस्ताव पर बहस होनी चाहिए**

जयराम ने कहा कि ये संसदीय लोकतंत्र के साधन हैं। विपक्ष को इसका पूरा अधिकार है। इस पर बहस होगी, देखते हैं उसके बाद क्या होता है। उन्होंने यह भी कहा कि हमने स्पीकर के पक्षपातपूर्ण व्यवहार के खास उदाहरण दिए हैं, जबकि विपक्षी सदस्यों पर झूठे आरोप लगाए गए। हमने पूरा संदर्भ बताया है और इस पर बहस होनी चाहिए।

### स्पीकर को हटाने की प्रक्रिया

अगले सोमवार को लोकसभा में ओम बिरला के खिलाफ प्रस्ताव पर चर्चा होगी। इस दौरान वह अध्यक्ष की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे। वह सदस्यों के बीच बैठेंगे। नियमों के अनुसार, बिरला को सदन में अपनी बात रखने और अपना बचाव करने का पूरा अधिकार होगा।

### पहले भी आ चुके हैं ऐसे प्रस्ताव

इससे पहले तीन लोकसभा अध्यक्षों - जी वी मावलंकर (1954), हुकम सिंह (1966) और बलराम जाखड़ (1987) के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाए गए थे। सभी गिर गए थे।

### आरोप-विपक्ष के नेता को बोलने की अनुमति नहीं देते

लगभग 118 विपक्षी सदस्यों ने यह नोटिस दिया है। उनका आरोप है कि स्पीकर ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बोलने की अनुमति नहीं दी। इसके अलावा, आठ विपक्षी सांसदों को निलंबित भी कर दिया गया था। कांग्रेस की ओर से गौरव गोगोई, के सुरेश और मोहम्मद जावेद ने यह नोटिस लोकसभा सचिवालय को सौंपा था।संविधान के अनुसार, जब अध्यक्ष या उपाध्यक्ष को हटाने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन हो, तो वह सदन की अध्यक्षता नहीं कर सकता है।

---

## खबर संक्षेप

### जशपुर में पलटी बस, 5 की मौत, 20 घायल




**जशपुर।** जिले में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। झारखंड के कुरडेग से कुनकुरी आ रही यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 5 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। 4 घायलों को अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। कलेक्टर ने घटना की पुष्टि की है।

### 'कर्जमाफी' और'लाडकी बहिण' जारी रहेगी




**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कई अहम घोषणाएं की हैं। बजट सत्रऔर अन्य चर्चाओं के दौरान सीएम ने विधानसभा के अंदर कई बड़े ऐलान किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाडकी बहिण योजना लगातार जारी रहेगी। पर्याप्त धनराशि की व्यवस्था की गई है। फिलहाल सत्यापन की प्रक्रिया चल रही है।

### रत्नागिरी में विस्फोट 11 लोग घायल



**रत्नागिरी।** महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले में शुक्रवार को एक रासायन कारखाने में हुए भीषण विस्फोट में कम से कम 11 लोग घायल हो गए।घटना मुंबई से करीब 250 किमी दूर लोटे परशुराम एमआईडीसी स्थित डॉ. खान इंडस्ट्रियल कंसल्टेंट्स इकाई में हुई। घायलों में ज्यादातर मजदूर हैं। उन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### भरे बाजार में फायरिंग मोगा सरपंच की हत्या



**मोगा।** यहां के बाघापुराना में अज्ञात हमलावरों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर गांव पत्तो हीरा सिंह के मौजूदा सरपंच की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात शुक्रवार को हुई। मृतक की पहचान हरपिंदर सिंह हैप्पी के रूप में हुई है। हरपिंदर बाघापुराना-कोटकपूरा रोड स्थित सूजन जिम के संचालक भी थे।

---

ओडिशा में सीआईएसएफ के स्थापना दिवस समारोह में बोले गृह मंत्री शाह

# 'बल' ने औद्योगिक विकास, देश की अर्थव्यवस्था को दी मजबूती, 31 तक रेड कारिडोर होगा खत्म

**केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल को सराहा**



एजेंसी ▶▶ कटक

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने शुक्रवार को ओडिशा के मुंडली में सीआईएसएफ (केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) के 57वें स्थापना दिवस समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया। उन्होंने 890 करोड़ की लागत से 3 आवासीय परिसरों (कामरूप, नासिक और सीहोर) का शिलान्यास और 2 आवासीय परिसरों (राजरहाट और दिल्ली) का लोकार्पण किया। समारोह में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी,सीआईएसएफ के महानिदेशक और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। शाह ने कहा कि सीआईएसएफ ने 56 वर्षों में औद्योगिक सुरक्षा क्षेत्र में शून्य से शिखर तक का सफर तय किया है। उन्होंने बल, त्याग और समर्पण की इस यात्रा को औद्योगिक विकास और देश की अर्थव्यवस्था की मजबूती से जोड़ा। गृह मंत्री ने कहा कि औद्योगिक विकास को सुरक्षित बनाने के लिए सीआईएसएफ की भूमिका अहम है और देश के हवाई अड्डे, बंदरगाह और बड़ी औद्योगिक इकाइयां इसकी सुरक्षा पर निर्भर हैं।

## *उन्होंने 890 करोड़ की लागत से 3 आवासीय परिसरों का शिलान्यास और 2 आवासीय परिसरों का किया लोकार्पण*

### नक्सलवाद से मुक्त करने में अहम भूमिका

प्रधानमंत्री के लक्ष्य के तहत 31 मार्च 2026 तक देश को नक्सलवाद से मुक्त करने में सीआईएसएफ अहम भूमिका निभा रहा है। गृह मंत्री ने बताया कि ओडिशा, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में सीआईएसएफ नक्सलरोधी अभियानों में सक्रिय रहा है और तिरुपति से पशुपतिनाथ तक रेड कॉरिडोर के स्वप्न देखने वालों को पूरी तरह परास्त किया जाएगा।

### सीआईएसएफ की उपलब्धियां और नई जिम्मेदारियां



कार्यक्रम में गृहमंत्री शाह

शाह ने बताया कि सीआईएसएफ अब भारत के 70 हवाई अड्डों सहित 361 महत्वपूर्ण संस्थानों की सुरक्षा कर रहा है। ड्रोन सुरक्षा में भी इसे नोडल एजेंसी बनाया गया है। सीआईएसएफ निजी औद्योगिक समूहों को भी हाइब्रिड मोड में सुरक्षा प्रदान करेगा।

### 13,693 पदक दिए गए

शाह ने सीआईएसएफकर्मियों की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि अब तक वीरता और विशिष्ट सेवा के लिए 13,693 पदक प्राप्त किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि सीआईएसओफ ने हमेशा अपने कर्तव्यों में उत्कृष्टता दिखाई है और देश की सुरक्षा में मिसाल कायम की है।

### भविष्य की योजनाएं और प्रधानमंत्री के लक्ष्य

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 2047 तक देश को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने और 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य में सीआईएसएफ एक कैटलिस्ट की भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक सुरक्षा और देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करना राष्ट्र के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### रेड कॉरिडोर का सपना देखने वाले हो जाएंगे नाकाम

शाह ने कहा कि देश को 31 मार्च तक नक्सलवाद से मुक्त बना दिया जाएगा। सुरक्षा बल उन लोगों के मंसूबों को विफल कर देंगे जो तिरुपति से पशुपतिनाथ मंदिर तक तथाकथित रेड कॉरिडोर बनाने का सपना देख रहे हैं। हमारे सुरक्षा बल उन ताकतों को हराएंगे, जो रेड कॉरिडोर बनाने का सपना देख रहे हैं।

## शाह का ऐलान- नक्सलवाद का खात्मा तय

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश से नक्सलवाद खत्म करने को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि 31 मार्च तक भारत पूरी तरह नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा। कटक में आयोजित सीआईएसएफ के 57वें स्थापना दिवस समारोह में संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि सुरक्षा बल उन नक्सली समूहों को पूरी तरह परास्त कर देंगे, जिन्होंने कभी तिरुपति से पशुपतिनाथ तक फैले तथाकथित 'रेड कॉरिडोर' पर कब्जा जमाने की कोशिश की थी। शाह बोले कि मैं सभी नागरिकों को भरोसा दिलाना चाहता हूं कि 31 मार्च तक यह देश नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा। हमारे सुरक्षा बल उन लोगों को पूरी तरह हरा देंगे जिन्होंने कभी तिरुपति से पशुपतिनाथ तक रेड कॉरिडोर पर कब्जा किया था।

---

जेडीयू की बैठक में बड़ा खुलासा

# नीतीश के पुत्र निशांत करेंगे राजनीति, कल होगा ऐलान



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के सीएम नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार के सियासत में आने को लेकर चर्चा लंबे समय से चल रही है। चुनाव से पहले भी निशांत के सियासी आगाज को लेकर कयासों का लंबा दौर चला था। अब नीतीश ने जब राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन कर दिया है और उनका दिल्ली की सियासत में जाना तय हो चुका है। यहां के सियासी हलकों में निशांत का नाम फिर से चर्चा का विषय बन गया है। नीतीश के सीएम की कुर्सी छोड़ने के बाद अब निशांत कुमार का नाम डिप्टी सीएम की रेस में बताया जा रहा है। निशांत के सियासी डेब्यू की तारीख भी करीब तय हो चुकी है। शुक्रवार को पटना में जेडीयू नेताओं, विधायकों की बैठक में भी निशांत के राजनीति में आने की मांग उठी। इस पर पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने यह कहा कि निशांत कुमार राजनीति में आएंगे।

### 8 मार्च को लेंगे पार्टी की सदस्यता

झा ने इसी मीटिंग में निशांत के सियासी डेब्यू की तारीख भी बताई। उन्होंने यह भी कहा कि निशांत कुमार 8 मार्च को जेडीयू की सदस्यता औपचारिक रूप से ले सकते हैं। निशांत 8 मार्च को शाम तीन बजे जेडीयू की सदस्यता ग्रहण करेंगे। बैठक में विधायक नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के फैसले से मायूस नजर आए। मीटिंग के दौरान कुछ विधायकों ने अपनी बात रखी। विधायकों ने सीएम नीतीश से राज्यसभा जाने के फैसले पर पुनर्विचार करने की मांग की। सीएम नीतीश कुमार ने विधायकों को भरोसा दिया कि हम राज्यसभा जा रहे हैं, लेकिन बिहार आएंगे ही। उन्होंने आश्वस्त किया कि आप लोगों को कोई परेशानी नहीं होगी। चिंता मत करिए।

### भावुक हुए कई विधायक, मैं हूं न, काम कीजिए

मुख्यमंत्री आवास 1 अणे मार्ग पर जेडीयू नेताओं की अहम बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को देखते ही कई विधायक और नेता भावुक हो गए। जैसे ही नीतीश बैठक कक्ष में पहुंचे, वहां मौजूद सभी नेताओं ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने भी हाथ जोड़कर सभी नेताओं का अभिवादन किया। बताया जा रहा है कि माहौल काफी भावुक हो गया और कई नेता अपनी भावनाएं छिपा नहीं सके। नीतीश ने कहा कि मैं राज्यसभा जा रहा हूं। आपलोगों को कोई दिक्कत नहीं होगी। हम बिहार भी रहेंगे सब काम होते रहेगा, कोई चिंता मत कीजिए।

---

आंध्र के मुख्यमंत्री का ऐलान

# तीसरा बच्चा होने पर सरकार देगी 25,000 रुपए, मुफ्त शिक्षा

एजेंसी ▶▶ अमरावती



आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू राज्य में गिरती प्रजनन दर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने विधानसभा में जनसंख्या प्रबंधन नीति का प्रस्ताव भी रखा था। अब इस नीति के तहत सरकार खुले तौर पर लोगों को तीसरे बच्चे के जन्म के लिए प्रोत्साहित करने की तैयारी कर रही है। माता-पिता को अतिरिक्त अवकाश और महिलाओं के लिए कई अन्य सुविधाएं देने की भी बात कही जा रही है। राज्य सरकार ने जनसंख्या बढ़ाने के उद्देश्य से पोषण, शिक्षा और सुरक्षा पैकेज की शुरुआत की है। इसके तहत अगर कोई परिवार तीसरे बच्चे को जन्म देता है तो उसे 25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसके अलावा तीसरे बच्चे को पांच साल तक हर महीने एक हजार रुपये सीधे खाते में दिए जाएंगे। वहीं, बच्चे के 18 साल की उम्र तक मुफ्त शिक्षा की गारंटी भी दी जाएगी।

---

जैसलमेर में चादर महोत्सव में भागवत

# समाज बंटेंगे तो होते रहेंगे हमले आंतरिक एकता को बनाए रखें

एजेंसी ▶▶ जैसलमेर



संघ प्रमुखडॉ. मोहन भागवत ने जैसलमेर में आयोजित चादर महोत्सव के दौरान एकता और सद्भावना का संदेश देते हुए कहा कि दुनिया में युद्ध और कलह इसलिए नहीं थम रहे क्योंकि हम अपनी आंतरिक एकता को भूल चुके हैं। जब तक हम स्वार्थ को त्याग कर एक मजबूत समाज के रूप में खड़े नहीं होंगे तब तक सच्ची शांति नहीं आएगी। भागवत ने कहा कि समाज अपनी एकता को नहीं पहचाना इसलिए दुनिया भर में कलह जारी है। लोग मन की करूणा भूल गए हैं। लोग इस सत्य को भूल गए कि हम दिखते अलग अलग हैं लेकिन सब एक हैं। संघ प्रमुख ने कहा कि जब पहला महायुद्ध हुआ तो दोबारा जंग न हो इसके लिए 'लीग आफ नेशंस' की स्थापना की गई लेकिन वह भी नहीं चली। फिर दूसरा महायुद्ध हो गया। आज संयुक्त राष्ट्र निष्प्रभावी है। युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहे हैं।

---

कोल्लम में महात्मा गांधी की शिवगिरि मठ यात्रा पर बोले राहुल

# अंधकार की ओर बढ़ रही राजनीति,अंतरराष्ट्रीय संबंध', आज असहमति पर की जा रही हिंसा

एजेंसी ▶▶ कोल्लम

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कोल्लम में महात्मा गांधी की शिवगिरि मठ यात्रा की 100वीं वर्षगांठ पर जनसभा को संबोधित किया, जहां उन्होंने श्री नारायण गुरुदेवन से मुलाकात की थी। राहुल ने कहा कि संविधान में क्षमा है, नारायण गुरुजी में क्षमा है। वर्तमान में राजनीति और अंतरराष्ट्रीय संबंध ज्ञान से दूर, अंधकार की ओर बढ़ रहे हैं। चाहे राजनीति हो या अंतरराष्ट्रीय संबंध, दूसरे व्यक्ति को समझने का कोई प्रयास नहीं किया जाता।

## इस दौरान छात्रों से संवाद भी किया

### हमारे यहां की राजनीति में भी यही हाल



आज दूसरे व्यक्ति को समझने का कोई प्रयास नहीं किया जाता, बस बम गिराकर मार डाला जाता है। हमारे यहां की राजनीति में भी यही हाल है। अगर आप किसी से सहमत नहीं होते, तो आप उस पर हमला करते हैं या हिंसक हो जाते हैं।

**राजनीति अप्रिय काम**

छात्रों से बात करते हुए राहुल ने कहा कि आप राजनीति में आना चाहते हैं, तो यह एक अप्रिय काम है। यह बहुत मुश्किल काम है।

---

अनिल अंबानी समूह एक बार फिर निशाने पर

बैंक लोन में हेराफेरी पर कार्रवाई

# डिजिटल साक्ष्य और अहम दस्तावेज जब्त,12 स्थानों पर ईडी ने मारा छापा

## 15 टीमों ने दिया इसे अंजाम

एजेंसी ▶▶ मुंबई

देश के प्रमुख कारोबारी घरानों में शुमार अनिल अंबानी समूह एक बार फिर केंद्रीय जांच एजेंसी के निशाने पर है। ईडी ने शुक्रवार सुबह रिलायंस पावर से जुड़े मुंबई और हैदराबाद के 10 से 12 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की।करीब 15 टीमों ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया, जिसमें डिजिटल साक्ष्य और महत्वपूर्ण दस्तावेजों को कब्जे में लिया गया है। यह कार्रवाई बैंक ऋणों के कथित दुरुपयोग, संदिग्ध



वित्तीय लेनदेन और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ी जांच के तहत की जा रही है। जांच एजेंसी को अंदेशा है कि बैंकों से लिए गए कर्ज के फंड को जटिल कॉरपोरेट संरचनाओं के जरिए डायवर्ट किया गया है।

### मनी लॉन्ड्रिंग और फेमा उल्लंघन का संदेह

प्रवर्तन निदेशालय इस मामले में पीएमएलए के तहत जांच कर रही है। इसके साथ ही, विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा ) के संभावित उल्लंघन की भी संभावना जताई गई है। जांचकर्ताओं को संदेह है कि समूह ने एक जटिल नेटवर्क का इस्तेमाल कर धन को इधर-उधर भेजा है। बताया जा रहा है कि अनिल अंबानी के कारोबारी समूह के खिलाफ पहले से ही तीन मनी लॉन्ड्रिंग केस दर्ज हैं।

---

प्रधानमंत्री ने बजट पश्चात वेबिनार को किया संबोधित

# कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने पर दिया जोर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम मोदी ने कृषि और ग्रामीण परिवर्तन विषय पर बजट पश्चात वेबिनार के तीसरे सत्र में प्रतिभागियों का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि बजट में दिए गए सुझावों का परिणाम दिख रहा है। कृषि भारत की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार और दीर्घकालीन विकास का स्ट्रैटेजिक पिलर है। करीब 10 करोड़ किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि के तहत 4 लाख करोड़ रुपए मिले हैं। एमएसपी सुधारों से किसानों को डेढ़ गुना तक अधिक रिटर्न मिल रहा है।

**खास बातें**

- एमएसपी सुधार और किसानों के लिए आर्थिक सुरक्षा
- किसानों से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का किया आग्रह
- पशुपालन देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था का हाई ग्रोथ पिलर



इस दौरान किसानों को समझाइश भी दी



### हाई-वैल्यू एग्रीकल्चर और फिशरीज और पशुपालन अपनाएं

पीएम मोदी ने हाई-वैल्यू एग्रीकल्चर, जैसे नारियल, काजू, कोको और चंदन पर विशेष जोर दिया। नॉर्थ ईस्ट और हिमालयन राज्यों में टेम्परेट नट और अगरवुड क्रॉप्स को बढ़ावा देने का प्रस्ताव बजट में रखा गया है।

### क्रॉप डायवर्सिफिकेशन और प्राकृतिक खेती

केवल एक ही फसल पर निर्भर रहना जोखिम भरा है। इसलिए क्रॉप डायवर्सिफिकेशन, नेचुरल फार्मिंग और केमिकल-फ्री खेती पर जोर दिया गया।

### हाईवे से आवागमन होगा आसान

पीएम मोदी ने कहा कि वैश्विक स्तर पर ऑर्गेनिक डाइट, ऑर्गेनिक फूड और समग्र स्वास्थ्य देखभाल के प्रति लोगों की रुचि बढ़ रही है। ऐसे में भारत के किसानों के लिए प्राकृतिक खेती और केमिकल-फ्री उत्पाद वैश्विक बाजारों तक पहुंचने का एक हाईवे बन सकते हैं।

### 2029 तक तीन करोड़ और लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य

उन्होंने कहा कि सरकार ने वर्ष 2029 तक तीन करोड़ और लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की आय बढ़ेगी।

जबलपुर
शनिवार 7 मार्च 2026
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष-5
वर्ष : 20, अंक : 305
पृष्ठ : 2+6+6=14 मूल्य : 3 .00 *


मौसम
अधि. 29
न्यून. 17

# हरिभूमि


मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com





10 सवालों के घेरे में नीतीश की विदाई

मैट्रो
06 परिवाद : क्यों न एफआईआर दर्ज ...


इनका नाम है-जी-स्पाइडर रोबोट

## तिरुवनंतपुरम में एआई रोबोट से नहर की सफाई



अलग खबर

**एआई-सक्षम विज़न और सेंसर तकनीक से लैस है यह रोबोट**

एजेंसी: तिरुवनंतपुरम। स्वच्छ भारत मिशन-अर्बन 2.0 के तहत तिरुवनंतपुरम नगर निगम ने शहरी स्वच्छता में बड़ा कदम उठाते हुए एआई-संचालित जी-स्पाइडर रोबोट को नहरों की सफाई के लिए तैनात किया है। यह रोबोट बिना मानव हस्तक्षेप के खतरनाक और कठिन इलाकों में सुरक्षित तरीके से कचरा हटाने में सक्षम है। केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय ने बताया कि तिरुवनंतपुरम रेलवे स्टेशन के पास अमायिझंचन नहर का हिस्सा लंबे समय से सफाई के लिहाज से चुनौतीपूर्ण रहा है। यहां ऊंचाई कम होने, लगातार पानी बहने और सुरक्षित प्रवेश बिंदु न होने के कारण पारंपरिक तरीकों से सफाई करना बेहद कठिन था। इन चुनौतियों से निपटने के लिए स्थानीय स्वशासन मंत्री एमबी राजेश ने जी-स्पाइडर रोबोट का उद्घाटन किया। यह पहल नगर निगम और टेक्नोपार्क स्थित जेनरोबोटिक इनोवेशंस के सहयोग से हुई है, जो पहले 'बैंडिकूट' नामक रोबोटिक स्कैवेंजर विकसित कर चुके हैं।






## सीएम डॉ. मोहन यादव ने यूपीएससी 2025 के टॉपर्स को बधाई दी

यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा के परिणाम जारी, 958 अभ्यर्थी सफल


# कोटा के अनुज 'ऑल इंडिया' टॉपर, टॉप 10 में मप्र के दो युवा

*आईएएस व आईपीएस बनने का सपना देखने वाले युवाओं ने अपना लक्ष्य भेद दिया। उनकी एकाग्रता ने कमाल किया और हमेशा सोशल मीडिया पर अपडेट रहने वाले व रील बनाने वालों को स्पष्ट संदेश दे दिया कि सफलता का कोई शॉर्ट कट नहीं होता*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली/ भोपाल

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा 2025 का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया गया है। इस बार कुल 958 अभ्यर्थियों ने सफलता प्राप्त की है। कोटा के पास स्थित छोटे से कस्बे रावतभाटा के 26 वर्षीय अनुज अग्निहोत्री ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में पहला स्थान हासिल कर राजस्थान का नाम रोशन किया है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपनी मां को दिया है। उनकी मां हमेशा से उनकी प्रेरणा रही हैं। उन्होंने ही उन्हें लोगों की सेवा करने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने मेडिकल क्षेत्र में पढ़ाई करते हुए एम्स जोधपुर से एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त की। डॉक्टर बनने के बाद उन्होंने प्रशासनिक सेवाओं की ओर रुख किया और फिलहाल दिल्ली, अंडमान और निकोबार सिविल सेवा में प्रोबेशनर के रूप में कार्यरत हैं।

**भोपाल के ईशान की 5वीं, धार के पक्षल की 8वीं रैंक, अशोकनगर के चितवन को 17वीं रैंक**


अनुज अग्निहोत्री


ईशान भटनागर (मप्र)


पक्षल जैन (मप्र)

***अनुज ने कहा- मां हमेशा से उनकी प्रेरणा, उन्होंने ही उन्हें लोगों की सेवा करने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया***

***सभी सफल अभ्यर्थियों का कहना कि सोशल मीडिया जैसी ध्यान भटकाने वाली चीजों से दूर रहना जरूरी, तभी मिलेगी सफलता***

### डिगे नहीं...सफल हुए...और फिर दोबारा ज्यादा सफल हुए

भोपाल के ईशान भटनागर अभी नागपुर में इंडियन रेवेन्यू सर्विस (आईआरएस) की ट्रेनिंग ले रहे हैं। ईशान के पिता मध्य प्रदेश सरकार में प्रिंसिपल एडवाइजर के तौर पर काम कर चुके हैं। अभी रिटायर हो चुके हैं। उनकी मां इंग्लिश की प्रोफेसर हैं। धार जिले के बाग कस्बे के रहने वाले पक्षल जैन ने 8वीं रैंक हासिल की है। उनके पिता नीलेश जैन कपड़ा व्यापारी हैं। मां दीप्ति जैन गृहिणी हैं। प्रक्षाल की इस सफलता से परिवार और पूरे इलाके में खुशी का माहौल है।

वैज्ञानिकों ने किया बड़ा खुलासा

## अंतरिक्ष में मिला सूरज जैसा बड़ा तारा उम्र कम, लेकिन ताकत 3 गुना ज्यादा

**वॉशिंगटन।** नासा के चंद्रा एक्स-रे ऑब्जर्वेटरी ने बेहद दुर्लभ नजारे को कैद किया है। धरती से 120 प्रकाश 3है। ये तारा बिल्कुल सूर्य जैसा है। नासा के चंद्रा एक्स-रे ऑब्जर्वेटरी ने अंतरिक्ष में युवा तारे के दुर्लभ नजारे को कैद किया है। ये तारा सूर्य जैसा ही है, लेकिन इस तारे की उम्र काफी कम है। तारे के चारों ओर गर्म गैस का बड़ा बुलबुला देखने को मिला है। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह नजारा सूर्य के बचपन को यानी (सूर्य के शुरुआती दिनों) समझने में मददगार हो सकता है। धरती से लगभग 120 प्रकाश वर्ष दूर इस तारे का नाम एचडी 61005 है। वजन और शेप में यह सूर्य के बराबर ही है।

**कैसे बनाते हैं एस्ट्रोस्फीयर**

जब किसी तारे से ताकतवर हवा निकलकर अंतरिक्ष में मौजूद धूल या फिर गैस से टकराती है तो एक गुब्बारे जैसी आकृति बन जाती है। वैज्ञानिक इसे एस्ट्रोस्फीयर कहते हैं। यह कवच सौर मंडल को बाहरी घातक किरणों से बचाने में मदद करता है। नासा ने पहली बार तारे के चारों ओर इस परत को देखा है। ये खोज काफी अहम है क्योंकि अब तक वैज्ञानिकों ने केवल अपने सौर मंडल के कवच को ही करीब से जाना था।

**10 करोड़ साल पुराना है ये तारा**



ये तारा 10 करोड़ साल पुराना है। वहीं हमारा सूर्य लगभग 460 करोड़ साल का है। सूर्य के तुलना में ये तारा अभी अपने बचपन में है। रिसर्च के अनुसार यह युवा तारा सूर्य के मुकाबले 3 गुना ज्यादा तेज और 25 गुना अधिक घना है। इस तारे के पास की डेंसिटी हमारे सौर मंडल के आसपास के इलाके से हजार गुना ज्यादा है।

**बेहद अहम है ये खोज**

जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के शोधकर्ता कैरी लिसे के अनुसार ये खोज बेहद अहम है। ये खोज हमें बता सकती है कि सूर्य का आकार समय के साथ कैसे बदला है। जैसे-जैसे सूर्य विकसित हुआ है वैसे-वैसे गैलेक्सी आगे बढ़ी, उसके सुरक्षा कवच में क्या बदलाव आए, इन सबका अंदाज युवा तारे को देखकर लगा सकते हैं।

**एस्ट्रोस्फीयर**

अंतरिक्ष में तारे के चारों ओर गर्म गैस का घेरा जो दिख रहा है वह एस्ट्रोस्फीयर है। यह वैसा ही घेरा है जो हमारे सूर्य के चारों ओर है। यह एक तरह का सुरक्षा कवच होता है।

## खबर संक्षेप

### चरित्र संदेहः पत्नी को पीट-पीटकर मार डाला

**दतिया।** जिले में गुरुवार रात एक पति ने अपनी पत्नी की लाठियों से पीट-पीटकर हत्या कर दी। मां को



पिटता देख बच्चे पड़ोस में भाग गए। सुबह जब वे घर लौटे तो उनके पिता लाश के पास डंडा लेकर बैठा था। घटना सिविल लाइंस थाना इलाके की है। मृतका का नाम आशा आदिवासी है, जो सेंवढ़ा रोड पर डेरे में रहती थी।

### वाहन की टक्कर, पिता बेटे सहित 3 की मौत

**गुना।** फतेहगढ़ थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर सड़क हादसे में पिता पुत्र और ममेरे भाई की



मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। चारों लोग एक ही बाइक पर सवार होकर गुना ट्रैक्टर खरीदने जा रहे थे। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

दो नए इंडेक्स होंगे- बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट 30 और बीएसई फोक्स्ड मिडकैप इंडेक्स

## सेबी से दो नए इंडेक्स डेरिवेटिव्स शुरू करने की बीएसई एक्सचेंज को मिली मंजूरी

**एजेंसी : नई दिल्ली।** शेयर बाजार में गुरुवार को बीएसई लिमिटेड के शेयरों में जोरदार तेजी देखने को मिली। कंपनी के शेयर शुरुआती कारोबार में 4 प्रतिशत तक उछल गए। यह तेजी इस खबर के बाद आई कि मार्केट रेगुलेटर सेबी ने एक्सचेंज को दो नए इंडेक्स पर डेरिवेटिव कॉन्ट्रैक्ट शुरू करने की मंजूरी दे दी है। ये दो नए इंडेक्स होंगे- बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट 30 और बीएसई फोक्स्ड मिडकैप इंडेक्स। इस मंजूरी के बाद बीएसई के डेरिवेटिव्स इंडेक्स की संख्या 2 से बढ़कर 4 हो जाएगी। अभी तक बीएसई के पास सिर्फ सेंसेक्स और बैंकेक्स पर ही डेरिवेटिव्स उपलब्ध थे। इसके मुकाबले एनएसई में पांच इंडेक्स डेरिवेटिव उपलब्ध हैं।




**कैपिटल मार्केट शेयरों में भी तेजी**

कैपिटल मार्केट से जुड़े शेयरों में भी मजबूती देखी गई। निफ्टी कैपिटल मार्केट इंडेक्स गुरुवार को लगभग 1.5 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार कर रहा था। इस इंडेक्स में मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और केफिन टेक्नोलॉजीज के शेयर क्रमशः करीब 2.5 प्रतिशत और 2.3 प्रतिशत तक चढ़ गए थे।

**डेरिवेटिव सेगमेंट में विस्तार**

फिलहाल बीएसई अपने बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स पर वीकली और मंथली दोनों तरह के डेरिवेटिव कॉन्ट्रैक्ट मुहैया करता है। इसके अलावा सेंसेक्स-50 और बैंकेक्स इंडेक्स पर भी मंथली एक्सपायरी वाले डेरिवेटिव कॉन्ट्रैक्ट उपलब्ध हैं। पिछले साल एक्सचेंज ने अपने सभी डेरिवेटिव कॉन्ट्रैक्ट्स की एक्सपायरी डेट को मंगलवार से बदलकर गुरुवार कर दिया था, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने मंगलवार का स्लॉट अपने पास रखा।

**डेरिवेटिव कॉन्ट्रैक्ट्स की खासियत**

इन इंडेक्स पर कैश-सेटल्ड मंथली इंडेक्स फ्यूचर्स और मंथली इंडेक्स ऑप्शंस कॉन्ट्रैक्ट उपलब्ध कराए जाएंगे। इन कॉन्ट्रैक्ट्स की एक्सपायरी हर महीने के आखिरी गुरुवार को होगी। हालांकि एक्सचेंज ने अभी यह स्पष्ट नहीं किया है कि इन दोनों इंडेक्सों पर फ्यूचर्स और ऑप्शंस कॉन्ट्रैक्ट्स की शुरुआत कब से होगी।

रेल यात्रियों के लिए चेतावनी

## बिना टिकट यात्रा करने पर होगी 6 महीने तक की जेल या जुर्माना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रेलवे ने साफ कहा है कि बिना वैध टिकट या पास के ट्रेन में यात्रा करना कानून के खिलाफ है। रेलवे एक्ट की धारा 137 के तहत ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो सकती है। इसमें जुर्माना लगने के साथ-साथ जेल की सजा भी हो सकती है। रेलवे लगातार जागरूकता अभियान चला रहा है ताकि लोग नियमों का पालन करें और कानूनी तरीके से यात्रा करें। अगर कोई व्यक्ति बिना टिकट ट्रेन में यात्रा करता हुआ पकड़ा जाता है तो उस पर जुर्माना लगाया जा सकता है, जेल की सजा हो सकती है, या दोनों सजा एक साथ भी दी जा सकती हैं, कई मामलों में जेल की सजा 6 महीने तक हो सकती है। रेलवे का कहना है कि टिकट केवल एक कागज या मोबाइल मैसेज नहीं है, बल्कि यह आपके यात्रा करने का अधिकार है। जब आप टिकट खरीदते हैं तो इससे रेलवे को यह पता चलता है कि ट्रेन में कितने लोग सफर कर रहे हैं।

रेलवे लगातार जागरूकता अभियान चला रहा



नेपाल की राजनीति में आ गया बड़ा भूचाल

## नेपाल में जेनजेड का जलवा बालेन बनाने जा रहे सरकार!

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल में हुए ऐतिहासिक आम चुनाव की मतगणना और रुझानों ने देश की राजनीति में एक बड़े भूचाल का संकेत दे दिया है। अब तक के नतीजों और रुझानों में पुरानी और पारंपरिक पार्टियों, खासकर वामपंथी धड़े (कम्युनिस्ट पार्टियों) का सूपड़ा साफ होता दिख रहा है। वहीं, युवाओं के भारी समर्थन से आगे बढ़ रही राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) एक मजबूत लहर बनकर उभरी है। बालेन शाह की पार्टी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने नेपाल चुनाव में बड़ी बढ़त बना ली है। आरएसपी 110 सीटों पर आगे चल रही है। वहीं पार्टी ने तीन सीटों पर चुनाव जीत भी लिया है। आरएसपी की रंजू दर्शना ने काठमांडू-1 शिशिर खनल ने काठमांडू-6 और बिराज भक्त श्रेष्ठ ने काठमांडू-8 में सीटें जीतीं। पूरे चुनाव का सबसे दिलचस्प और हाई-प्रोफाइल मुकाबला झापा-5 सीट पर है, जहां काठमांडू के पूर्व मेयर, रैपर और आरएसपी के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार बालेन शाह ने चार बार के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को मतों की गिनती में काफी पीछे छोड़ दिया है। पिछले साल सितंबर 2025 में हुए 'जेन जेड' आंदोलन के बाद यह पहला चुनाव है।

**रुझानों में पूर्व पीएम ओली बहुत पीछे**


बालेन शाह

**60 फीसदी वोटिंग दर्ज**

नेपाल में कल यानी 5 मार्च को प्रतिनिधि सभा (संसद के निचले सदन) की 275 सीटों के लिए मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। चुनाव आयोग ने मतपेटियों को इकट्ठा करने के तुरंत बाद वोटों की गिनती जारी है। नेपाल चुनाव आयोग के अनुसार, कल हुए चुनाव में लगभग 60% वोटिंग दर्ज की गई। देश भर में बनाए गए 10,963 मतदान केंद्रों पर वोट डाले गए। मुख्य चुनाव आयुक्त राम प्रसाद भंडारी ने कहा है कि उनका लक्ष्य 9 मार्च तक वोटों की गिनती पूरी करना है।

**माल से भरे कंटेनर न इंपोर्ट हो रहे हैं और न एक्सपोर्ट**

## ईरान युद्ध से भारत का भारी नुकसान दुबई पोर्ट पर सड़ रहीं सब्जियां-फल


**एजेंसी:नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट में छिड़ी जंग से भारत को भी भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। भारत के किसानों, आयातकों और निर्यातकों का माल दुबई पोर्ट पर फंसा है। भारत में जवाहर लाल नेहरू पोर्ट पर भी माल की लोडिंग समय पर नहीं होने से भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। 28 फरवरी से दोनों पोर्ट पर काम ठप है। माल से भरे कंटेनर न इंपोर्ट हो रहे हैं और न एक्सपोर्ट हो रहे हैं। इस वजह से भारत को करोड़ों का नुकसान होगा। मिली जानकारी के अनुसार, दुबई की जेबल अली बंदरगाह पर महाराष्ट्र से गए करीब 1000 कंटेनर फंसे हैं, जिनमें फल और सब्जियां भरी हुई हैं। सप्लाई नहीं होने के कारण यह माल सड़ रहा है। दुबई का यह बंदरगाह जेबेल अली पोर्ट मिडिल ईस्ट का सेंटर पॉइंट है। इस पोर्ट से खाड़ी देशों में शिपमेंट आती और जाती है, लेकिन पिछले एक हफ्ते से इस पोर्ट से माल खाड़ी देशों में नहीं जा रहा है और न ही माल भारत तक आ रहा है, इस वजह से नुकसान हो रहा है।

नीतीश के बदले 'नीतीश' देगी भाजपा!

## नीतीश मिश्रा का नाम रेस में आगे... डिप्टी सीएम सम्राट से विजय सिन्हा तक के नामों की भी चर्चा

एजेंसी ▶▶ पटना

करीब ढाई दशक तक बिहार की राजनीति की धुरी



और दो दशक तक मुख्यमंत्री रहे नीतीश कुमार अब अपना पद छोड़ने जा रहे हैं। नीतीश कुमार गुरुवार को राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल करते हुए एक बार फिर राष्ट्रीय राजनीति की ओर से बढ़ चले हैं। उनके नामांकन के साथ ही यह साफ हो गया है कि बिहार को नया मुख्यमंत्री मिलने जा रहा है, जो पहली बार भाजपा के कोटे से होगा।

***भाजपा को पिछले कुछ चुनावों में मिथिलांचल में भारी बहुमत मिला, 'नीतीश' मिश्रा वहीं से***



**क्यों नीतीश मिश्रा का नाम रेस में शामिल**

9 जुलाई 1973 को जन्मे नीतीश मिश्रा की गिनती बिहार के युवा और पढ़े लिखे नेताओं में होती है। साफ-सुथरी छवि के नीतीश मिश्रा की मिथिलांचल में जमीनी स्तर पर अच्छी पकड़ है। नीदरलैंड और यूके से पढ़ाई कर चुके नीतीश मिश्रा कई विभागों के मंत्री रहे हैं और इसलिए अनुभव के मोर्चे पर भी वह मजबूत दिखते हैं।

ईरान-इजरायल युद्ध में जवान बेटा खो दिया, अब तक नहीं मिला है शव

## मेरे बेटे का शव ही दे दो... दर-दर भटक रहे दीक्षित के पिता

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई के महावीर नगर में दीक्षित सोलंकी के घर पर इन दिनों एक अजीब सा सन्नाटा पसरा हुआ है। दीक्षित की तस्वीर एक लकड़ी के स्टॉल पर लाल कपड़े से ढककर रखी हुई है। उनके पिता अमृतलाल चुपचाप गुमसुम बैठे हुए हैं। न उन्हें शुभचिंतकों की बातों से कोई फर्क पड़ रहा है और न ही मीडिया के सवालों से। 64 वर्षीय अमृतलाल को बताया जा चुका है कि उनके 32 साल के बेटे दीक्षित की मौत हो चुकी है। दरअसल, ईरान की तरफ से एक टैंकर एमकेडी व्योम पर हमला किया गया था। इस हमले में दीक्षित की जान चली गई। हालांकि, उनका शव अभी तक नहीं मिला है। एक चैनल से बात करते हुए दीक्षित के पिता कहते हैं, 'मुझे अभी तक अपने बेटे की मौत की कोई स्पष्ट तस्वीर नहीं मिली है। लगातार मुझे घुमाया जा रहा है। कोई भी सही जानकारी नहीं दे रहा है।'

**खास बातें**

- मुंबई के सोलंकी परिवार के घर पसरा है अजीब सा सन्नाटा
- लकड़ी के स्टॉल पर कपड़े से ढककर रखी है दीक्षित की तस्वीर





**1 मार्च को हुआ था अटैक**

1 मार्च को एमकेडी व्योम पर हमला किया गया था। कहा जा रहा है कि यह हमला ईरान की ओर से किया गया। हमले के बाद टैंकर में आग लग गई और फिर जोरदार धमाका हुआ। जिस समय यह धमाका हुआ, उस वक्त दीक्षित सोलंकी इंजन रूम में मौजूद थे और वहीं उनकी मौत हो गई। अब इस घटना को पांच दिन बीत चुके हैं, लेकिन परिवार को अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि उनके बेटे का शव मिला है या नहीं।

## ट्रंप को ईरान के विदेश उप मंत्री सईद खतीबजाह की दो टूक

# न्यूयॉर्क का मेयर चुन नहीं सकते, तेहरान पर दावा कर रहे




डॉ. खतीबजादेह ने कहा कि अमेरिका और इजराइल की संयुक्त कार्रवाई ईरान के अस्तित्व को समाप्त करने की एक सोची-समझी साजिश है। उन्होंने इस संघर्ष को 'वीरतापूर्ण, राष्ट्रवादी युद्ध' बताया, जिसका उद्देश्य आक्रामक शक्तियों को पीछे धकेलना है। उन्होंने कहा कि ईरान को अपनी रक्षा के लिए कड़े कदम उठाने होंगे

**ईरान को समाप्त करने की एक सोची समझी साजिश है**


डॉ. सईद खतीबजादेह

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में अमेरिका और इजराइल के साथ बढ़ते संघर्ष के बीच ईरान के उप विदेश मंत्री डॉ. सईद खतीबजादेह ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। दिल्ली में रायसीना डायलॉग 2026 में बोलते हुए उन्होंने कहा कि तेहरान के पास आक्रामक शक्तियों के खिलाफ जहां से भी अमेरिकी हमले शुरू हो रहे हैं, उन्हें निशाना बनाने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। डॉ. खतीबजादेह ने कहा कि अमेरिका और इजराइल की संयुक्त कार्रवाई ईरान के अस्तित्व को समाप्त करने की एक सोची-समझी साजिश है।

उन्होंने इस संघर्ष को 'वीरतापूर्ण, राष्ट्रवादी युद्ध' बताया, जिसका उद्देश्य आक्रामक शक्तियों को पीछे धकेलना है। उन्होंने कहा कि ईरान को अपनी रक्षा के लिए कड़े कदम उठाने होंगे। डॉ. खतीबजादेह ने ट्रंप पर निशाना साधते हुए कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ईरान में नेतृत्व परिवर्तन की मांग कर रहे हैं, जबकि वे न्यूयॉर्क के मेयर की नियुक्ति तक नहीं कर सकते। क्या आप इस औपनिवेशिक रवैये की कल्पना कर सकते हैं? एक ओर वे अपने देश में लोकतंत्र देखना चाहते हैं, वहीं दूसरी ओर वे ईरान के लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित राष्ट्रपति को पद से हटाना चाहते हैं।'

युद्ध के पीछे 'सत्ता की राजनीति' और 'ग्रेटर इजराइल' का भ्रम

ईरान फारस की खाड़ी में अमेरिकी उपस्थिति को समाप्त करेगा


ईरान ने अजरबैजान के नखचिवान अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर ड्रोन से हमला किया

### कार्रवाई अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ

*ईरान के उप-विदेश मंत्री ने अमेरिका और इजराइल की कार्रवाइयों को अंतरराष्ट्रीय कानूनों और मानदंडों के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा कि ईरान की ओर से किसी भी प्रकार का उकसावा नहीं हुआ था। उन्होंने इस आक्रामकता के पीछे 'सत्ता की राजनीति और 'ग्रेटर इजराइल' के भ्रम' को जिम्मेदार ठहराया। खतीबजादेह ने कहा कि अमेरिका ने ईरान के अस्तित्व को समाप्त करने का फैसला किया है, जबकि इजराइल दशकों से 'ग्रेटर इजराइल' के अपने भ्रम के कारण इसका वादा करता रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि ईरान के पास फारस की खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी उपस्थिति को समाप्त करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।*

### ईरान लंबे युद्ध के लिए तैयार: नैनी




इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) के एक प्रवक्ता ने कहा कि ईरान लंबे युद्ध के लिए पूरी तरह तैयार है और ऐसे एडवांस्ड हथियार लाने वाला है जिनका अभी तक इस लड़ाई में इस्तेमाल नहीं हुआ है। एक बयान में ब्रिगेडियर जनरल अली मोहम्मद नैनी ने कहा कि ईरान के दुश्मनों को आने वाले हमलों की नई लहर में दर्दनाक वार की उम्मीद करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ईरान की नई कोशिशें और हथियार आने वाले हैं। इन टेक्नोलॉजी का अभी बड़े पैमाने पर इस्तेमाल नहीं किया गया है।

### भारत ने दी खामेनेई को श्रद्धांजलि



नई दिल्ली में ईरानी दूतावास में गुरुवार को एक विशेष शोक पुस्तिका रखी गई, जिसमें भारत सरकार की ओर से विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने हस्ताक्षर कर ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई की मौत पर संवेदना जताई। विदेश सचिव ने इस मौके पर ईरान के उपविदेश मंत्री सईद खतीबजादेह से भी मुलाकात की। खतीबजादेह भी शोक पुस्तिका में हस्ताक्षर करने के लिए दूतावास पहुंचे थे। हालांकि भारत ने अब तक खामेनेई की मौत पर सीधे कोई तीखी प्रतिक्रिया नहीं दी थी। ऐसे में विदेश सचिव का दूतावास जाकर शोक व्यक्त करना उनकी मौत की भारत की पहली आधिकारिक स्वीकारोक्ति माना जा रहा है।

### अमेरिका ने ईरान के 30 जहाजों को डुबोया




एक शीर्ष अमेरिकी सैन्य अधिकारी ने एडमिरल ब्रैड कूपर कहा कि अमेरिका ने युद्ध के दौरान 30 से अधिक ईरानी जहाजों को डुबो दिया है, जबकि तेहरान की सेनाओं द्वारा बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन हमलों में काफी कमी आई है। कूपन ने बताया कि 30 से अधिक जहाज डुबो दिए हैं, और पिछले कुछ घंटों में ही हमने एक ईरानी ड्रोन वाहक पोत को निशाना बनाया है, जिसका आकार लगभग द्वितीय विश्व युद्ध के विमानवाहक पोत के बराबर है।

### इजराइल का दक्षिणी बेरूत में कई जगह हमला

*इजराइल सेना का दावा है कि उसने दक्षिणी बेरूत के धाहियेह इलाके में 26 राउंड हमले किए हैं। सेना ने बताया कि उसने हिज्बुल्ला के इस्तेमाल किए जाने वाले अलग-अलग इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाया है, जिसमें समूह की कार्यकारी परिषद का मुख्यालय और ड्रोन वाला एक वेयरहाउस शामिल है। वहीं लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार सोमवार से बेरूत समेत लेबनान पर हुए हमलों में कुल 123 लोग मारे गए हैं और 683 घायल हुए हैं।*

### स्कूल पर हमले की जांच हो: यूएन


अमेरिका का तेहरान पर हमला जारी

*28 फरवरी से शुरू हुई जंग का आत सातवां दिन है। ऐसे में रोजाना मृतकों का आंकड़ा बढ़ रहा है। ईरानी रेड क्रिसेंट की रिपोर्ट के अनुसार अब तक अमेरिका और इजराइल के हमलों में ईरान में कम से कम 1,332 लोग मारे गए हैं। वहीं, लेबनान में 100 से ज्यादा और इजराइल में करीब एक दर्जन लोगों की जान जा चुकी है। वहीं, संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार प्रमुख वोल्कर तुर्क ने ईरान के स्कूल में हुए हमले की जल्द जांच कराने की अपील की। इस हमले में 175 लोगों की मौत हो गई थी। तुर्क ने जिनेवा में कहा कि अमेरिका ने इस हमले की जांच की घोषणा की है। संयुक्त राष्ट्र चाहता है कि यह जांच जल्द, पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से पूरी की जाए। इसके साथ ही हमले के लिए जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय होनी चाहिए। पीड़ितों को न्याय और उचित मुआवजा भी मिलना चाहिए। इस बीच, अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका मिनाब में हुए इस हमले की जांच कर रहा है।*

### ईरान ने स्कूल पर किया हमला: अजरबैजान


अजरबैजान के जुफिया शहर में ईरान के हमले से क्षतिग्रस्त स्कूल

दक्षिण काकेशस क्षेत्र में भी तनाव बढ़ गया है। अजरबैजान ने आरोप लगाया है कि ईरान के ड्रोन ने उसके नखचिवान क्षेत्र में हमला किया, जिससे एक एयरपोर्ट की इमारत को नुकसान हुआ और चार लोग घायल हो गए। अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव ने इसे आतंक और आक्रामकता बताया और कहा कि सेना को जवाबी कार्रवाई के लिए तैयार रहने का आदेश दिया गया है। राष्ट्रपति ने कहा कि जुफिया में एक स्कूल पर ईरान ने हमला किया है। हालांकि ईरान ने इन आरोपों से इनकार करते हुए कहा है कि उसने अजरबैजान की ओर कोई ड्रोन नहीं भेजा।

### सऊदी अरब और जॉर्डन ने ईरानी ड्रोन मार गिराए

सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि रियाद के पूर्व में ईरान के तीन ड्रोन नष्ट कर दिए हैं। वहीं, जॉर्डन के इरबिद शहर में हवाई रक्षा बलों ने कई ड्रोन मार गिराए हैं। बहरीन की राजधानी मनामा पर रात भर हुए हमलों में शहर के फाइनेंशियल हार्बर टावर्स वाणिज्यिक परिसर को निशाना बनाया गया। परिसर पर हमला इसलिए किया गया क्योंकि शहर में इजराइली दूतावास वहीं स्थित था। परिसर के आसपास एक ईरानी ड्रोन को रोका गया और नष्ट कर दिया गया।

### ईरान के हमले में कुवैत के 67 जवान घायल

ईरान के हमले में कुवैत के 67 जवान घायल हो गए हैं। वहीं सैकड़ों मिसाइलें और ड्रोन टारगेट पर पहुंचने से पहले ही नष्ट कर दिए हैं। कुवैत के रक्षा मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता सऊद अल-अतवान ने कहा कि घायल लोगों का अस्पताल में इलाज जारी है और उनकी हालत स्थिर है। उन्होंने आगे कहा कि दो लोगों को अभी भी मेडिकल निगरानी में रखा गया है।

### अमेरिका के पास 20 दिन का तेल!



ईरान से युद्ध के बीच अमेरिका में भी हाहाकार मची हुई है। ट्रंप की एक गलती से अमेरिका का तेल का भंडार तेजी से खाली हो रहा है। अमेरिका का स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व 1974 में बनाया गया था। इसका मकसद किसी भी बड़े युद्ध या संकट के समय देश में तेल की सप्लाई को बनाए रखना था। हालिया रिपोर्ट बताती है कि अमेरिका का यह रिजर्व अपनी कुल क्षमता 71.4 करोड़ बैरल के मुकाबले सिर्फ 41.5 करोड़ बैरल पर सिमट गया है। यह स्टॉक अमेरिका की जरूरतों के हिसाब से सिर्फ 20 दिनों के लिए ही काफी है। यूएस डिपार्टमेंट ऑफ एनर्जी के मुताबिक, इस खाली पड़े खजाने को फिर से भरने के लिए करीब 20 बिलियन डॉलर यानी भारी-भरकम रकम की जरूरत है। टेक्सास और लुइसियाना में बने अंडरग्राउंड स्टोरेज सेंटर्स में मेंटेनेंस का काम भी पेंडिंग पड़ा है। फंड की कमी की वजह से तेल की रिफिलिंग का काम सुस्त हो गया है।

---

## खबर संक्षेप

### इंडोनेशिया में बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन



**जकार्ता।** इंडोनेशिया की संचार और डिजिटल मामलों की मंत्री मेउत्या हाफिद ने कहा कि देश में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाया जाएगा। हाफिद ने कहा कि उन्होंने एक सरकारी नियम पर हस्ताक्षर किए हैं, 16 साल से कम उम्र के बच्चे अब यूट्यूब, टिकटॉक, फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स, बिगो लाइव और रोब्लोक्स पर अकाउंट नहीं बना सकेंगे।

### ईडी ने 441 करोड़ रुपए की संपति कुर्क की



**अमरावती।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कहा कि उसने आंध्र प्रदेश शराब घोटाले में शामिल विभिन्न आरोपियों की 441 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति कुर्क कर ली है। यह घोटाला राज्य में पिछली वाईएसआरसीपी सरकार के दौरान हुआ था। जब्त की गई संपत्तियों में मुख्य आरोपी केसिरेड्डी राजशेखर रेड्डी, उनके परिवार के सदस्यों और संबंधित संस्थाओं की चल अचल संपत्तियां शामिल हैं।

### महिला का दावा उसके साथ ट्रंप ने किया था शोषण



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के न्याय विभाग ने एपस्टीन फाइल्स को लेकर एक महिला ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। महिला ने जांचकर्ताओं को बताया कि जब वह 13 से 15 वर्ष की थी, तो एपस्टीन एक बार उसे न्यूयॉर्क या न्यू जर्सी ले गया था। वहां एक बड़ी इमारत में उसकी मुलाकात ट्रंप से हुई थी।

---

## वैश्विक तनाव के बीच रायसीना डायलॉग 2026 में बोले विदेश मंत्री एस. जयशंकर

# कोई देश अब खुद को नहीं कह सकता सर्वोच्च ताकत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वैश्विक तनाव के बीच विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि आज कोई भी देश पूरी तरह से हावी नहीं है। रायसीना डायलॉग 2026 में बोलते हुए विदेश मंत्री ने पिछले सात दशकों में वैश्विक शासन के विकसित होते स्वरूप पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जब हम इन 70 वर्षों को पीछे मुड़कर देखते हैं, तो मुझे लगता है कि 1945 या 1989 को हमेशा के लिए स्थिर करने की उम्मीद एक बहुत ही अवास्तविक उम्मीद थी। उन्होंने कहा कि 1945 या 1989 के बाद बने विश्व व्यवस्था को हमेशा के लिए बनाए रखने की उम्मीद करना अवास्तविक था। उन्होंने कहा कि पिछले 70 साल को अगर इतिहास के नजरिए से देखें तो यह भारत के हजारों साल के इतिहास का सिर्फ एक छोटा हिस्सा है, इसलिए दुनिया का बदलना स्वाभाविक है।



विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर

### वैश्विक व्यवस्था में बदलाव के पीछे दो बड़ी ताकतें

जयशंकर ने कहा कि वैश्विक व्यवस्था में बदलाव के पीछे दो बड़ी ताकतें काम कर रही हैं तकनीक (टेक्नोलॉजी) और जनसंख्या का स्वरूप (डेमोग्राफी)। आने वाले दशक में यही दोनों कारक दुनिया की दिशा तय करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि आज वैश्विक राजनीति का विश्लेषण अक्सर अमेरिका के इर्द-गिर्द किया जाता है, लेकिन वास्तविकता यह है कि दुनिया धीरे-धीरे कई ताकतों में बंट रही है। अब कोई भी देश ऐसा नहीं है, जो हर क्षेत्र-जैसे अर्थव्यवस्था, सैन्य शक्ति, तकनीक या कूटनीति में पूरी तरह से हावी हो।

### ताकत का मतलब जीडीपी नहीं

*विदेश मंत्री के मुताबिक आज ताकत का मतलब सिर्फ जीडीपी या सैन्य शक्ति नहीं रह गया है। दुनिया के अलग-अलग हिस्से अलग-अलग क्षेत्रों में मजबूत हो रहे हैं, इसलिए वैश्विक शक्ति अब कई देशों और क्षेत्रों में फैली हुई है।*

### भविष्य 'मल्टीपोलर' होने वाला

*जयशंकर ने कहा कि जीवन लगातार आगे बढ़ता है और अतीत के प्रति अत्यधिक लगाव ने उन ताकतों को नजरअंदाज कर दिया जो बदलाव ला रही थीं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि भविष्य बहुत अधिक 'मल्टीपोलर' होने वाला है। उनके मुताबिक, आज दुनिया में कोई भी ऐसा देश नहीं है, जिसके पास इतने सारे क्षेत्रों में प्रभुत्व हो कि वह संपूर्ण 'हेजेमोन' (सर्वाधिकार संपन्न शक्ति) बन सके। यह केवल जीडीपी या क्षमताओं के वितरण के बारे में नहीं है, बल्कि दुनिया के अलग-अलग हिस्से अलग-अलग डोमेन में अधिक योगदान देंगे या उनकी क्षमताएं अधिक होंगी। शक्ति अब अपने विभिन्न आयामों में बहुत अधिक फैल चुकी है।*

### भारत अपनी भूमिका को लेकर तैयार

*विदेश मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि मौजूदा वक्त में विश्लेषण का एक बड़ा हिस्सा अमेरिका में हो रहे बदलावों के इर्द-गिर्द केंद्रित है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दुनिया को उन ताकतों को पहचानना होगा, जो परिवर्तन को बढ़ावा दे रही हैं। उन्होंने इशारा किया कि ग्लोबल ढांचे में बदलाव को स्वीकार करना ही प्रगति का एकमात्र रास्ता है। भारत इस नई और उभरती हुई विश्व व्यवस्था में अपनी भूमिका को लेकर तैयार है, जहां शक्ति का विकेंद्रीकरण हो चुका है।*

---

## मैरीटाइम कॉन्क्लेव में बोले राजनाथ

# पशिचम एशिया में हो रहे घटनाक्रम 'बेहद असामान्य', अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा असर

एजेंसी ⏭ कोलकाता

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष का जिक्र करते हुए शुक्रवार को कहा कि बदलती भू-राजनीति के इस दौर में महासागर एक बार फिर दुनिया के शक्ति संतुलन के केंद्र में आ गए हैं और भारत की जिम्मेदारी है कि वह आत्मविश्वास एवं क्षमता के साथ नेतृत्व प्रदान करे। सिंह ने यहां मैरीटाइम कॉन्क्लेव 'सागर संकल्प' को संबोधित करते हुए कहा कि पश्चिम एशिया में जो हो रहा है, वह बेहद असामान्य है। इस समय इस पर कोई ठोस टिप्पणी करना कठिन है कि पश्चिम एशिया में परिस्थितियां आगे किस दिशा में जाएंगी। यदि हम होर्मुज जलडमरूमध्य या फारस की खाड़ी के पूरे क्षेत्र को देखें तो यह दुनिया की ऊर्जा सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र है। जब इस क्षेत्र में अशांति या व्यवधान होता है तो इसका सीधा असर तेल और गैस की आपूर्ति पर पड़ता है। आज हम केवल ऊर्जा क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी आपूर्ति शृंखला में व्यवधान देख रहे हैं। इन अनिश्चितताओं का सीधा प्रभाव अर्थव्यवस्था और वैश्विक व्यापार पर पड़ता है।


रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

### महासागर शक्ति के केंद्र में

*राजनाथ सिंह ने कहा कि बदलती वैश्विक भू-राजनीति के इस दौर में महासागर एक बार फिर दुनिया के शक्ति संतुलन के केंद्र में आ गए हैं। ऐसे समय में एक प्रमुख समुद्री राष्ट्र के रूप में भारत की जिम्मेदारी है कि वह आत्मविश्वास, क्षमता और स्पष्ट दृष्टिकोण के साथ नेतृत्व प्रदान करे। उन्होंने कहा कि पहले समुद्र को सिर्फ व्यापार का एक जरिया माना जाता था, लेकिन आज हम उन्हें रणनीतिक दबदबे का केंद्र बनते हुए देख सकते हैं। वैश्विक स्तर पर बदलाव हो रहा है। पुरानी सोच, ग्लोबल ऑर्डर और मान्यताएं टूट रही हैं और हमें इन अनिश्चितताओं को समझना होगा। उन्होंने कहा कि आज जीवन के लगभग हर क्षेत्र में टेक्नोलॉजी अभूतपूर्व परिवर्तन ला रही है।*

---

## भारत-फिनलैंड के बीच एमओयू

# पर्यावरण सहयोग के तहत स्वच्छ ऊर्जा और अपशिष्ट प्रबंधन पर जोर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत और फिनलैंड के बीच पर्यावरण सहयोग को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। दोनों देशों ने वर्ष 2020 में हस्ताक्षरित पर्यावरण सहयोग से जुड़े समझौता ज्ञापन का नवीनीकरण किया है, जिससे प्रदूषण नियंत्रण, अपशिष्ट प्रबंधन, चक्रीय अर्थव्यवस्था और जलवायु कार्रवाई के क्षेत्रों में साझेदारी को और मजबूती मिलेगी। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने एक्स पर जानकारी साझा करते हुए कहा कि फिनलैंड सरकार की जलवायु एवं पर्यावरण मंत्री सुश्री सारी


सारा मुलताला और भूपेंद्र यादव

मुलताला से मुलाकात करके मुझे बेहद खुशी हुई। भारत ने जलवायु परिवर्तन पर सहयोग को और मजबूत करने के लिए 2020 में हस्ताक्षरित पर्यावरण सहयोग समझौता ज्ञापन का नवीनीकरण किया है। बैठक के दौरान, चक्रीय अर्थव्यवस्था, स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन, सतत गतिशीलता और अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित विषयों पर सार्थक चर्चा की।

---

## ट्रेनिंग मिशन पर था वायुसेना का विमान सुखोई एसयू-30 फाइटर जेट

# असम में क्रैश, दोनों पायलटों की मौत, सेना ने जताई संवेदनाएं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना (आईएएफ) का फाइटर जेट सुखोई एसयू-30एमकेआई गुरुवार रात असम के कार्बी आंगलोंग जिले में क्रैश हो गया। इस हादसे में वायुसेना के दोनों पायलट की मौत हो गई है। भारतीय वायुसेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट में बताया कि आईएएफ ने बताया कि एसयू-30एमकेआई फाइटर जेट ट्रेनिंग मिशन पर था, जो कि जोरहाट से लगभग 60 किलोमीटर दूर असम के कार्बी आंगलोंग इलाके में क्रैश हुआ। आईएएफ स्क्वाड्रन लीडर अनुज और फ्लाइट लेफ्टिनेंट पुरवेश दुरगकर के निधन पर दुख जताता है, जिन्हें एसयू-30 क्रैश में जानलेवा चोटें आईं। आईएएफ के सभी कर्मचारी गहरी संवेदना जताते हैं, और इस दुख की घड़ी में दुखी परिवार के साथ मजबूती से खड़े हैं।

दुरागकर ऑपरेशन सिंदूर का हिस्सा थे


स्क्वाड्रन लीडर अनुज


फ्लाइट लेफ्टिनेंट पुरवेश दुरगकर

### गुरुवार रात गायब हुआ था विमान

*भारतीय वायुसेना ने बीते दिन गुरुवार, 5 मार्च को रात 9 बजकर 34 मिनट पर फाइटर जेट के गायब होने की खबर दी थी। इस फाइटर जेट ने असम के जोरहाट से उड़ान भरी थी और आखिरी बार शाम 7 बजकर 42 मिनट पर संपर्क में आया था। एसयू-30एमकेआई एक दो-सीटर फाइटर जेट है जिसे रूसी एयरक्राफ्ट बनाने वाली कंपनी सुखोई ने बनाया है। इस फाइटर जेट के गायब होने के साथ ही आईएएफ ने सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया था।*

### बेटे ने देश की सेवा में बलिदान दिया



*फ्लाइट लेफ्टिनेंट पुरवेश दुरागकर के पिता रविंद्र दुरागकर ने कहा कि उनका बेटा ऑपरेशन सिंदूर का हिस्सा था, यह बात हमें ऑपरेशन सिंदूर को रोके जाने के 15 दिन बाद पता चली। उस दौरान हमारा उससे कोई संपर्क नहीं था। उन्होंने कहा कि मेरे बेटे ने देश की सेवा में अपना बलिदान दिया। सभी को उससे प्रेरणा लेनी चाहिए। बेटे ने स्कूली शिक्षा नागपुर से ली थी और उनकी अभी शादी नहीं हुई थी। उनके परिवार माता-पिता और एक बहन जीवित हैं, जो अमेरिका में रहती हैं।*

### अनुज की शादी की तैयारियां चल रही थीं



*अनुज वशिष्ठ के मामा व हरियाणा पुलिस से सेवानिवृत इंस्पेक्टर चंद्रप्रकाश भारद्वाज ने कहा कि अनुज की शादी की तैयारी घर में जोर-शोर से चल रही थी। रिश्तेदारों का आना-जाना लगा हुआ था और परिवार के सदस्य शादी की तैयारियों में व्यस्त थे। जल्द ही उनकी शादी होने वाली थी। उनके मामा ने कहा कि अनुज वशिष्ठ गुरुग्राम के सेक्टर-22 के निवासी थे। उनके पिता आनंद कुमार सेना में सुबेदार रह चुके हैं। अनुज ने बीटेक करने के बाद टीसीएस कंपनी में कुछ ही समय तक काम किया। करीब दस वर्ष पहले भारतीय वायुसेना ज्वाइन की थी।*

# वर्ष 1925 में लगाया गया पौधा आज वटवृक्ष बन चुका है: सीएम

# 'शतक' फिल्म देखने पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन, कहा- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की यात्रा राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा



सिनेमाघर में फिल्म शतक देखते सीएम।



युवती के साथ चर्चा करते मुख्यमंत्री डॉ. यादव। साथ में विधायक शर्मा और भाजपा प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी।

**हरिभूमि न्यूज:भोपाल ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सिनेमाघर पहुंचे, जहां उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर बनी फिल्म 'शतक' देखी। मुख्यमंत्री ने फिल्म देखने के बाद कहा कि वर्ष 1925 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना से लेकर वर्तमान समय तक की यात्रा को फिल्म में प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया है।

सीएम ने कहा कि संघ के प्रथम सरसंघचालक केशव बलिराम हेडगेवार ने आजादी के समय ही यह परिकल्पना कर ली थी कि स्वतंत्रता के बाद देश किस दिशा में आगे बढ़ेगा। इसी सोच के साथ उन्होंने संगठन की स्थापना की और देशभक्त बालकों के साथ शाखाएं प्रारंभ कीं।

## मुख्यमंत्री ने फिल्म निर्माता को शुभकामनाएं दी

मुख्यमंत्री ने कहा कि हेडगेवार ने प्रारंभिक दौर में कांग्रेस के साथ भी कार्य किया, लेकिन बाद में अपने विचारों के अनुरूप अलग मार्ग अपनाया। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि पंडित मदन मोहन मालवीय से लेकर महात्मा गांधी और अन्य क्रांतिकारियों के साथ भी उन्होंने विभिन्न चरणों में कार्य किया। मुख्यमंत्री ने फिल्म निर्माता को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 1925 में लगाया गया पौधा आज वटवृक्ष बन चुका है, और उसकी यात्रा को समझने के लिए सभी को यह फिल्म अवश्य देखनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद राष्ट्र निर्माण में संघ ने सराहनीय भूमिका निभाई है। बाढ़, भूकंप और अन्य आपदाओं के समय भी संगठन ने उल्लेखनीय सेवा कार्य किए हैं। यह फिल्म युवाओं के लिए प्रेरणादायक है और राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया को समझने का अवसर देती है।




## खबर संक्षेप

### किराए के वाहन ले सकेंगे वित्त अधिकारी

**भोपाल।** वित्त विभाग ने अपने अधिकारियों को बड़ी सुविधा दी है। अब कोष एवं लेखा विभाग के अधिकारियों को किराए पर वाहन उपलब्ध कराने की अनुमति दी गई है। वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह सुविधा 1 अप्रैल 2026 से लागू होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की पहल पर राज्य शासन ने मंजूरी दी है। सरकार का मानना है कि इससे फील्ड स्तर पर कार्यों की निगरानी और वित्तीय प्रबंधन से जुड़े कामों में तेजी आएगी।

### पीएचक्यू से बाहर तैनात होने की चल रही तैयारी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के पुलिस मुख्यालय से कई अधिकारी बाहर निकलना चाहते हैं। यही कारण है कि मुख्यालय से बाहर निकालने की जद्दोजहद शुरू कर दी है। सागर जोन में नए पुलिस महानिरीक्षक की नियुक्ति को लेकर प्रशासनिक हलकों में हलचल तेज हो गई है। वर्तमान आईजी हिमानी खन्ना 31 मार्च को सेवानिवृत्त होने जा रही हैं। ऐसे में उनके स्थान पर किस वरिष्ठ अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी, इसे लेकर मंथन जारी है। सूत्रों के अनुसार, संभावित नामों में आईजी योजना अपूर्व सिंह, आईजी एससीआरबी हरिनारायण चारी मिश्र, आईजी इंटेलिजेंस डॉ. आशीष और आईजी प्रशासन रविचंद्रन मिश्रा शामिल बताए जा रहे हैं। चर्चा है कि आवश्यकता पड़ने पर एडीजी रैंक के अधिकारी को भी सागर जोन की कमान सौंपी जा सकती है। सागर जोन को प्रदेश का संवेदनशील और महत्वपूर्ण क्षेत्र माना जाता है। यहां कानून-व्यवस्था के साथ-साथ अवैध खनन और सीमावर्ती जिलों की निगरानी जैसी चुनौतियां रहती हैं।

### सीएम ने किया प्रो. लाभ के निधन पर दुःख व्यक्त

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. वैद्यनाथ लाभ के निधन पर दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रो. लाभ, अकादमिक क्षेत्र में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा की समृद्धि के लिए निरंतर कार्यरत रहे।उनका निधन शिक्षा जगत की अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और उनके शोकाकुल परिजन को यह दुःख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की है।

### बार-बार मरम्मत की जरूरत कम होगी और दीर्घकाल में रखरखाव खर्च घटेगा

# सड़कों को टिकाऊ बनाने गुणवत्ता निगरानी होगी सख्त, थर्ड पार्टी ऑडिट से बढ़ेगी उम्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश में सड़क निर्माण को अधिक टिकाऊ, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए सरकार ने नई तकनीकों और सख्त मॉनिटरिंग व्यवस्था पर जोर देना शुरू कर दिया है। लक्ष्य है कि सड़कों की औसत आयु 5-7 वर्ष से बढ़ाकर 10-15 वर्ष तक की जाए, जिससे बार-बार मरम्मत की जरूरत कम हो और दीर्घकाल में रखरखाव खर्च घटे। सूत्रों के अनुसार निर्माण प्रक्रिया में संशोधित बिटुमिन, जियो-टेक्सटाइल लेयर और सीमेंट ट्रीटेड बेस जैसी उन्नत तकनीकों का उपयोग बढ़ाया जाएगा।

शहरी क्षेत्रों में वैज्ञानिक ड्रेनेज डिजाइन को अनिवार्य किया जा रहा है, ताकि बारिश के दौरान जलभराव से सड़कों को होने वाले नुकसान को रोका जा सके। पूर्व चीफ इंजीनियर बीपी पटेल का कहना है कि यदि नई तकनीकों का सही और मानक अनुसार उपयोग किया जाए तो सड़कों की आयु दोगुनी हो सकती है। इससे न केवल मजबूती बढ़ेगी, बल्कि गड्ढों और फिसलन की समस्या कम होने से सड़क हादसों में भी कमी आएगी।



फाइल फोटो

### नई तकनीकें: क्या बदल रहा है?

**व्हाइट टॉपिंग:** पुरानी डामर सड़क पर सीमेंट कंक्रीट की परत बिछाई जाएगी। फायदा: 15–20 वर्ष की आयु, कम मेंटेनेंस।
**माइक्रो सरफेसिंग:** पॉलिमर मिश्रित पतली परत डाली जाएगी। फायदा: दरारें कम, फिसलन में कमी।
**ग्लास ग्रिड तकनीक:** सड़क की परतों के बीच फाइबर ग्लास जाल। फायदा: रिफ्लेक्टिव क्रैकिंग कम।
**वेस्ट प्लास्टिक मिश्रित सड़क:** प्रोसेस किए गए प्लास्टिक को बिटुमिन में मिलाया जाएगा। फायदा: पर्यावरण संरक्षण, जलरोधक क्षमता और मजबूती में वृद्धि।

### गुणवत्ता नियंत्रण के प्रमुख उपाय

- निर्माण सामग्री की अनिवार्य लैब टेस्टिंग
- बिटुमिन, एग्रीगेट और कंक्रीट की नियमित जांच
- जीपीएस आधारित रीयल-टाइम प्रोजेक्ट ट्रैकिंग
- ऑनलाइन प्रगति रिपोर्टिंग सिस्टम
- स्वतंत्र एजेंसी द्वारा थर्ड पार्टी ऑडिट
- इंजीनियरों और ठेकेदारों की स्पष्ट जवाबदेही

### सख्त कार्रवाई के प्रावधान

सरकार ने स्पष्ट किया है कि मानकों से समझौता करने पर संबंधित एजेंसी पर जुर्माना लगाया जाएगा और जरूरत पड़ने पर ब्लैकलिस्ट भी किया जाएगा। ठेकेदारों की बैंक गारंटी कार्य पूर्ण होने के बाद तय अवधि तक जमा रहेगी और मेंटेनेंस की जिम्मेदारी भी अनुबंध में तय की जाएगी। सरकार का मानना है कि तकनीकी नवाचार और सख्त निगरानी के संयुक्त प्रयास से प्रदेश में सड़क अधोसंरचना की गुणवत्ता में व्यापक सुधार होगा और आम नागरिकों को बेहतर एवं सुरक्षित यातायात सुविधा मिल सकेगी।

### कैग ने भी 47 करोड़ रुपए की क्षति पर उठाई आपत्ति

## पीडब्ल्यूडी ने डूब क्षेत्र में बना दी 23 किमी लंबी सड़क

पीडब्ल्यूडी ने जल संसाधन विभाग व खुद पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन यंत्री विदिशा की जांच रिपोर्ट में आपत्ति को दरकिनार कर 23 किमी. ऐसी सड़क बना दी, जो डूब क्षेत्र में है। वहां से आवागमन बाधित रहता है। सड़क बनाने की जांच में अलग-अलग विभागों के दो कार्यपालन यंत्रियों ने अपनी रिपोर्ट में सड़क बनाने से रोकने का प्रस्ताव भेजा था, इसके बाद भी 47 करोड़ रुपए की लागत की सड़क बना दी। अब कैग ने इस पर कड़ी आपत्ति लेते हुए कार्रवाई की अनुशंसा की है। कैग ने यह भी कहा कि यह सीधे जनता के पैसे का खिलवाड़ है।

### वैकल्पिक एलाइनमेंट की योजना का था प्रस्ताव

सीएजी ने लेखा परीक्षा ने पाया (जुलाई 2023) कि एनडीची पैकेज 12, जिसमें उदयपुर-बामौरा पठारी खंड से बीना नदी मार्ग तक (लंबाई 28.10 किमी, जिसमें से 23.60 किमी एमडीआर पोषित किया गया था) शामिल है, के लिए अनुबंध सितंबर 2018 में 47.07 करोड़ की लागत से निष्पादित किया गया था। उसी महीने, मप्र जल संसाधन विभाग ने सागर जिले में हनीता सिंचाई परियोजना के निर्माण के लिए प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की।

### सड़क न बनाने का सिफारिश पत्र किया था जारी

कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, विदिशा और कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन विभाग, सागर की निरीक्षण टीम ने सड़क के उस हिस्से का जो डूब जाएगा के आकलन करने के लिए एक संयुक्त निरीक्षण किया। इसके बाद, कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन विभाग ने डूबने वाले क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य आगे न बढ़ाने का एक सिफारिश पत्र जारी किया। हालांकि, लोक निर्माण विभाग ने परियोजना जारी रखी और सड़क के उस हिस्से पर 5.94 करोड़ खर्च किए जो डूबने वाला था। मौजूदा स्थिति में (मार्च 2025) के अनुसार, सड़क कर वह हिस्सा डूब हुए क्षेत्र में आ चुका है। जल संसाधन विभाग, सागर के कार्यपालन यंत्री ने पहले इसके बारे में आगाह किया था।

# मप्र के प्रत्येक नागरिक को समयबद्ध और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों: मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्वस्थ प्रदेश ही समृद्ध मप्र की आधारशिला है। स्वास्थ्य अधोसंरचना के व्यापक विस्तार, गुणवत्तापूर्ण उपचार सुविधाओं की उपलब्धता और चिकित्सा शिक्षा के सुदृढ़ीकरण के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में सुनियोजित प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश का प्रत्येक नागरिक, चाहे वह शहरी क्षेत्र में निवास करता हो या दूरस्थ ग्रामीण अंचल में, उसे समयबद्ध और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों।

स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए कुल 23 हजार 747 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान है, जो राज्य सरकार की प्राथमिकताओं को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। राज्य सरकार का संकल्प है कि स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक तकनीक, प्रशिक्षित मानव संसाधन और सुदृढ़ अधोसंरचना के माध्यम से नए आयाम दिए जाएं। प्रदेश को सशक्त, स्वस्थ और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की दिशा में तेजी से अग्रसर करने लिए सतत और सशक्त प्रयास किए जा रहे हैं।

### अस्पतालों एवं चिकित्सा महाविद्यालयों का विस्तार

प्रदेश में विगत दो वर्षों में पांच नए शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय प्रारंभ किए गए हैं। एमबीबीएस सीटों की संख्या 2,275 से बढ़कर 2,850 तथा स्नातकोत्तर सीटें 1,262 से बढ़कर 1,468 हो गई हैं। इंदौर, रीवा एवं सतना के चिकित्सा महाविद्यालयों के उन्नयन के साथ ही भोपाल, इंदौर, रीवा, जबलपुर, सागर एवं ग्वालियर में उन्नत चिकित्सा सुविधाएं विकसित की गई हैं। पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए धार, बैतूल, पन्ना और कटनी में एलओए जारी किया जा चुका है। अन्य 9 जिलों में प्रक्रिया प्रगतिरत है। चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालयों के लिए 3,056 करोड़ रुपए और जिला एवं सिविल अस्पतालों के लिए 2,049 करोड़ रुपए का प्रावधान अस्पतालों एवं औषधालयों के भवन निर्माण के लिये 527 करोड़ रुपए निर्धारित किए गए हैं। नवीन चिकित्सा महाविद्यालयों के निर्माण के लिए 580 करोड़ रुपये का प्रावधान है।

### प्राथमिक स्वास्थ्य ढांचे को मजबूती

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत 4,600 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जिससे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, रोग नियंत्रण और प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना एवं संचालन के लिए 1,934 करोड़ रुपए तथा उप स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए 782 करोड़ रुपए निर्धारित किए गए हैं। सामुदायिक, उप एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन निर्माण के लिए 580 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जिससे ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और बेहतर होगी। आशा कार्यकर्ताओं को अतिरिक्त प्रोत्साहन के लिए 550 करोड़ रुपए तथा मुख्यमंत्री श्रमिक सेवा प्रसूति सहायता योजना के लिए 750 करोड़ रुपए निर्धारित किए गए हैं, जिससे जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा।

## भाजपा नेता के घर को पेट्रोल डालकर आग के हवाले करने की कोशिश, बाल-बाल बचा परिवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गौरेला

मंगली बाजार क्षेत्र में मंगलवार देर रात आगजनी की घटना सामने आई। अज्ञात व्यक्ति ने भाजपा नेता और पेशे से वकील आशुतोष मिश्रा के घर के दरवाजे पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी।

समय रहते आग पर काबू पा लेने से बड़ा हादसा टल गया। मंगली बाजार में रहने वाले भाजपा नेता एवं अधिवक्ता आशुतोष मिश्रा के घर के मुख्य दरवाजे पर देर रात किसी अज्ञात व्यक्ति ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी। आग की लपटें उठती देख घर के अंदर मौजूद परिवार के सदस्यों को घटना की भनक लगी। उन्होंने शोर मचाकर आसपास के लोगों को बुलाया। आसपास के लोगों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया गया और जल्द ही आग पर काबू पा लिया गया। आग से घर का दरवाजा, चौखट और पर्दा जलकर खाक हो गया। घटना में परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित हैं। घर के लोगों ने बताया कि पास के ही कमरे में एक बाइक भी खड़ी थी। आग बाइक तक पहुंच जाती तो उसके पेट्रोल से आग फैलने का खतरा बढ़ सकता था। घटना के बाद परिवार के लोगों ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। इसमें एक व्यक्ति पेट्रोल डालकर आग लगाते हुए दिखाई दिया।

## जशपुर में भीषण टक्कर, मकान में घुसी बस, 5 यात्रियों की मौत, 20 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर जिले के तपकरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह तेज रफ्तार यात्री बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे निर्माणाधीन मकान में घुसते हुए गड्ढे में पलट गई। इस दर्दनाक हादसे में पांच यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 20 यात्री घायल हो गए। घायलों में तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें बेहतर उपचार के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार झारखंड के सिमडेगा जिले के कुरडेग से जशपुर के कुनकुरी के बीच चलने वाली यात्री बस अनमोल शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे कुरडेग से कुनकुरी के लिए रवाना हुई थी।

बस जब कुनकुरी से लगभग 14 किलोमीटर दूर हल्दीमुंड पंचायत के आश्रित ग्राम गोड़अम्बा के पास पहुंची, तभी एक पुल के पास अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे निर्माणाधीन मकान में घुसते हुए गड्ढे में पलट गई। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।



### मुख्यमंत्री ने जताई संवेदना

तपकरा थाना क्षेत्र के गोड़अम्बा में हुई बस दुर्घटना में पांच यात्रियों की मौत पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। दुर्घटना के बाद सीएम कैंप कार्यालय बगिया ने भी सक्रियता दिखाते हुए घायलों की सहायता के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था कराई और उपचार की व्यवस्था की निगरानी की।

### *क्या है मामला*

*आसपास के लोगों ने बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकालने में मदद की। बस के नीचे दबे कुछ यात्रियों को निकालने के लिए क्रेन बुलानी पड़ी। दुर्घटना का प्रारंभिक कारण बस का ब्रेक फेल होना बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही कलेक्टर रोहित व्यास और एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह मौके पर पहुंचे और घायलों के उपचार की व्यवस्था कराई। घायलों को तपकरा और कुनकुरी के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बस दुर्घटना में मृत यात्रियों की पहचान बिमला पति महेश (35) निवासी दुलदुला, केश्वर नायक (52) निवासी गोरेया जिला सिमडेगा (झारखंड), महेश्वर (50) निवासी मकरीबंधा दुलदुला, दिगम्बर पिता दिलभजन (30) निवासी ढोढरीअंबा दुलदुला और घनश्याम पिता दिलभजन (5 माह) के रूप में हुई है।*

### 55 जिलों के लिए 19,952 करोड़ 89 लाख 97 हजार 36 रुपए का आरक्षित मूल्य तय किया था

# शराब ठेके का पहला चरण: रिजर्व प्राइस से 173 करोड़ ज्यादा मिले, 5 जिलों में कोई टेंडर नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नई आबकारी नीति के तहत शराब ठेकों की नीलामी के पहले चरण में सरकार को मिश्रित परिणाम मिले हैं। 324 समूहों में से 146 समूहों के लिए टेंडर प्राप्त हुए, जिससे राज्य सरकार को रिजर्व प्राइस से 173 करोड़ 40 लाख 80 हजार 167 रुपये अधिक राजस्व मिला है। आबकारी विभाग के अनुसार, पहले चरण में 150 समूहों के लिए 455 ठेकों के टेंडर आमंत्रित किए गए थे।

कुल 55 जिलों के लिए 19,952 करोड़ 89 लाख 97 हजार 36 रुपए का आरक्षित मूल्य तय किया गया था। इसमें पहले चरण के तहत 7,076 करोड़ 75 लाख 57 हजार 710 रुपये के समूहों की नीलामी की गई। जिन 150 समूहों के लिए 355 टेंडर प्राप्त हुए, उनसे 3,087 करोड़ 58 लाख 57 हजार 633 रुपए का राजस्व प्राप्त होना तय है। हालांकि पांच जिलों अलीराजपुर, अनूपपुर, मुरैना, नीमच और मेहर में एक भी ठेके के लिए टेंडर प्राप्त नहीं हुआ। इन जिलों में अब दोबारा निविदा प्रक्रिया शुरू की जाएगी। विभाग के मुताबिक, कुछ स्थानों पर आरक्षित मूल्य अपेक्षाकृत अधिक होने के कारण प्रतिस्पर्धा कम रही।



फाइल फोटो

### जिलेवार स्थिति

- **अलीराजपुर:** 59 करोड़ 15 लाख रुपए के सभी समूहों में कोई टेंडर नहीं।
- **अनूपपुर:** 40 करोड़ 88 लाख रुपए के समूहों पर कोई बोली नहीं।
- **भोपाल:** 521 करोड़ 80 लाख रुपए के चार समूहों में प्रतिस्पर्धा।
- **मुरैना:** 117 करोड़ 4 लाख के समूहों में बोली नहीं।
- **नीमच:** 27 करोड़ 80 लाख रुपए के चार समूहों में टेंडर जमा नहीं।

### पिछले साल की तुलना में तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी

आबकारी आयुक्त दीपक सक्सेना ने बताया कि जिन समूहों में प्रस्ताव नहीं मिले हैं, उनके लिए पुनः टेंडर जारी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पहले चरण में औसतन 3 प्रतिशत से अधिक राजस्व वृद्धि दर्ज की गई है। प्रदेश में कुल 3,553 शराब दुकानों के लिए इस बार तीन से पांच दुकानों का समूह बनाकर नीलामी की जा रही है। सरकार का मानना है कि नई नीति से पारदर्शिता बढ़ेगी और राजस्व में स्थायी वृद्धि सुनिश्चित होगी।

### एक हजार 432 करोड़ में होंगे 29 शराब दुकानों के टेंडर

भोपाल में आबकारी विभाग ने ठेकेदारों की मोनोपाली को खत्म करने के लिए इस बार 87 दुकानों को चार ग्रुप की जगह 20 ग्रुप में बांट दिया है, जिससे छोटे और नए लाइसेंस कारोबारी भी ठेके ले सकें। जिले में 29 शराब दुकानों का पहला टेंडर दो मार्च को हुआ था, जिसमें कोई ऑफर नहीं आया। अब नए सिरे से टेंडर की प्रक्रिया की जाएगी। 29 दुकानों को 7 ग्रुप में बांटा गया है। जिसकी रिजर्व प्राइस करीब 520 करोड़ रुपए रखी गई है। वहीं, सभी 87 शराब ठेकों की रिजर्व प्राइस 1432 करोड़ रुपए है। पहले फेज के 7 ग्रुप के लिए प्रक्रिया की गई। इनमें बागसेवनिया ग्रुप की 5 दुकान, हबीबगंज फाटक ग्रुप की 4 दुकान, भानपुर चौराहा ग्रुप की 5 दुकान, स्टेशन बजरिया ग्रुप की 5 दुकान, खजूरीकलां ग्रुप की 3 दुकान, जहांगीराबाद ग्रुप की 4 दुकान और गुनगा ग्रुप की 3 दुकानें शामिल हैं। मंगलवार को अन्य ग्रुप की टेंडर प्रक्रिया की शुरूआत कर दी गई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए नीलामी की प्रक्रिया में ठेके 1193 करोड़ रुपए से ज्यादा में हुए थे, जो टारगेट से 11 प्रतिशत यानी, 120 करोड़ रुपए अधिक थे। इस बार 1432 करोड़ रुपए रिजर्व प्राइस रखी गई है।



## पतंजलि दिव्य योग मंदिर ट्रस्ट के प्रयासों से जनजातीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य एवं जागरुकता का विस्तार

# योग,आयुर्वेद और प्राकृतिक जीवनशैली के माध्यम से स्वास्थ्य क्रांति लाना हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है: योगऋषि स्वामी रामदेव

**पतंजलि का संकल्प है कि योग का प्रकाश देश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे: आचार्य बालकृष्ण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार / उत्तराखंड

जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार की महत्वाकांक्षी "जनजातीय आदि ग्राम परियोजना" के अंतर्गत उत्तराखंड के 64 चयनित गांवों में जनजातीय समुदाय के स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वावलंबन एवं सामाजिक सशक्तिकरण के लिए व्यापक कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इस परियोजना का क्रियान्वयन पतंजलि दिव्य योग मंदिर ट्रस्ट, हरिद्वार द्वारा किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में महिला पतंजलि योग समिति के सहयोग से ग्राम बनासखेड़ा में एक भव्य निःशुल्क योग शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय जनजातीय समुदाय के लोगों -विशेष रूप से महिलाओं, युवाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



इस अवसर पर योगऋषि स्वामी रामदेव ने अपने संदेश में कहाकि योग भारत की प्राचीन एवं दिव्य जीवन पद्धति है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाती है। पतंजलि का संकल्प है कि योग का प्रकाश देश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि जनजातीय समाज हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण आधार है। ग्राम बनासखेड़ा में आयोजित यह योग शिविर जनजातीय समाज में सकारात्मक परिवर्तन और स्वस्थ जीवनशैली के प्रसार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। परियोजना के अंतर्गत गांवों में नियमित रूप से निःशुल्क योग शिविर, स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम, प्राकृतिक चिकित्सा परामर्श एवं जीवनशैली सुधार अभियान आयोजित किए जा रहे हैं, जिनसे जनजातीय समुदाय को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है।ग्राम बनासखेड़ा में आयोजित इस योग शिविर से ग्रामीणों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी है तथा योग और प्राकृतिक जीवनशैली को अपनाने की प्रेरणा मिली है।

## इस पुस्तक में विकास का विजन

# मुख्यमंत्री ने किया 'शेपिंग टुमोरोज सिटीज-फ्रॉम क्लाइमेट रिस्क टू ग्रीन अपॉर्च्युनिटीज' पुस्तक का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गांधीनगर

मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने 'शेपिंग टुमोरोज सिटीज' - फ्रॉम क्लाइमेट रिस्क टू ग्रीन अपॉर्च्युनिटीज' पुस्तक का गांधीनगर में विमोचन किया। आधुनिक समय में बदलती दुनिया में शहरीकरण सबसे अधिक परिवर्तनकारी प्रक्रिया है। इसे समस्या नहीं बल्कि सस्टेनेबल, क्लाइमेट रेजिलिएंट और इनोवेटिव सिटीज के रूप में विकसित करने की संभावनाओं का इस पुस्तक में विस्तृत वर्णन किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शहरीकरण की चुनौतियों को अवसर में बदलने के दिए गए मार्गदर्शन को गुजरात ऊर्जा विकास निगम की प्रबंध निदेशक शालिनी अग्रवाल ने विश्व के विभिन्न देशों के अर्बन डेवलपमेंट और अर्बनाइजेशन के अनुरूप भविष्य के शहरी विकास के विजन के साथ इस पुस्तक में सटीक रूप से शामिल किया है।



### पुस्तक में शहरीकरण, ऊर्जा मांग, समाधान के विचार शामिल

इस पुस्तक में तेजी से बढ़ते शहरीकरण के कारण आने वाले समय में पर्यावरण और सामाजिक चुनौतियों के लिए विशेष पूर्व योजना और नीति निर्माण के महत्व को भी शामिल किया गया है। इतना ही नहीं, इस पुस्तक में शहरीकरण के साथ बढ़ती ऊर्जा मांग, संसाधनों की खपत और ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन के कारण उत्पन्न होने वाले क्लाइमेट चेंज के प्रभावों के समाधान के विचारों को भी शामिल किया गया है। पुस्तक में बताया गया है कि क्लाइमेट रेजिलिएंट इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए ग्रीन बॉन्ड, पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप, कार्बन मार्केट और क्लाइमेट फाइनेंस जैसे प्रयासों के माध्यम से बड़े पैमाने पर निवेश प्राप्त किया जा सकता है। इन साधनों के द्वारा शहर आवश्यक पूंजी एकत्र कर सकते हैं।

## वाहन मालिकों और घरेलू उपभोक्ताओं के लिए कीमतें यथावत

# राहत: अडाणी टोटल गैस ने नहीं बढ़ाई सीएनजी और घरेलू पीएनजी की कीमतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

अडाणी टोटल गैस लिमिटेड (एटीजीएल) ने सीएनजी और घरों में पाइप से मिलने वाली रसोई गैस (पीएनजी) की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं की है। हालांकि पश्चिम एशिया संकट के कारण गैस आपूर्ति प्रभावित होने के बीच कंपनी ने कुछ बड़े औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए गैस आपूर्ति पर सीमाएं लगा दी हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कंपनी के एक अधिकारी ने बताया कि एटीजीएल की लगभग 70 प्रतिशत गैस घरेलू स्रोतों से आती है और इसे सीएनजी उपयोगकर्ताओं तथा घरों में रसोई के लिए उपयोग होने वाली पाइप्ड नैचुरल गैस (पीएनजी-डोमेस्टिक) उपभोक्ताओं को आपूर्ति की जाती है। इन वाहन मालिकों और घरेलू उपभोक्ताओं के लिए कीमतें यथावत रखी गई हैं।

### औद्योगिक ग्राहकों से कहा- अनुबंधित गैस उपयोग को घटाकर 40 प्रतिशत तक करें

अडाणी ग्रुप और फ्रांसीसी ऊर्जा कंपनी टोटा एनर्जी के संयुक्त उपक्रम एटीजीएल अपनी शेष लगभग 30 प्रतिशत गैस आयातित एलएनजी के माध्यम से प्राप्त करता है, जिसे वाणिज्यिक और औद्योगिक उपभोक्ताओं को आपूर्ति किया जाता है। पश्चिम एशिया में बढ़ते युद्ध के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही रुक गई है। यही संकरा समुद्री मार्ग है जिसके जरिए भारत को कच्चे तेल और एलएनजी की बड़ी मात्रा मिलती है। अधिकारी ने बताया कि ग्राहक 40 प्रतिशत की सीमा तक गैस उपयोग पर अपने अनुबंधित दरों पर ही बिल का भुगतान करेंगे।

# फरवरी में इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की बिक्री में 44 फीसदी की वृद्धि

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री में फरवरी में सालाना आधार पर 44 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। वाहन डीलर संघों के महासंघ (फाडा) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। फरवरी, 2026 में ईवी की कुल बिक्री बढ़कर 13,733 इकाई हो गई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 9,505 इकाई थी। इस क्षेत्र में टाटा मोटर्स सबसे आगे रही। कुल वाहनों के पंजीकरण में कंपनी का हिस्सा 38.5 प्रतिशत रहा। इस दौरान कंपनी की बिक्री बढ़कर 5,568 इकाई पर पहुंच गई। पिछले साल फरवरी में यह आंकड़ा 4,020 इकाई था। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने फरवरी में 3,312 वाहन बेचे, जबकि पिछले साल इसी महीने 3,490 इकाई बिकी थीं। यानी इसमें लगभग पांच प्रतिशत की गिरावट आई। महिंद्रा एंड महिंद्रा ने पिछले महीने 2,913 इकाइयां बेचीं, जबकि फरवरी, 2025 में कंपनी ने 508 वाहन बेचे थे। इसके बाद क्रमशः 384 और 306 इकाइयों के पंजीकरण के साथ विनफास्ट ऑटो और बीवाईडी इंडिया का स्थान रहा। दोपहिया वाहन क्षेत्र में, कुल बिक्री 46 प्रतिशत बढ़कर 1,11,709 इकाई हो गई, जबकि फरवरी, 2025 में यह 76,722 इकाई थी। फरवरी में इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बिक्री में सबसे आगे टीवीएस मोटर कंपनी रही।

## मिडिल ईस्ट संघर्ष से ईंधन आपूर्ति हुई ठप

# गुजरात के मोरबी में करीब 100 सिरेमिक इकाइयां बंद

एजेंसी ▶▶ मोरबी (गुजरात)

पश्चिम एशिया में अमेरिका और इजराइल तथा ईरान के बीच युद्ध के कारण ईंधन आपूर्ति में आए व्यवधान के चलते गुजरात के मोरबी जिले में लगभग 100 सिरेमिक विनिर्माण इकाइयां बंद हो गई हैं। उद्योग प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी है कि यदि आपूर्ति सामान्य नहीं हुई, तो अगले कुछ दिनों में अन्य 400 कारखाने भी बंद हो सकते हैं। मोरबी सिरेमिक मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (विट्रीफाइड टाइल्स खंड) के अध्यक्ष मनोज अरवड़िया ने कहा कि यदि प्रोपेन गैस की आपूर्ति बहाल नहीं होती है तो आने वाले दिनों में स्थिति और खराब हो सकती है।

### *मोरबी दुनिया का सबसे बड़ा सिरेमिक विनिर्माण केंद्र*

*मोरबी दुनिया के सबसे बड़े सिरेमिक विनिर्माण केंद्रों में से एक है, जहां घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों के लिए टाइल्स और अन्य सिरेमिक उत्पाद बनाने वाली सैकड़ों इकाइयां स्थित हैं। अरवड़िया ने कहा कि गुजरात गैस द्वारा आपूर्ति की जाने वाली गैस पर निर्भर इकाइयां वर्तमान में चल रही हैं, लेकिन सीमित उपलब्धता के कारण उनका भविष्य भी अनिश्चित दिख रहा है।*



### पुराने ऑडरों की ही आपूर्ति नहीं

अरवड़िया ने कहा, "गुजरात गैस के ग्राहक अभी भी काम कर रहे हैं, लेकिन यदि हम वर्तमान उपलब्धता (जो लगभग 50 प्रतिशत है) के आधार पर गणना करें, तो वे इकाइयां भी 20 मार्च तक बंदी का सामना कर सकती हैं। ईंधन आपूर्ति में व्यवधान ने निर्यात प्रतिबद्धताओं को भी प्रभावित किया है। उन्होंने कहा, "निर्यात के जो ऑर्डर हम पहले ही तैयार कर चुके हैं, उन्हें भेजा नहीं जा सकता। कई नए निर्यात ऑर्डरों को भी रोक दिया गया है।"

### पिछले दो दिनों से प्रोपेन गैस उपलब्ध नहीं

अरवड़िया ने कहा, ''युद्ध जैसी मौजूदा स्थिति के कारण पिछले दो दिनों से प्रोपेन गैस उपलब्ध नहीं है और ईंधन पर निर्भर लगभग 100 इकाइयां पहले ही बंद हो चुकी हैं।'' उन्होंने चेतावनी दी कि यदि आपूर्ति की स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो प्रोपेन का उपयोग करने वाली लगभग 400 और इकाइयां एक सप्ताह के भीतर परिचालन बंद करने के लिए मजबूर हो सकती हैं।

### श्रमिकों के लिए स्थिति गंभीर

उद्योग में काम करने वाले श्रमिकों के लिए भी स्थिति गंभीर है। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने स्थिति पर चिंता व्यक्त की है और उद्योग को सहायता प्रदान करने के लिए जानकारी मांगी है।

# महिला दिवस पर सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स द्वारा ''शेप ऑफ़ यू एआई''




**कोलकाता।** ऐसी दुनिया में जहाँ शब्द अक्सर केंद्र में होते हैं, सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स – भारत के अग्रणी अखिल भारतीय आभूषण खुदरा विक्रेताओं में से एक, जिसका विश्वास का 85 वर्षों से अधिक का इतिहास है – महिला दिवस के उपलक्ष्य में "शेप ऑफ़ यू एआई" एप्लिकेशन लॉन्च कर रहा है। परिष्कृत कारीगरी, डिज़ाइन की अखंडता और भारतीय सौंदर्यशास्त्र की गहरी समझ पर आधारित सेन्को की विरासत अब एक नए युग में प्रवेश कर रही है जहाँ डिज़ाइन की बुद्धिमत्ता व्यक्तिगत अंतर्दृष्टि से मिलती है। आप चाहे जो भी हों, आप सुंदर हैं।

महिला दिवस- "शेप ऑफ़ यू एआई" सेन्को की पहली विशेषज्ञ-नेतृत्व वाली स्टाइलिंग पहल है, जो ग्राहकों के चेहरे की अनूठी बनावट और प्राकृतिक विशेषताओं के अनुरूप आभूषण चुनकर उनके आभूषणों के चयन के तरीके को पुनर्परिभाषित करती है। इस विश्वास पर आधारित कि हर चेहरा अद्वितीय होता है और इसलिए उसे सुशोभित करने वाले आभूषण भी अद्वितीय होने चाहिए – यह नवाचार तकनीक को व्यक्तिगत स्टाइलिंग के साथ सहजता से जोड़ता है। यह ग्राहकों को ऐसे डिज़ाइन खोजने में सक्षम बनाता है जो वास्तव में उनके व्यक्तित्व को निखारते हैं।

# स्पाइसजेट यूएई से 14 विशेष उड़ानों का करेगी संचालन

**नई दिल्ली।** स्पाइसजेट पश्चिम एशिया संकट के कारण फंसे हुए यात्रियों को लाने के लिए शुक्रवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से 14 विशेष उड़ानों का संचालन करेगी। पश्चिम एशिया संकट के कारण भारतीय एयरलाइनों ने बृहस्पतिवार को 281 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी थीं और सरकार क्षेत्र के हालात पर बारीकी से नजर रख रही है।

# अपना दल (एस) की वर्चुअल संगठन समीक्षा बैठक, मध्य प्रदेश में विस्तार पर दिया गया जोर

**भोपाल।** होली पर्व को ध्यान में रखते हुए अपना दल (एस) की नियमित संगठन समीक्षा बैठक इस बार वर्चुअल माध्यम से आयोजित की गई। बैठक में पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तथा उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल, राष्ट्रीय महासचिव एवं मध्य प्रदेश प्रभारी आर.बी. सिंह पटेल सहित विभिन्न जिलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में मध्य प्रदेश से कुछ पूर्व प्रदेश पदाधिकारियों के साथ राजनीतिक रणनीतिकार डॉ. अतुल मलिकराम भी शामिल हुए। उन्होंने प्रदेश में संगठन की वर्तमान स्थिति और संभावनाओं पर अपने विचार रखे। बैठक के दौरान पार्टी संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने और बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने कहा कि पार्टी की असली ताकत उसके कार्यकर्ता हैं और यदि बूथ स्तर तक संगठन मजबूत होगा तो पार्टी का प्रभाव स्वतः बढ़ेगा। प्रदेश पदाधिकारियों और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने क्षेत्रों की संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी भी साझा की। साथ ही सदस्यता अभियान को तेज करने तथा समाज के सभी वर्गों तक पार्टी की नीतियों और विचारों को पहुंचाने की रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में विशेष रूप से मध्य प्रदेश में संगठन विस्तार और मजबूत राजनीतिक उपस्थिति बनाने को लेकर सकारात्मक संकेत सामने आए।



# यूनेस्को के वर्ल्ड इंजीनियरिंग डे 2026 के लिए अदाणी ग्रुप बना आधिकारिक पार्टनर

**जबलपुर। भारत के प्रमुख ट्रांसपोर्ट, यूटिलिटी और इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर अदाणी ग्रुप को वर्ष 2026 के वर्ल्ड इंजीनियरिंग डे फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट का आधिकारिक पार्टनर बनाया गया है। यह अंतरराष्ट्रीय दिवस यूनेस्को द्वारा घोषित किया गया है और इसका आयोजन वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ इंजीनियरिंग ऑर्गेनाइजेशंस (WFEO) द्वारा किया जाता है।**

यह साझेदारी स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन को आगे बढ़ाने और बड़े स्तर पर भरोसेमंद व किफायती बिजली उपलब्ध कराने में अदाणी ग्रुप की भूमिका को मान्यता देती है। यह पहल भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के साथ वैश्विक सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल-7 को भी समर्थन देती है। अदाणी ग्रीन एनर्जी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर सागर अदाणी ने कहा कि कंपनी यह साबित कर रही है कि स्वच्छ ऊर्जा बड़े पैमाने पर किफायती और मजबूत तरीके से उपलब्ध कराई जा सकती है। उन्होंने बताया कि गुजरात के कच्छ में विकसित हो रहा खावड़ा रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट भारत के क्लाइमेट एक्शन का प्रतीक है और यह अदाणी ग्रीन एनर्जी, अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस तथा अदाणी न्यू इंडस्ट्रीज के संयुक्त प्रयासों को दर्शाता है। वर्ल्ड इंजीनियरिंग डे 2026 की थीम "इनोवेशन और डिजिटलीकरण के माध्यम से सतत भविष्य के लिए स्मार्ट इंजीनियरिंग" रखी गई है। इस कार्यक्रम के तहत खावड़ा प्रोजेक्ट को भारत के हरित ऊर्जा परिवर्तन के प्रमुख उदाहरण के रूप में भी प्रस्तुत किया गया है। गुजरात के कच्छ जिले में 538 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में विकसित हो रहा खावड़ा रिन्यूएबल एनर्जी प्लांट दुनिया का सबसे बड़ा नवीकरणीय ऊर्जा प्रोजेक्ट माना जा रहा है। अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड अब तक यहां 7 गीगावॉट से अधिक क्षमता शुरू कर चुकी है और वर्ष 2029 तक इसे 30 गीगावॉट तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। इस संयंत्र में अत्याधुनिक पवन टरबाइन, बाइफेशियल सोलर मॉड्यूल, सिंगल-एक्सिस ट्रैकर सिस्टम और एआई-आधारित संचालन तकनीक का उपयोग किया जा रहा है।




# मोटोरोला का एज-70 फ्यूजन फोन लॉन्च

**नई दिल्ली।** मोबाइल टेक्नोलॉजी कंपनी मोटोरोला ने भारत में अपना नया मिड-प्रीमियम स्मार्टफोन **Motorola Edge** 70 **Fusion** लॉन्च किया है। कंपनी के अनुसार यह दुनिया का पहला स्मार्टफोन है जिसमें 50**MP Sony LYTIA** 710 सेंसर, **OIS** और **motoAI** तकनीक दी गई है। फोन में 13**MP** अल्ट्रा-वाइड + मैक्रो कैमरा और 32**MP** फ्रंट कैमरा मिलता है, जो सभी लेंस पर 4**K** वीडियो रिकॉर्डिंग सपोर्ट करता है। स्मार्टफोन में 6.78-इंच का 1.5**K** क्वाड-कर्व्ड **AMOLED** डिस्प्ले, 144**Hz** रिफ्रेश रेट, **HDR**10+ सपोर्ट और 5200 निट्स पीक ब्राइटनेस दी गई है। यह **Qualcomm Snapdragon** 7s **Gen** 4 प्रोसेसर से लैस है और इसमें 12**GB** तक **RAM** व 256**GB** तक स्टोरेज का विकल्प मिलता है। फोन में 7000**mAh** सिलिकॉन-कार्बन बैटरी दी गई है, जो 68**W TurboPower** फास्ट चार्जिंग सपोर्ट करती है। डिवाइस को **IP**68 और **IP**69 रेटिंग के साथ **MIL-STD**-810**H** मिलिट्री-ग्रेड ड्यूरेबिलिटी भी मिली है। यह **Android** 16 आधारित **Hello UI** पर चलता है और कंपनी 3 **OS** अपडेट व 5 साल के सिक्योरिटी अपडेट देगी।मोटोरोला के मैनेजिंग डायरेक्टर टी.एम. नरसिम्हन ने कहा कि यह स्मार्टफोन बेहतर कैमरा, डिजाइन, परफॉर्मेंस और **AI** अनुभव देने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। इसकी शुरुआती कीमत 24,999 रुपये रखी गई है। फोन की अर्ली बर्ड सेल 6 मार्च को **Flipkart** पर दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक होगी, जबकि 12 मार्च 2026 से यह **Flipkart**, **Motorola**.in और रिटेल स्टोर्स पर बिक्री के लिए उपलब्ध होगा।

## राशिफल

**मेष** — नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। खर्च बढ़ेंगे। मीठे खानपान के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग भी बन रहे हैं।

**वृष** — मानसिक शान्ति बनाये रखने के लिए प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। कारोबार के प्रति सचेत रहेत। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है।

**मिथुन** — यात्रा पर जाना पड़ सकता है। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी।

**कर्क** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**सिंह** — रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कन्या** — भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**तुला** — आय में वृद्धि होगी। सेहत का ध्यान रखें। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। यश की प्राप्ति होगी।

**वृश्चिक** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। किसी मित्र का सहयोग से सम्पत्ति में निवेश हो सकता है।


**धनु** — खर्च बढ़ेंगे। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। भवन सुख में वृद्धि होगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे।

**मकर** — कारोबार का विस्तार होगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। मन प्रसन्न रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान

**कुंभ** — अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। बातचीत में संयत रहें। किसी मित्र के सहयोग से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**मीन** — आय में वृद्धि होगी। यात्रा लाभप्रद रहेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार में वाद-विवाद की स्थिति से बचने के प्रयास करें। आत्मसंयत रहें।

## शब्द पहेली - 6157



***बाएँ से दाए-***

1.एक असुर जिसे शिव ने वरदान दिया था -4
4.दान देने वाला-4
7.सवारी गाड़ी-2
8.संख्या,रत्न-2
10.जाप,मंत्र पाठ-2
12.आक्रमणकारी-5
14.अपशिष्ट पदार्थ-2
15.दिन,प्रहार-2
16.भीगा हुआ-2
17.शिशु,पैदा हुआ बच्चा-4
19.कीमती-4
20.आलसी,निष्ठाहीन-5
21.जिसे दीक्षा नहीं दी गई हो-5
22.गारंटी,मुचलका-4
24.रिश्तेदार-2
25.शेर,नाहर-2
26.पिटाई,चोट-2
27.निम्नता,न्यूनता-5
31.परिणाम,निष्कर्ष-2
32.महेंद्रसिंह धोनी को इस नाम से भी जानते हैं-2
33.मूल,कंद-2
35. पितृपक्ष-2

***ऊपर से नीचे***

2.सवेरा,भोर-3
3.सांभर जैसा आहार -3
4.दैत्य,असुर-3
5.शहर-3
6.तरुण,जवान-4
9.एक महीन व कीमती कपड़ा-4
11.ईश्वर,रब-7
13.डांट,फटकार, भर्त्सना -3,4
14.भारत के पुर्व प्रधानमंत्री-5,2
18.अधीन-3
19.निवेदन,प्रार्थना-3
21.असमतल-4
23.धमाका, सनसनी-4
27.करिश्मा-3
28.बारीक-3
29.कपड़े धोनेवाला-3
30.पिटाई करना, भांपना-3

**शब्द पहेली - 6156 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6167

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

MANGAL SENACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6166 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

## खबर संक्षेप



### पहले दौर में बाहर वीनस

**इंडियन वेल्स।** वीनस विलियम्स का वापसी के बाद खराब प्रदर्शन जारी है और उन्हें बीएनपी पारिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली 45 वर्षीय वीनस को पहले दौर में फ्रांस की डायने पैरी ने 6-3 6-7(4) 6-1 से हराया। इस तरह से वीनस अपने पिछले आठ डब्ल्यूटीए मैच हार चुकी हैं। वीनस ने दूसरे सेट में अच्छा खेल दिखाया लेकिन विश्व रैंकिंग में 111वें स्थान पर काबिज 23 वर्षीय पैरी ने तीसरे सेट में फिर से नियंत्रण बना दिया और आसानी से जीत दर्ज की। वीनस ने जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भाग लिया था लेकिन एकल और युगल दोनों में पहले दौर में ही हार गईं थी।

### रैपिड फायर पिस्टल में शेखावत ने हासिल की बढ़त



**नई दिल्ली।** भावेश शेखावत ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए शुक्रवार को कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में राष्ट्रीय चयन ट्रायल्स टी3 में 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा के पहले चरण के बाद बढ़त हासिल की। राजस्थान के इस निशानेबाज ने पहले चरण की तीनों सीरीज में कुल 294 का स्कोर बनाया। तीन सीरीज में उनका स्कोर 99, 99 और 96 रहा। ओलंपियन अनीश भानवाला 291 (97,98,96) के कुल स्कोर के साथ दूसरे और राजकंवर सिंह संधू 291 (96,98,97) के कुल स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर हैं। राष्ट्रीय चैंपियन सूरज शर्मा ने 290 (98,95,97) अंक लेकर चौथे स्थान पर हैं। इस प्रतियोगिता में शनिवार को 10 मीटर राइफल के क्वालीफाइंग और फाइनल मुकाबले होंगे। इसी दिन 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा का दूसरा चरण और फाइनल होगा।

### 26 मार्च से खेलो इंडिया आदिवासी खेल




**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के तीन शहरों रायपुर, जगदलपुर और सरगुजा में 26 मार्च से 6 अप्रैल तक पहले खेलो इंडिया आदिवासी खेल (केआईटीजी) का आयोजन किया जाएगा। केआईटीजी में पदक वाले सात खेल एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, भारोत्तोलन, तीरंदाजी, तैराकी और कुश्ती शामिल होंगे। इसके अलावा दो प्रदर्शनी खेल मल्लखंब और कबड्डी भी इसका हिस्सा होंगे। इन खेलों में भारत के अधिकांश राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों खिलाड़ी भाग लेंगे।' खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा, 'खेलो इंडिया आदिवासी खेल खेलों को विस्तार देने के हमारे प्रयासों का हिस्सा है, जो खेलने के इच्छुक हर युवा को अवसर प्रदान करता है।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**वैगनों की On Train मरम्मत के लिए ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि. मंडल यांत्रिक अभियंता, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।
**निविदा सं.:** Mech_Cont_ontrain_DGG
**कार्य का नाम:** SSE(C&W)/DGG के अधीन दो वर्ष की अवधि के लिए RJN, DGG और नागपुर मंडल के अन्य नजदीकी साइडिंग पर वैगनों की On Train मरम्मत का कार्य।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 20,61,012/- (रु. बीस लाख इकसठ हजार बारह मात्र),
**बयाना राशि:** ₹ 41,200/-, **अनुबंध की अवधि:** 2 (दो) वर्ष,
**बोली शुरू की तारीख: 26.02.2026** से
**ई-निविदा जमा करने की तारीख व समय:** दिनांक **24.03.2026** को या उससे पहले (**15.00** बजे तक), सिर्फ वेब पोर्टल **www.ireps.gov.in** के ज़रिए ऑनलाइन।
**निविदा बंद करने की तारीख और समय:** दिनांक **24.03.2026** को **15.00** बजे।
इस निविदा के अंतर्गत मैनुअल ऑफर की अनुमति नहीं है और ऐसे प्राप्त सभी मैनुअल ऑफर्स को नज़रअंदाज़ कर दिया जाएगा।
इस निविदा की अन्य जानकारी के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएं।
**वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**
AIM/77-339
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

## पिंक बॉल टेस्ट : पहली पारी में 198 रन पर सिमटी भारतीय टीम, एनाबेल ने झटके 4 विकेट

# 200 रन का आंकड़ा पार नहीं कर पाई टीम इंडिया, जेमिमा ने खेली अर्धशतकीय पारी

एजेंसी ▸▸| पर्थ

भारतीय महिला क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया के बीच एकमात्र टेस्ट मैच वाका के मैदान पर खेला जा रहा है। शुक्रवार को पहली पारी में भारत की पूरी टीम 198 रन बनाकर ऑलआउट हुई। पिंक बॉल से खेले जा रहे टेस्ट में एनाबेल सदरलैंड ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट अपने नाम किए। वहीं, भारत की ओर से जेमिमा रोड्रिग्स ने अर्धशतकीय पारी खेली। पिंक बॉल टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली ने टॉस जीतकर पहले भारत को बल्लेबाजी करने का न्योता दिया। भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और स्मृति मंधाना महज 4 रन बनाकर आउट हुईं। प्रतीका रावल ने 3 चौकों की मदद से 18 रन बनाने के बाद एनाबेल सदरलैंड का शिकार बनीं। टीम इंडिया 200 रन का आंकड़ा भी पार नहीं कर सकी।



### अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम शेफाली

शेफाली वर्मा अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहीं और 35 रन बनाकर आउट हुईं। जेमिमा रोड्रिग्स ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 84 गेंदों में 52 रनों की दमदार पारी खेली। अपनी इस पारी में जेमिमा ने 7 चौके लगाए। हालांकि, उन्हें दूसरे छोर से बाकी बल्लेबाजों का साथ नहीं मिल सका। कप्तान हरमनप्रीत कौर भी बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकीं और 19 रन बनाकर पवेलियन लौटीं। दीप्ति शर्मा ने अपने प्रदर्शन से निराश किया और वह 7 रन बनाकर आउट हुईं। विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋचा घोष 41 गेंदों का सामना करने के बाद सिर्फ 11 रन ही बना सकीं। स्नेह राणा 5 रन बनाकर आउट हुईं। काश्वी गौतम 54 गेंदों में 34 रन बनाकर नाबाद रहीं। क्रांति गौड़ एक रन ही बना सकीं। सायली सतघरे ने सिर्फ 7 रनों का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से गेंदबाजी में एनाबेल सदरलैंड ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 17 ओवर में 46 रन देकर 4 विकेट अपने नाम किए। वहीं, लूसी हैमिल्टन ने 31 रन खर्च करते हुए 3 विकेट चटकाए, जबकि डार्सी ब्राउन ने दो विकेट झटके। एश्ले गार्डनर ने ऋचा घोष का विकेट अपने नाम किया। भारतीय टीम ने पर्थ की उछाल भरी पिच पर लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए।

### पहले दिन टीम इंडिया ने चटकाए 3 विकेट

पहले दिन का खेल खत्म होने पर ऑस्ट्रेलिया की तरफ से एलिस पेरी 43 और एनाबेल सदरलैंड 20 रन बनाकर खेल रही थी। वहीं इससे पहले एलिसा हीली, फोएबे लिचफील्ड और जॉर्जिया वॉल पवेलियन लौट गई थी। गेंदबाजी में टीम इंडिया की तरफ से अब तक सयाली सतघरे ने 2 जबकि क्रांति गौड़ ने एक विकेट हासिल किया है।



## टी20 विश्व कप

# ब्रुक का शानदार कैच लेकर आनंद आया : अक्षर पटेल



एजेंसी ▸▸| मुंबई

भारतीय उप कप्तान अक्षर पटेल ने टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड की सात रन की रोमांचक जीत में बेहतरीन क्षेत्ररक्षण का शानदार नमूना पेश किया और उन्होंने कहा कि इस पूरे मैच के दौरान ऐसा लग रहा था मानो गेंद उनका पीछा कर रही हो।

भारत में सेमीफाइनल में पहुंचने से पहले 13 कैच छोड़े थे लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ उसके क्षेत्ररक्षकों ने अच्छा प्रदर्शन किया। अक्षर पटेल ने खेल के दो अलग-अलग लेकिन महत्वपूर्ण चरणों में खतरनाक हैरी ब्रुक और विल जैक्स को आउट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अक्षर ने कवर पोजीशन से 24 मीटर पीछे दौड़कर शानदार कैच लेकर ब्रूक को पवेलियन भेजा। इसके बाद अर्शदीप सिंह की वाइड फुल टॉस गेंद को जैक्स ने डीप पॉइंट की ओर खेला। अक्षर ने अपनी बाईं ओर दौड़कर गेंद को लपका लेकिन सीमा रेखा पर संतुलन नहीं बना पाने के कारण उन्होंने उसे शिवम दुबे की तरफ उछाल दिया।

### वह मुश्किल कैच था

अक्षर ने कहा, 'जब मैंने हैरी ब्रुक का कैच लिया तो वह बहुत अच्छा कैच था। वह मुश्किल कैच था। लेकिन अगर आप मैच की स्थिति और इंग्लैंड के बल्लेबाजों की बल्लेबाजी को देखें तो विल जैक्स का कैच बहुत महत्वपूर्ण था जिससे उनकी साझेदारी टूट गई।' उन्होंने कहा, ' अगर आप मुझसे फील्डिंग के लिहाज से पूछें तो हैरी ब्रुक का कैच ज्यादा मुश्किल था। आज मुझे लगा कि गेंद मेरा पीछा कर रही है।' अक्षर ने तब जैक्स को आउट करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया जब वह जैकब बेथेल के साथ मिलकर साझेदारी निभा रहे थे।

# एएफसी महिला एशियाई कप: जापान की मजबूत टीम से भारत का सामना

एजेंसी ▸▸| पर्थ

वियतनाम के खिलाफ पिछले ग्रुप मैच में दमदार प्रदर्शन से भारतीय महिला फुटबॉल टीम का आत्मविश्वास जरूर बढ़ा होगा लेकिन शनिवार को एएफसी महिला एशियाई कप के दूसरे मैच में जापान की मजबूत टीम से होने वाला मुकाबला उसके लिए चुनौतीपूर्ण होगा।

भारत ने ग्रुप सी के शुरुआती मैच में बुधवार को वियतनाम के खिलाफ हूटर से ठीक तीन मिनट पहले 'इंजुरी टाइम' में गोल गंवा दिया, जिससे उसे 1-2 से हार का सामना करना पड़ा और उसने अहम अंक गंवा दिया। वियतनाम 2023 फीफा विश्व कप में खेला था और उनके खिलाफ मैच में पदार्पण कर



रही सैनफिडा नोंग्रम के बराबरी गोल से टीम का मनोबल बढ़ा होगा। लेकिन दुनिया की आठवें नंबर और दो बार की चैंपियन टीम जापान पूरी तरह से अलग टीम होगी और भारत से कहीं बेहतर होगी। अब कोच अमेलिया वाल्वरडे का काम अपनी टीम को मजबूत बनाए रखना और रक्षात्मक मजबूती पर काम करना होगा। इसके साथ ही उन्हें जवाबी हमले पर भी ध्यान देना होगा।

### जापान पर लगाम लगाने की कोशिश करेगी भारतीय टीम

जापान ने अपने पिछले मैच में चीनी ताइपे के पेनल्टी क्षेत्र में 87 बार प्रवेश किया था, जिससे शनिवार को कप्तान स्वीटी देवी की अगुआई वाला भारतीय डिफेंस काफी व्यस्त रहेगा। भारतीय टीम जापान के गोल की संख्या पर भी लगाम लगाने की कोशिश करेगी। वियतनाम और चीनी ताइपे शनिवार को एक और मैच में आमने-सामने होंगे। तीनों ग्रुप में से प्रत्येक से शीर्ष दो टीम और तीसरे नंबर की दो बेहतर टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी। क्वार्टर फाइनल जीतने वाली चार टीम ब्राजील में होने वाले 2027 फीफा महिला विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी।

# चिदंबरम ने फोरेस्ट को हराया, गुकेश ने फिर खेला ड्रॉ

एजेंसी ▸▸| प्राग

भारतीय ग्रैंडमास्टर अराविंद चिदंबरम ने नीदरलैंड के जोर्डन वान फोरेस्ट को हराया लेकिन विश्व चैंपियन डी. गुकेश को प्राग इंटरनेशनल शतरंज महोत्सव के आठवें दौर में एक बार फिर ड्रॉ से संतोष करना पड़ा।

गुकेश को जर्मनी के विंसेंट केमेर ने ड्रॉ पर रोका। टाटा स्टील मास्टर्स चैम्पियन उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव ने स्थानीय खिलाड़ी डेविड नवारा को हराकर एकल बढ़त बना ली है। वान फोरेस्ट उनसे आधा अंक पीछे हैं और अब टूर्नामेंट में एक ही दौर बचा है।

### दिव्या देशमुख ने नेमेक जाकिम से खेला ड्रॉ

नवारा 4.5 अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं जबकि अरविंद अब केमेर और ईरान के परहाम एम के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। दिव्या देशमुख ने नेमेक जाकिम से ड्रॉ खेला। उजबेकिस्तान के नोदिरबेक याकूबोएव,अमेरिका के हैंस मोके नीमैन और स्पेन के डेविड एंटोन गुइजारो अगले स्थान पर हैं। गुकेश ढाई अंक लेकर उनके बाद हैं। चैलेंजर वर्ग में चेक गणराज्य के 16 वर्ष के इंटरनेशनल मास्टर फिनेक वांक्लाव ने भारतीय ग्रैंडमास्टर सूर्यशेखर गांगुली को ड्रॉ पर रोका।

## क्रिकेट

# ईटीपीएल की फ्रेंचाइजी खरीदेंगे द्रविड़-अश्विन



एजेंसी ▸▸| लंदन

दिग्गज खिलाड़ी राहुल द्रविड़ और रविचंद्रन अश्विन उस भारतीय समूह का हिस्सा हैं, जो यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग (ईटीपीएल) में एक फ्रेंचाइजी खरीदने जा रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार गर्मियों में होने वाले छह टीमों के टूर्नामेंट में ग्लासगो स्थित फ्रेंचाइजी को खरीदने के लिए इस समूह ने एक समझौते पर सहमति जताई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि ईटीपीएल नीदरलैंड के रॉटरडैम स्थित अपनी फ्रेंचाइजी को भी दक्षिण अफ्रीका के निवेशकों के एक समूह को बेचने की तैयारी में है। इस समूह में दक्षिण अफ्रीका के पूर्व खिलाड़ी फाफ डुप्लेसी, हेनरिक क्लासेन और जोंटी रोड्स भी शामिल हैं। संभावना है कि इस महीने के आखिर में एक कार्यक्रम में दोनों फ्रेंचाइजी की आधिकारिक घोषणा की जाएगी।

### द्रविड़ स्कॉटलैंड की क्रिकेट से जुड़े

द्रविड़ पूर्व में स्कॉटलैंड की क्रिकेट से जुड़े रहे हैं और माना जा रहा है कि यही कारण है कि उन्होंने ग्लासगो स्थित फ्रेंचाइजी के साथ जुड़ने का फैसला किया। स्कॉटलैंड जब इंग्लिश काउंटी क्रिकेट में भाग लेता था तब द्रविड़ 2003 में उसके लिए खेले थे। भारत के दिग्गज बल्लेबाज द्रविड़ ने नेशनल क्रिकेट लीग में 11 मैच खेले, जिसमें उन्होंने तीन शतकों सहित 600 रन बनाए। द्रविड़ ने भारत के लिए 164 टेस्ट और 344 वनडे मैच खेले। उन्होंने इनमें 48 शतकों सहित 24,000 से अधिक रन बनाए। वह नवंबर 2021 से जून 2024 तक भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के मुख्य कोच भी रहे।

### अश्विन की भागीदारी बेहद दिलचस्प

एम्स्टर्डम, बेलफास्ट और एडिनबर्ग में स्थित ईटीपीएल फ्रेंचाइजी को जनवरी में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के निवेशकों को बेच दिया गया था। अभी यह पता नहीं चल पाया है कि अश्विन ईटीपीएल में खेलेंगे या नहीं। इस 39 वर्षीय खिलाड़ी ने दिसंबर 2024 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और पिछले साल इंडियन प्रीमियर लीग से संन्यास ले लिया था। अब वह वैश्विक फ्रेंचाइजी लीग में खेलने के लिए स्वतंत्र हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, 'अश्विन की भागीदारी बेहद दिलचस्प है। इससे उनके ईटीपीएल में खेलने की संभावना बन गई है, जो आयोजकों के लिए बड़ी उपलब्धि होगी।'

### मेस्सी ने भेंट की ट्रंप को रत्नजड़ित गुलाबी फुटबॉल

**वाशिंगटन।** दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी ने पिछले साल मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) कप जीतने पर इंटर मियामी को सम्मानित करने के लिए व्हाइट हाउस में आयोजित एक समारोह के दौरान अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को रत्नजड़ित गुलाबी फुटबॉल भेंट की। इंटर मियामी ने दिसंबर में वैंकूवर व्हाइटकैप्स को हराकर मेजर लीग सॉकर का खिताब जीता था। अर्जेंटीना के सुपरस्टार मेस्सी को लगातार दूसरे सत्र में सबसे मूल्यवान खिलाड़ी (एमवीपी) चुना गया था। ट्रंप ने कहा, 'लियो (मेस्सी) आप टीम से जुड़े और आपकी टीम ने जीत हासिल की। आपके लिए अच्छा प्रदर्शन करना आसान नहीं था। सच कहूं तो आप पर जितना दबाव था, उतना किसी को पता भी नहीं होगा, क्योंकि उम्मीद की जा रही थी कि आप जीत दिलाने में सफल रहेंगे और आपने ऐसा किया।' मेस्सी ने ट्रंप के साथ समारोह में प्रवेश किया। वर्ष 2023 में मियामी से जुड़ने वाले मेस्सी ने कार्यक्रम के दौरान भाषण नहीं दिया। ट्रंप ने मेस्सी को संबोधित करते हुए कहा, ' आप दुनिया में कहीं भी जा सकते थे। आप दुनिया की कोई भी टीम चुन सकते थे, लेकिन आपने मियामी को चुना। मैं आपका आभार व्यक्त करना चाहता हूं कि आपने हम सभी को इस सफर में शामिल किया।

UDGAM · Unclaimed Deposits Gateway To Access inforMation
अपने बैंक में 10 वर्ष से अधिक समय से बिना दावे के पड़े अपने पैसे को उपयोग में लाने का समाधान पाएँ



UDGAM पर जाएँ और जानें कि बैंक से इसका दावा कैसे करें

- UDGAM पोर्टल पर पंजीकरण करें।
- खाताधारक का नाम, बैंक का नाम और जन्म तिथि, पैन कार्ड इत्यादि विवरण का उपयोग करके खोजें।

UDGAM केवल एक खोज सुविधा है। बिना दावे वाली जमाराशियों का दावा संबंधित बैंक(ओं) से करना होगा।

आरबीआई कहता है... जानकार बनिए, सतर्क रहिए!

UDGAM पोर्टल पर बैंकों की सूची उपलब्ध है।

अधिक जानकारी के लिए, https://rbikehtahai.rbi.org.in/ud पर विज़िट करें
फीडबैक देने के लिए, rbikehtahai@rbi.org.in को लिखें

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in




## राष्ट्रध्वज अपमान के मामले में परिवहन मंत्री को विशेष कोर्ट का नोटिस

# परिवाद : क्यों न एफआईआर दर्ज करने आदेश दिए जाए

हरिभूमि जबलपुर।

जबलपुर की एमपीएमएलए विशेष कोर्ट के न्यायाधीश डीपी सूत्रकार ने प्रदेश के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। दरअसल दायर एक परिवाद में तिरंगा यात्रा के दौरान मंत्री पर राष्ट्रध्वज का अपमान करने का आरोप लगाया गया। विशेष कोर्ट से नोटिस जारी होने के बाद राजनीतिक हलको में हड़कंप मच गया। विशेष कोर्ट ने मंत्री से स्पष्टीकरण मांगा है कि उनके विरुद्ध राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश क्यों न दिया जाए।




### यह है पूरा मामला

यह मामला नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव निवासी कौशल द्वारा दायर एक परिवाद पर आधारित है, जिसमें आरोप है कि 11 अगस्त 2024 को गाडरवारा (नरसिंहपुर) में आयोजित 'तिरंगा यात्रा' के दौरान राष्ट्रीय ध्वज का अनादर किया गया था। परिवादी के अनुसार, इस यात्रा का नेतृत्व मंत्री राव उदय प्रताप सिंह कर रहे थे। वह एक खुली जीप के बोनट पर बैठकर जनता को संबोधित कर रहे थे, जबकि उसी बोनट पर राष्ट्रीय ध्वज इस तरह बिछाया गया था कि वह झुक रहा था और मंत्री के पैरों को स्पर्श कर रहा था।

### कानूनी प्रावधान

परिवाद में कहा गया कि यह कृत्य 'राष्ट्रीय गौरव का अपमान निवारण अधिनियम, 1971' की धारा 2 (स्पष्टीकरण 4-ज) का स्पष्ट उल्लंघन है। इस अपराध में दोषी पाए जाने पर तीन वर्ष तक के कारावास का प्रावधान है। परिवादी ने आरोप लगाया कि उन्होंने इस घटना की शिकायत सबसे पहले गाडरवारा थाने और फिर पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर को दी थी, लेकिन मंत्री के पद के प्रभाव के कारण पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। यहाँ तक कि पंजीकृत डाक से भेजी गई शिकायत को भी लेने से इनकार कर दिया गया।

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला

परिवादी ने सुप्रीम कोर्ट के ललिता कुमारी बनाम उत्तर प्रदेश सरकार (2014) के फैसले का हवाला दिया, जिसमें संज्ञेय अपराध की सूचना पर एफआईआर दर्ज करना अनिवार्य बताया गया है। कोर्ट ने परिवादी के बयान और प्रस्तुत साक्ष्यों, जैसे घटना की तस्वीरें, मीडिया क्लिपिंग और डाक विभाग की ट्रैकिंग रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुए मंत्री को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

### स्वतः संज्ञान राज्य सरकार से जवाब - तलब

# सरकारी स्कूलों के हालातों पर हाईकोर्ट ने मांगी जानकारी

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा तथा न्यायाधीश विनय सराफ की संयुक्तपीठ ने प्रदेश में संचालित सरकारी स्कूलों की स्थिति पर संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार से इन्फ्रास्ट्रक्चर और उपलब्ध सुविधाओं का विस्तृत विवरण पेश करने के निर्देश दिए हैं। न्यायालय ने यह भी कहा कि पेश किए जाने वाले जवाब में न केवल राज्य सरकार वरन स्थानीय निकायों द्वारा संचालित स्कूलों की स्थिति का भी पूरा ब्यौरा पेश किया जाए। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली



खंडपीठ ने इस सिलसिले में राज्य के मुख्य सचिव व स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव को नोटिस जारी कर छह सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने के निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 20 अप्रैल को नियत की है।

गौरतलब हो कि जबलपुर के करौंदी स्थित कैंट स्कूल की बदहाल स्थिति को लेकर प्रकाशित एक समाचार के आधार पर उच्च न्यायालय ने 22 अप्रैल 2025 को मामले में स्वतः संज्ञान लिया था। इसी मामले में गुरुवार को संयुक्तपीठ ने सुनवाई की थी। सुनवाई के दौरान न्यायालय के संज्ञान में आया कि संबंधित स्कूल राज्य सरकार के बजाय स्थानीय निकाय द्वारा संचालित किया जा रहा है। इस पर संयुक्तपीठ ने निर्देश दिया कि पूरे प्रदेश में राज्य सरकार तथा स्थानीय निकायों द्वारा संचालित स्कूलों की मौजूदा स्थिति, उपलब्ध सुविधाओं और बुनियादी ढांचे की जानकारी प्रस्तुत की जाए। मामले में सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से शासकीय अधिवक्ता अनुभव जैन उपस्थित हुए।

# होली पर बरगी बांध में नहाते समय डूबे युवक का शव 2 दिन बाद मिला

**जबलपुर।** बरगी बांध में बुधवार को होली खेलने के बाद डूबे युवक का शव दो दिन बाद शुक्रवार 6 मार्च की सुबह बरामद किया गया। बरगी नगर जैन मंदिर के पास रहने वाला 27 साल का शैलेष नेमा बुधवार को होली खेलने के बाद दोस्तों के साथ नर्मदा पर बने बांध में नहाने गया था, जहां गहरे पानी में पहुंच जाने से वह डूब गया। बरगी नगर पुलिस की मौजूदगी में गोताखोरों ने शुक्रवार सुबह करीब साढ़े 8 बजे युवक के शव को बाहर निकाला। इसके बाद पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया तथा मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

गौरतलब हो कि युवक शैलेष नेमा बुधवार सुबह करीब 11 बजे घर से अपने दोस्त रोहन कोइराला और सागर के साथ बरगी नगर में होली खेल रहा था। इसके बाद



तीनों बरगी नगर चौक में बैठे और वहीं से बांध में नहाने जाने का प्लान बना और फिर तीनों बाइक से बरगी बांध के जीरो पॉइंट पहुंचे और वहां पानी में उतर गए। शैलेष के दोस्त रोहन कोइराला के अनुसार वह बांध के किनारे बैठा हुआ था। इसी दौरान शैलेष पानी में चला गया और अचानक उसकी आवाज बचाओं बचाओं की आवाज आई। शुरुआत में उसे लगा कि वह मजाक कर रहा है, क्योंकि शैलेष को तैरना आता था लेकिन कुछ ही देर में वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। रोहन के मुताबिक उसने डेम के ऊपर जाकर मदद मांगी। पास में मौजूद एक युवक ने पानी में उतरकर शैलेष को बचाने की कोशिश भी की और इसी कोशिश में वह करीब 10 मिनट तक शैलेष को पकड़े रहा। बाद में थक जाने के कारण उसने शैलेष को छोड़ दिया, जिसके बाद वह गहरे पानी में डूब गया। रोहन ने पुलिस को बताया कि उसे तैरना नहीं आता था, इसलिए वह पानी में नहीं उतर सका। पुलिस के अनुसार तीनों युवक बांध के उस जीरो पॉइंट तक पहुंचे थे, जहां डेम प्रबंधन ने गेट पार न करने की चेतावनी दी हुई है। इसके बावजूद वे करीब 40 फीट आगे जाकर पानी में उतर गए थे। पुलिस ने दोनों दोस्तों के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## *जबलपुर रेल मंडल में स्वच्छता के लिए 7762 मामलों में कार्रवाई*

**जबलपुर।** जबलपुर रेल मंडल में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते हुए अप्रैल से फरवरी 2026 के बीच 7762 मामलों में कार्रवाई की गई। मंडल द्वारा स्वच्छता के प्रति यात्रियों में जागरूकता लाने एवं रेलवे परिसरों को स्वच्छ बनाए रखने के उद्देश्य से निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। मंडल के अंतर्गत सभी प्रमुख स्टेशनों एवं ट्रेनों में नियमित रूप से साफ-सफाई की जा रही है। स्वच्छता के नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध रेलवे अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 की अवधि में जबलपुर मंडल में कुल 7 हजार 7 सौ 62 मामलों में कार्रवाई की गई, जिससे रेलवे को रुपए 15 लाख 53 हजार 745 से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ। फरवरी माह में ही 477 यात्रियों को ट्रेनों या स्टेशनों पर गंदगी फैलाने के लिए पकड़ा गया, जिन पर आर्थिक दंड लगाकर रेलवे को रुपए 95 हजार से अधिक का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त हुआ।

### तस्वीर वाला पोस्टर लेकर जगह-जगह कर रही तलाश

# सास-ससुर की तलाश में मुंबई से जबलपुर पहुंची बहू

**जबलपुर।** समाज में अक्सर सास-बहू के बीच विवाद की खबरें सामने आती हैं, लेकिन जबलपुर में एक ऐसा भावुक मामला सामने आया है जिसने रिश्तों की मिसाल पेश कर दी है। मुंबई की रहने वाली एक महिला अपने लापता बुजुर्ग सास-ससुर की तलाश में सैकड़ों किलोमीटर का सफर तय कर जबलपुर पहुंची है। यहां संत निरंकारी सत्संग भवनों में सास ससुर की पोस्टर लेकर बहू खडी नजर आ रही है। आने जाने वालें लोगों से भावुक अपील करते हुए दिख रही है कि अगर किसी ने उन्हें देखा हो तो जानकारी दें। महिला का कहना है कि उसके सास-ससुर उसके लिए माता-पिता जैसे हैं और उन्हें ढूंढना ही अब उसका सबसे बड़ा लक्ष्य है। जानकारी के अनुसार बुजुर्ग दंपति करीब आठ महीने पहले मुंबई से अचानक लापता हो गए थे। परिवार ने स्थानीय पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी और अपने स्तर पर भी काफी तलाश की, लेकिन अब तक कोई ठोस जानकारी नहीं मिल सकी। महिला का कहना है कि जब लंबे समय तक कोई सुराग नहीं मिला तो उसने खुद अलग-अलग



शहरों में जाकर तलाश शुरू की। इसी उम्मीद में वह जबलपुर पहुंची है कि शायद किसी सत्संग से जुड़े व्यक्ति या स्थानीय लोगों के जरिए कोई जानकारी मिल सके। स्थानीय लोगों के अनुसार महिला चिलचिलाती धूप में भी पोस्टर लेकर खड़ी रहती है और हर व्यक्ति से अपने सास-ससुर के बारे में पूछती है।

## रादुविवि के विधि संकाय के विद्यार्थी परेशान

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय (रादुविवि) के विधि संकाय के एलएलएम तृतीय सेमेस्टर और एलएलबी प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थी इन दिनों काफी परेशान हैं। इनकी परेशानी की वजह परीक्षा के टाइम टेबल को बताई जा रही हैं। विद्यार्थियों ने बताया कि एलएलएम तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए पूर्व में टाइम टेबल करीब 10 फरवरी के आस-पास जारी किया गया जिसके अनुसार परीक्षाएं 23 फरवरी से प्रारंभ होनी थी लेकिन अचानक बिना कोई कारण बताए यह टाइम टेबल निरस्त कर दिया गया। अब एलएलएम तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थी परेशान हैं कि न जाने कब तक टाइम टेबल जारी होगा। एलएलएम तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों से ज्यादा एलएलबी प्रथम सेमेस्टर के परीक्षार्थी परेशान हैं क्योंकि अब तक उनकी परीक्षाओं को लेकर कोई टाइम टेबल ही नहीं जारी किया गया।

## जंगल में बदबू मारती लाश मिली

**जबलपुर।** बरगी थाना अतंर्गत जंगल में एक अज्ञात युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। शव 6-7 दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। चेहरा गल जाने से उसकी पहचान नहीं हो पा रही है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामलें को जांच में लिया है। बरगी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बसंत नगर निवासी 20 वर्षीय राजाराम भूमिया कल शाम शमशान घाट के पीछे से खेत जा रहा था, तभी जंगल से बदबू आने पर उसने देखा तो वहां एक युवक की लाश पड़ी मिली। उसने बरगी पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए अज्ञात मृतक की शिनाखत्गी के प्रयास जारी है।

### आजाद नगर पहाड़ी पर वारदात

# गालीगलौज को लेकर दो पक्ष भिड़े, 6 घायल

**जबलपुर।** गढ़ा थाना अतंर्गत आजाद नगर पहाड़ी के पास दो दिन पूर्व विवाद को लेकर दो पक्षों ने एक दूसरे के साथ मारपीट कर हथौड़ा व डंडे से मारपीट कर दी। मारपीट की इस वारदात में 6 लोग घायल हो गए, जिनमें तीन महिलाएं शामिल हैं।

गढ़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार आजादनगर सूपाताल निवासी 30 वर्षीय राकेश मेहरा की मां देवकी झारिया से मोहल्ले के पूरन पगारे एवं उसके दोनों दामाद ने गालीगलोज की। रात में जब राकेश मेहरा अपने घर लौट रहा था तभी आजाद नगर पहाड़ी के पास पूरन पगारे एवं उसके दोनों दामाद उसे मिले, जिनसे गालीगलौज के बारे में पूछा तो पुनः विवाद होने लगा, इस दौरान पूरन पगारे ने राकेश मेहरा पर हथौड़े से हमलाकर दिया, राकेश की मॉ देवकी झारिया एवं बहन रश्मि झारिया बीच बचाव करने आयीं तो उनके साथ भी मारपीट की गई। बहन रश्मि को सिर एवं मॉ के आंख के ऊपर व राकेश के सिर पर चोटें आई। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(बी), 118(1), 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

वहीं दूसरे पक्ष आजाद नगर सूपाताल निवासी 50 वर्षीय पूरन पगारे का दो दिन पहले मोहल्ले के राकेश मेहरा से मोटर सायकल आगे पीछे करने की बात को लेकर विवाद हो गया था। इसी बात को लेकर गत रात लगभग 10.30 बजे राकेश मेहरा अपने साथी अरविंद के साथ आया पूरन के घर और गालीगलौज करने लगा, गालियां देने से मना करने पर राकेश, अरविंद, अब्बू ठाकुर व राकेश के पिता ने मारपीट की और अरविंद ने डंडे से घर में लगे कैमरे में तोड़फोड़ कर दी। पूरज का दामाद सोनू बनाफर एवं बेटी प्रभा ने बीच बचाव किया तो राकेश ने सोनू पर लोहे से और भरत ने डंडे से प्रभा पर हमला कर दिया। अब्बू ठाकुर ने पूरन को नीचे गिराकर घसीट दिया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(बी), 118(1), 115(2), 351(2), 324(4), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।




## दिन और रात का तापमान बढ़ा

# अब गर्मी की दस्तक शुरू

**जबलपुर।** अब तापमान धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। दिन और रात का तापमान सामान्य से ऊपर चला गया है। पश्चिमी हवाओं के प्रवेश करने से तापमान को बढ़ने का मौका मिला है। दिन में धूप तेज लगने लगी है, गला सूखने लगा है, रात में भी गर्म वस्त्रों की पूछपरख कम हो गई है। मौसम पूरी तरह से शुष्क हो गया है आसमान साफ है लिहाजा अब गरमी दस्तक देने को आतुर है।

मार्च के पहले पखवाड़े में ही जिस तरह से सूर्यदेव अपना रूप दिखा रहे हैं उससे इस बार पारा 46 पार चला जाए तो आश्चर्य नहीं होगा। मौसम वैज्ञानिकों ने भी इस बार गर्मी के नई ऊंचाईयां लेने की संभावना जतायी है। अमूमन मार्च के पहले पखवाड़े में पारा 30-32 डिग्री के आसपास ही रहता है, लेकिन शुक्रवार 6 मार्च को पारा 35 डिग्री के पार चला गया। स्थानीय मौसम विज्ञान केंद्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार पश्चिमी हवाओं के प्रवेश से वातावरण में गर्माहट आने लगी है। तापमान ने भी उछाल मारी है पिछले 24 घण्टों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 35.06 डिग्री सामान्य से 5 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम



तापमान 17.06 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो 1 डिग्री अधिक रहा। हवा में नमी प्रातःकाल 45 प्रतिशत और सायंकाल 28 प्रतिशत आंकी गई। उत्तर पश्चिमी हवाये 4 से 5 किमी प्रति घण्टा की रफ्तार से चलीं। प्रदेश में सर्वाधिक 39.04 नर्मदापुरम और सबसे कम 10.04 डिग्री का तापमान पचमढ़ी जिले में दर्ज किया गया। सूर्योदय सुबह 6.26 मिनिट पर और सूर्यास्त शाम 6.16 पर हुआ। गत वर्ष अधिकतम तापमान 29.03 और न्यूनतम तापमान 09.06 डिग्री दर्ज किया गया। अगले 24 घण्टों के दौरान मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

## भरे बाजार में सड़क पर ऑटो खड़ा कर लगाया जाम

**जबलपुर।** शहपुरा थानान्तर्गत सप्ताहिक बाजार में एक लोडिंग वाहन के चालक ने बीच सड़क में अपना वाहन खड़ा कर लम्बा जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने यातायात अवरूद्ध करने वाले लोडिंग वाहन चालक पर कार्यवाही करते हुए उसका वाहन जब्त किया है। शहपुरा पुलिस ने बताया कि कल दोपहर लगभग डेढ़ बजे शहपुरा में साप्ताहिक बाजार के दिन काफी भीड़भाड़ थी इस दौरान पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 20 जीए 5967 को वाहन चालक ब्रजेश ठाकुर ने बीच सड़क पर खड़ा कर दिया था जिसके कारण सड़क पर वाहनों की लम्बी कतार लग गयी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल जाम हटवाते हुए यातायात अवरूद्ध करने वाले वाहन चालक पर कार्यवाही कर उसका लोडिंग वाहन जब्त कर लिया है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

## हाईकोर्ट का निर्देश, रेलवे पर लेटलतीफी पर लगाया दस हजार रु जुर्माना

# मृत कर्मी के पोते को दो अनुकम्पा नियुक्ति

हरिभूमि जबलपुर।



मप्र हाईकोर्ट ने पश्चिम मध्य रेलवे को निर्देश दिए हैं कि 30 दिन के भीतर राजगढ़ निवासी जितेन्द्र वर्मा (मृतक का पोता) को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करें।कोर्ट ने कहा कि अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने का मूल उद्देश्य ही विफल हो जाता है यदि सही निर्णय समय पर नहीं लिए जाते हैं। जस्टिस विवेक रूसिया एवं जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने रेलवे अधिकारियों ही हठधर्मिता पर 10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र भी उपलब्ध है। स्पष्ट है कि स्वर्गीय छमा बाई की अनुकंपा नियुक्ति और सेवानिवृत्ति के बकाया का दावा करने वाला कोई और नहीं है। रेलवे पिछले 10 वर्षों से इस मामले में अनावश्यक रूप से देरी कर रहे हैं।

राजगढ़ निवासी जितेन्द्र वर्मा ने केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण में याचिका दायर कर उसकी दादी की मौत के बाद अनुकंपा नियुक्ति की मांग की थी। याचिकाकर्ता के दादा का निधन 18 अगस्त 2002 को हुआ, उसके बाद उनके पिता का भी निधन 12 अगस्त 2006 को हो गया। पालन-पोषण दादी ने किया, जो पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल डिवीजन में हेल्पर-II/खालसी के पद पर कार्यरत थीं। दादी का निधन 19 जून 2016 को हो गया। कैट ने 3 दिसंबर 2024 को रेलवे को निर्देश दिए थे कि याचिकाकर्ता को अनुकंपा नियुक्ति देने पर विचार करें। रेलवे ने अनुकंपा नियुक्ति देने से इनकार करते हुए कैट के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी। सुनवाई के बाद हाइकोर्ट ने उक्त आदेश के साथ रेलवे की याचिका निरस्त कर दी।

## 10 मार्च तक 20 हजार लेट फीस के साथ कर सकेंगे आवेदन

# प्राइवेट स्कूलों के लिए मान्यता का आखिरी मौका

**जबलपुर।** लोक शिक्षण विभाग यानि डीपीआई हाईस्कूल व हायरसेकेण्डरी स्कूलों की नवीन मान्यता व नवीनीकरण की प्रक्रिया शुरू कर चुका है। बिना विलंब शुल्क के ऑनलाइन आवेदन के करने की तिथि निकल चुकी है। लेकिन विभाग ने 20 हजार विलंब शुल्क के साथ मान्यता के लिए आवेदन करने की अंतिम तारीख़ 10 मार्च रखी है। आवेदन के बाद 25 मार्च तक संयुक्त संचालक शिक्षा के नेतृत्व में गठित टीम आवेदन वाले स्कूलों की छानबीन करेगा। इसके बाद जिन स्कूलों के आवेदन को समिति निरस्त करेगी, उसके लिए 25 अप्रैल तक अपील की जा सकती है। इन अपीलों का निराकरण डीपीआई 25 मई को करेगा। इसके बाद स्कूलों की मान्यता जारी कर दी जाएगी।

### ऑनलाइन आवेदन और पोर्टल की जानकारी


डीपीआई ने मान्यता की पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया है। सीबीएसई, आईसीएसई और अन्य बोर्डों से संबद्ध स्कूलों को भी इसी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है। सामान्य शुल्क के साथ आवेदन की समय-सीमा 15 फरवरी को समाप्त हो चुकी है, लेकिन स्कूलों को डीपीआई ने विलंब शुल्क के साथ 10 मार्च तक का आवेदन करने का समय दिया है।

### आवेदन करने के बाद इस तरह चलेगी प्रक्रिया

स्कूलों की जांच संभागीय संयुक्त संचालक द्वारा गठित दल ऑनलाइन आवेदनों की छानबीन की जाएगी। नवीन मान्यता, नवीनीकरण और अपग्रेडेशन के प्रकरणों पर निर्णय लेने की अंतिम तिथि 25 मार्च तय की गई है। यदि किसी स्कूल का आवेदन संयुक्त संचालक स्तर पर निरस्त कर दिया जाता है, तो संबंधित संस्था 25 अप्रैल तक आयुक्त, लोक शिक्षण के समक्ष ऑनलाइन अपील प्रस्तुत कर सकती है। प्राप्त अपीलों का अंतिम निराकरण 25 मई तक कर दिया जाएगा। इसके बाद ही स्कूलों की मान्यता की अंतिम सूची और प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे।

## हर साल अचल संपत्ति तय प्रारुप में विभाग को देंगे

# रेलवे के ग्रुप सी कर्मियों को ही देना होगा ब्यौरा




**जबलपुर।** रेलवे बोर्ड ने पश्चिम मध्य रेलवे सहित सभी जोन के गैर राजपत्रित कर्मचारियों को अपनी अचल संपत्ति का विवरण अनिवार्य रूप से देने का निर्देश जारी किया है. बोर्ड ने अपने आदेश संख्या 19/2026 में कहा गया है कि रेलवे सेवक अपने नाम, परिवार के नाम या किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर मौजूद अचल संपत्ति की जानकारी तय प्रारूप में विभाग को देंगे।

आदेश में कहा गया है कि जिन ग्रुप सी के ऐसे पर्यवेक्षक कर्मचारी, जिनका ग्रेप पे 4600 या उससे अधिक है, उन्हें अपनी विरासत में मिली, खरीदी गई, लीज/मार्गेज पर ली गई अचल संपत्ति का वार्षिक विवरण देना होगा. यह विवरण पहली नियुक्ति के 3 माह के अंदर और हर साल जनवरी में जमा करना अनिवार्य होगा।

रेलवे बोर्ड के आदेश में वाणिज्य विभाग के कर्मचारी भी निशाने पर हैं. विभाग के कुछ वर्गों जैसे रिजर्वेशन क्लर्क, पार्सल क्लर्क, टीटीई और टीसी को भी नियुक्ति के समय संपत्ति का विवरण देना होगा. साथ ही पदोन्नति के समय तथा सेवानिवृत्ति से लगभग 2 वर्षों पूर्व पहले पेंशन संबंधी दस्तावेज जमा करते समय भी संपत्ति का विवरण देना आवश्यक होगा. कर्मचारी अचल संपत्ति रिटर्न (आईपीआर) तय प्रारूप में जमा करेंगे।

## सूने मकान का ताला तोडकर चोरी

**जबलपुर।** हनुमानताल थाना अतंर्गत सिंधी कैंप बाबा टोला में एक सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर और नगदी 18 हजार रुपए चोरी कर ले गए।

हनुमानताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सिंधी कैंप बाबा टोला निवासी 26 वर्षीय ड्राईवर लकी दुबे गत सुबह लगभग 8 बजे पत्नी प्राची दुबे के साथ घर में ताला लगाकर दीदी सीमा तिवारी के घर गया था जहां से दो दिन बाद रात लगभग 11 बजे घर वापस आकर देखा तो घर का ताला टूटा था। अंदर रखी आलमारी में रखे नगदी लगभग 18 हजार रूपये, सोने का 1 मंगलसूत्र, 1 पंचाली, 2 अंगूठी, एक झुमका तथा चांदी की पायल, चांदी का शिवलिंग अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## हाई पावर्ड कमेटी के चेयरमैन व चुनाव अधिकारियों को लिखा पत्र

### डेमोक्रेटिक लायर्स फोरम ने उठाया सवाल

# प्रदेश में आखिर क्यों नहीं लागू हुआ एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट

हरिभूमि जबलपुर।

ADVOCATE

प्रदेश के सवा लाख से अधिक वकीलों का पंजीयन करने वाली सर्वोच्च संस्था एमपी स्टेट बार काउंसिल की नवीन कार्यकारिणी के चुनाव की अधिसूचना जारी होने के साथ ही सवालों की झड़ी लगने लगी है। डेमोक्रेटिक लायर्स फोरम के सचिव अधिवक्ता रवींद्र गुप्ता ने इसी सिलसिले में सवाल दागा है कि प्रदेश में आखिर अब तक एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट क्यों नहीं लागू हुआ। क्या इसे स्टेट बार की असफलता के रूप में न आंका जाए। इसके साथ ही हाई पावर्ड कमेटी के चेयरमैन व चुनाव अधिकारियों को पत्र लिखकर मप्र के वकीलों के हित में प्रावधान किए जाने की मांग है।

अधिवक्ता गुप्ता ने चिंता जताते हुए कहा है कि राज्य में अधिवक्ताओं पर आक्रमण होते रहे, उनके मर्डर होते रहे इसके बावजूद स्टेट बार के सदस्य एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लाने में विफल रहे। लिहाजा, उन्हें आत्मचिंतन करना चाहिए। इसी तरह न्यायपालिका को याचिकाओं के माध्यम से बार-बार परिषद की कार्य प्रणाली पर हस्तक्षेप करना पड़ा। यह भी विचारणीय बिंदु है। पत्र में कहा गया है कि अधिवक्ता अधिनियम के अंतर्गत वही व्यक्ति अधिवक्ता के रूप में कार्य कर सकता है, जो कोई अन्य व्यवसाय और नौकरी न करता हो। इसके बावजूद हजारों फर्जी वकीलों का बोझ बढ़ गया है, जिससे वास्तविक वकील और न्याय प्रणाली बुरी तरह प्रभावित हुई है। इसी तरह स्टेट बार ने विगत 10-15 वर्षों में ऐसा कोई प्रयास नहीं किया की अधिवक्ताओं की सीनियरिटी के बेस पर उनके बैठने के लिए उचित चैंबर और हाल की व्यवस्था की जाए। बल्कि कई बार याचिकाओं के माध्यम से अनाधीकृत रूप से प्रदान किए गए। चैंबर के विषय में लड़ाई अधिवक्ताओं द्वारा लड़ी गई। अधिवक्ता गुप्ता ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के एक महत्वपूर्ण फैसले जिसके अनुसार 25 में से सात सदस्य महिला चुनी जानी है संबंध में चयन प्रक्रिया और चुनाव प्रक्रिया का कोई स्पष्टीकरण अभी तक हाई पावर कमेटी द्वारा जारी नहीं किया गया है, जिससे अधिवक्ताओं को किस तरह वोट डालना है और वोट डालने में सात महिलाएं भी चुनी जानी हैं। इस संबंध में कोई भी स्पष्ट आदेश अभी तक प्रदेश की अधिवक्ताओं को नहीं दिए गए हैं। अतः किस तरह से महिलाओं के प्रतिनिधित्व को स्टेट बार में लाया जाएगा, इस पर संदेह है।

### ध्वनि प्रदूषण के खतरों से सजग रहने दिया संदेश

# विश्व श्रवण दिवस : जागरुकता कार्यक्रम आयोजित



**जबलपुर।** विश्व श्रवण दिवस' के उपलक्ष्य में शुक्रवार को विक्टोरिया जिला अस्पताल में कान की सुरक्षा और जागरूकता हेतु व्यापक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. संजय मिश्रा एवं सिविल सर्जन डॉ. नवीन कोठारी एवं नोडल ऑफिसर डॉ रुमिता आचार्य भी उपस्थित रहे । कार्यक्रम की शुरुआत जागरूकता रैली से हुई। और रैली के माध्यम से आमजन को ध्वनि प्रदूषण के खतरों और कान की देखभाल के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया। विक्टोरिया अस्पताल में आयोजित विशेष शिविर में नाक, कान एवं गला (ईएनटी) रोग विशेषज्ञों की टीम ने मरीजों का परीक्षण किया। इस दौरान डॉ. अमित अग्रवाल, डॉ. शोभा अग्रवाल, डॉ. पंकज ग्रोवर और डॉ. नियोगीने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में आए लोगों की हियरिंग स्क्रीनिंग की गई और उन्हें कान से संबंधित समस्याओं के निवारण के उपाय बताए गए।

जिला अस्पताल के साथ-साथ जिले के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में भी स्क्रीनिंग कैंप लगाए गए। एवं आर बी एस के स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा स्कूल्स मे जाकर बच्चो की हियरिंग स्क्रीनिंग की गई। नोडल ऑफिसर ने बताया कि कम सुनाई देने की समस्या को नजरअंदाज करना घातक हो सकता है, इसलिए समय पर जांच और उपचार अत्यंत आवश्यक है।बच्चो मे हियरिंग लॉस का अर्ली डेटेक्श और कॉक्लीयर इम्प्लांट के बारे मे भी जानकारी दी गई।

## स्कूल से एलसीडी टीवी चोरी

**जबलपुर।** भेड़ाघाट थानान्तर्गत कल दरम्यानी रात अज्ञात चोर ने एक निजी स्कूल का ताला तोड़कर स्कूल के एक कमरे में लगा 42 इंच का एलसीडी टीवी चोरी कर ले गया। चोरी गये टीवी की कीमत 30 हजार रूपए बतायी गई है। घटना के संबंध में भेड़ाघाट पुलिस ने बताया कि सहजपुर निवासी सुभाष उपाध्याय आईडीएल पब्लिक स्कूल सहजपुर में एकाउंटेंट के पद पर कार्यरत है गत 27 फरवरी को सुभाष स्कूल बंद कर घर चला गया था। दूसरे दिन उसने स्कूल आकर देखा कि रूम नंबर 63 में लगी सेंनसुई कम्पनी की 42 इंच वाली एलसीडी टीवी गायब है।



# होली के रंग रिटायर्ड प्रोफेसरों के संग

**जबलपुर।** कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय से रिटायर्ड डॉ नरेंद्र सेठ, डॉ कुंज बिहारी तिवारी, प्रो. रवीन्द्र मक्कड़, प्रो. दिलीप निलाटकार, प्रो. रमेश तिवारी, डा. बी एम खंडेलवाल, प्रो. शरद जैन प्रो. अजीत कुमार पटेल ने विजय नगर कॉफी हाउस में एकत्रित होकर होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर एक-दूसरे के गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दी। अनिल शुक्ला ने बताया कि इस आत्मिक होली मिलन के दौरान प्रो.रवींद्र मक्कड़ ने कहा कि हम 70 से 76 वर्ष की आयु पार कर आगे की जीवन यात्रा कर सुखद और समृद्ध समाज सेवा में समर्पित है। प्रो. दिलीप निलाटकार ने आभार प्रकट किया।

## प्रशासन द्वारा ललपुर में 5 डम्पर अवैध रेत को किया गया जमींदोज

**जबलपुर।** राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम ने आज गोरखपुर अनुभाग के अंतर्गत आने वाले ग्राम ललपुर में अवैध रेत उत्खनन और भंडारण के विरुद्ध एक बड़ी कार्रवाई की। स्थानीय निवासियों द्वारा लंबे समय से की जा रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अनुविभागीय अधिकारी गोरखपुर श्री अनुराग सिंह के निर्देशन में यह कार्यवाही की गई। मौके पर पहुँची खनिज विभाग और पुलिस बल की टीम ने ग्राम ललपुर में अवैध रूप से संग्रहित कर रखी गई भारी मात्रा में रेत को अपने कब्जे में ले लिया। प्रशासनिक आकलन के अनुसार यह जखीरा लगभग 5 डम्पर रेत का था, जिसे माफियाओं द्वारा अवैध विक्रय के उद्देश्य से छिपाकर रखा गया था। कार्यवाही के दौरान अधिकारियों ने जब्त की गई पूरी रेत को मौके पर ही मिट्टी में मिलाकर नष्ट कर दिया, ताकि इसका दोबारा व्यावसायिक उपयोग न किया जा सके। अधिकारियों का स्पष्ट कहना है कि अवैध उत्खनन और भंडारण के खिलाफ यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

## 106 आदतन अपराधियों पर कसा शिकंजा

**जबलपुर।** अवैध कारोबारियों व आदतन अपराधियों के खिलाफ पुलिस लगातार शिकंजा कस रही है। इसके अलावा चैकिंग पाइंट बनाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों तथा अतिक्रमण कर यातायात अवरूद्ध करने वालों पर भी वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गत 24 घंटों के दौरान पुलिस ने 106 आदतन अपराधियों पर धारा 129 बीएनएस के तहत तथा जबरन वाद-विवाद करने वाले 146 लोगों पर भी कार्यवाही को अंजाम दिया। इसी प्रकार पिछले कई वर्षो से फरार 31 गैर मियादी, 34 मियादी वारंटियों को भी गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 34 जमानती वारंट भी तामिल किये गये। इसके अलावा सार्वजनिक स्थानों पर शराब पिलाने लोगों समेत अवैध शराब बेचने वाले 47 सौदागरों पर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर 16 बोतल अंग्रेजी शराब एवं 381 पाव देशी अंग्रेजी मदिरा जब्त की गई। अवैध हथियारों के सौदागरों के खिलाफ भी पुलिस लगातार शिकंजा कस रही है। पिछले 24 घंटों के दौरान पुलिस ने आधा दर्जन लोगों के खिलाफ 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही कर एक तलवार व पांच चाकू जब्त किये हैं। पुलिस ने मोटर यान अधिनियम के तहत कार्यवाही कर 165 वाहन चालकों से 97 हजार रूपए समन शुल्क वसूला।

## मूंग घोटाला व धान भुगतान का मामला गूंजा

# भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री से की सीएम हाउस में मुलाकात



**जबलपुर।** भारतीय किसान संघ के प्रदेश प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री निवास स्थित ममत्व भवन में मुलाकात कर किसानों की विभिन्न समस्याओं व मांगो का ज्ञापन सौंपा। प्रदेश महामंत्री चंद्रकांत गौर ने बैठक के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी, खाद, बीज, बिजली, पानी, सिंचाई, उड़द मूंग खरीदी, गिरदावरी, आवारा पशु, नहरों की मरम्मत, राजस्व सहित किसानों के विभिन्न विषयों पर मुख्यमंत्री से चर्चा की। मांगो के संबंध में जानकारी देते हुए श्री गौर ने बताया कि किसान संघ ने गेहूं की 2700 रुपए प्रति क्विंटल पर खरीदी करने, भूमि अधिग्रहण पर किसानों को बाजार दर का चार गुना मुआवजा देने, गोपालक किसानों को गौशाला के समान अनुदान देने, मंडियों में डाकोज टेस्टिंग मशीन लगाने, 10 टन क्षमता के तौल कांटे लगाने, सहकारी, मंडी व जल समिति के चुनाव कराने, राजस्व प्रकरणों का शीघ्र निराकरण, बिजली फोरम गठित करने, भार वृद्धि वापिस लेने, दिन में बिजली देने, पुराने बिजली तार बदलने, सौर ऊर्जा में 100 प्रतिशत अनुदान देने, विकास प्राधिकरण लैंड पुलिंग योजना से भूमि अधिग्रहण न करने, कृषि यंत्रों पर जीएसटी कम कर अनुदान पर उपलब्ध कराने, सभी फसलों की एमएसपी पर खरीदी करने आदि अन्य मांगे सरकार व उसके अधिकारियों के समक्ष रखी गई। जिस पर सरकार द्वारा सकारात्मक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया। इसके साथ ही तीनों प्रांतों से आए किसान संघ के पदाधिकारियों ने अपने अपने प्रांत की प्रमुख समस्याओं को भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखा।

प्रांत महामंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने जबलपुर, कटनी, मऊगंज के किसानों के भुगतान के विषय को मुख्यमंत्री के सामने उठाकर शीघ्र भुगतान करने की मांग की। श्री पटेल ने नरसिंहपुर कृषि उपज मंडी का निर्माण शीघ्र कराने, दाई व बाई तट की नहरों की मरम्मत के लिए राशि जारी करने, भावांतर योजना के रुके भुगतान करने, पंजीयन की तिथि बढ़ाने आदि मांगे रखी। अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेन्द्र सिंह पटेल ने एमएलटी वेयरहाउस में हुए मूंग खरीदी में फर्जी पंजीयन, किसानों के रुके भुगतान व घोटाले में कार्यवाही करने की मांग की। जिस पर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मुख्य सचिव को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर भारतीय किसान संघ के प्रमुख पदाधिकारियों में क्षेत्र संगठन मंत्री महेश चौधरी, अखिल भारतीय उपाध्यक्ष राम भरोस वासोतिया, अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेन्द्र सिंह पटेल, कार्यकारिणी सदस्य गिरिजा ठाकुर, मालवा प्रांत अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पटेल, महामंत्री रमेश दांगी, मध्यभारत प्रांत अध्यक्ष सर्वज्ञ दीवान, महामंत्री शिवनंदन रघुवंशी, महाकौशल प्रांत महामंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, तीनों प्रांत के संगठन मंत्री भरत पटेल, अतुल माहेश्वरी, तुलाराम धीवर, प्रदेश मंत्री आर सी पटेल, दिनेश शर्मा आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## चाकूबाजी की वारदातों में 3 घायल

जबलपुर। बेलबाग, अधारताल और बरगी थाना क्षेत्र में चाकूबाजी की तीन वारदातों में तीन युवक घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। बेलबाग पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार भानतलैया बेलबाग निवासी 30 वर्षीय अप्पा उर्फ अभिषेक सोनकर गत रात लगभग 9.30 बजे कदम तलैया में अपनी मौसी के यहां से अपनी मम्मी को लेकर आ रहा था तभी सामने से सोहेल सोनकर, आयुष सोनकर एवं शुभम उर्फ राजा सोनकर उससे शराब पीने के लिये एक हजार रूपये मांग करते हुए मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296बी, 119(1), 351(2), 3(5)बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसी तरह अधारताल में गत रात लगभग 10 बजे एक मेडिकल शॉप के सामने अपने दोस्त शिवा के साथ खड़े विनोवा नगर अधारताल निवासी 20 वर्षीय आर्यन रजक से परिचित के फरहान ने जबरन एक हजार रुपए की मांग कर गालीगलौज व मारपीट कर दी और फरहान के दोस्त ने उस पर चाकू से हमला कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296बी, 115(2), 119(1), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसी प्रकार बरगी में ग्राम चुरिया निवासी 34 वर्षीय राकेश बरकड़े से गत दोपहर लगभग 1.25 बजे स्कूल मोहल्ला में गांव का ओमकार सैय्याम आया और शराब पीने के लिए एक हजार रुपए की मांग करते हुए गालीगलौज कर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(बी), 118(1), 119(1), 351(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## खुले रहेगें नगर निगम के सभी कैश काउंटर : निगमायुक्त

**जबलपुर।** करदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के द्वारा अवकाश दिवस शनिवार एवं रविवार को भी नगर निगम के सभी संभागीय कार्यालयों एवं मुख्यालय के कैश काउंटर खोलने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने सभी संबंधितों को निर्देश दिये हैं। निगमायुक्त श्री अहिरवार ने बताया कि करदाताओं की सुविधा के लिए आज शनिवार अवकाश दिवस में भी सभी संभागीय कार्यालय, मुख्यालय कॉल सेन्टर सहित कैश काउंटर खुले रहेगें। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने सभी करदाताओं एवं सभी शासकीय विभागों तथा संस्थाओं के प्रमुखों से इस सुविधा का लाभ लेने की अपील की है।

# पुराने जल संरचनाओं का चिन्हांकन कर उनका पुनर्जीवन करें : कलेक्टर

## जल संचय जन भागीदारी कार्यशाला

**जबलपुर। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में जल संचय जन भागीदारी 2.0 कार्यक्रम अंतर्गत जल गंगा संवर्धन अभियान की तैयारियों के संबंध में भंवरताल गार्डन स्थित संस्कृति भवन में कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें जल संचय के विभिन्न उपायों के बारे में जानकारी देकर कहा गया कि पुराने जल संरचनाओं का चिन्हांकन कर उनका पुनर्जीवन करें। साथ ही नए जल संरचनाओं को बनाने के लिए कार्ययोजना तैयार करें।**



कार्यशाला में कहा गया कि जल ही जीवन है, अतः जिले की समस्त पंचायत एवं ग्रामों, वार्डों में जल स्त्रोंतों के पुनर्जीवन कर जल संरक्षण के सभी आवश्यक उपाय सुनिश्चित करें। चेकडेम बनाने, स्टॉप डेम में गेट लगाना, तालाबों व कुओं की गाद निकालने, तालाबों की पिचिंग, बोरवेल व कुआं रीचार्ज, सूखे बोरवेल को फंक्शनल करनें, रूफ टॉप वॉटर हार्वेस्टिंग स्ट्रकचर, शॉकपिट बनाने, कंटूरट्रेंच, नाला बंधान, परकोलेशन पोंड बनाने आदि के साथ जल संचय करने के अन्य नवाचारों के संबंध में भी जानकारी दी गई।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि जल संचय जन भागीदारी 2.0 और जल गंगा संवर्धन अभियान का एक ही उद्देश्य है कि जल संचय प्रभावी रूप से हो। उन्होंने कहा कि जल स्त्रोंतों के संरक्षण व पुनर्जीवन के साथ जितने भी निर्माण कार्य हो रहे हैं उनमें रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के उपाय हों। सभी विद्यालयों, आंगनवाड़ी केन्द्रों में भी वॉटर हार्वेस्टिंग संरचनाएं सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के लिए किये जा रहे कार्यों को पोर्टल में एंट्री करायें। साथ ही तालाबों को राजस्व रिकार्ड में दर्ज करायें। जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन के लिए शहरी क्षेत्र में नगर निगम कमिश्नर तथा ग्रामीण क्षेत्र में सीईओ जिला पंचायत इस दिशा में प्राथमिकता से कार्य करें। विभाग के निर्देशानुसार पीएचई द्वारा भी हेंडपम्पों में रिचार्ज पिट बनाये जाने व वाटर हार्वेस्टिंग कराये जाने के लक्ष्यों के बारे में जानकारी दी, ताकि नल जल योजनाओं का सफल संचालन हो सके। उन्होंने समूह जल प्रदाय योजनाओं के संचालन के संबंध में नियमित मॉनिटरिंग के संबंध में भी आवश्यक जानकारी दी। बैठक में नगर निगम कमिश्नर श्री रामप्रकाश अहिरवार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## दिलीप कुंभोजकर निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित

**जबलपुर।** बृहन महाराष्ट्र मंडल, जो महाराष्ट्र के बाहर बसे मराठी भाषियों की एक प्रमुख राष्ट्रीय संस्था है, ने नई दिल्ली में अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद के लिए दिलीप कुंभोजकर को निर्विरोध निर्वाचित किया। जबलपुर के दिलीप कुंभोजकर के नेतृत्व में मंडल ने नई दिशा में कार्य करने का संकल्प लिया है। यह चुनाव प्रदेश के देवास में आयोजित किया गया, जिसमें कोलकाता, दिल्ली, चेन्नई, वाराणसी, बंगलोर सहित देशभर की करीबन 350 संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे। इन प्रतिनिधियों ने कार्यकारणी के चुनाव में भाग लिया और एकजुटता के साथ संस्था के विकास की दिशा तय की। इस चुनाव के दौरान, सुश्री मंजुषा देशमुख को भी क्षेत्रीय सचिव (महाकौशल) के पद पर निर्विरोध निर्वाचित किया गया। उनके चुनाव से क्षेत्रीय स्तर पर संगठन को और मजबूती मिलेगी।





## मूर्ख सम्मेलन हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**बरेला।** 46 वर्षों की परंपरा को निभाते हुए खोचड़ समिति बरेला ने मूर्ख सम्मेलन का आयोजन किया, जो रंगमंच पर हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के संयोजक महेश मानव ने बताया कि यह उत्सव भव्य शोभायात्रा के साथ शुरू हुआ, जिसमें मूर्खाधिराज के रूप में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतीक दुबे और सुश्री सोना ठाकुर एयर होस्टेस रानी के रूप में सजे थे। शोभायात्रा में अन्य प्रमुख हस्तियों के रूप में विष्णु तिवारी (खोचडाधीश), आजाद साहू (साउथ इंडियन रानी), और रंगकर्मी वैभव गुप्ता और निकिता सिंह (राधा कृष्ण) भी शामिल थे। इसके अलावा, शोभायात्रा में विविध स्वांगो में मुकेश साहू (डायन), महेश खलीफा (बोरामन), विजय जैन (रशियन महिला), अतीक बर्मन (पागल) और स्वप्निल केसरवानी (दूल्हा) जैसी मजेदार परिधानों में लोग शामिल हुए। झांकियों में दीपक सोनकर और बल्लू चक्रवर्ती (बादशाह जिन्न) समेत कई अन्य आकर्षक प्रस्तुतियां देखने को मिलीं। कार्यक्रम स्थल पर शोभायात्रा के बाद मंचीय कार्यक्रम की शुरुआत हुई। मूर्खाधिराज और खोचडाधीश का ताजपोशी समारोह हुआ, जिसमें विभिन्न प्रमुख लोगों ने उन्हें ताज पहनाया। कार्यक्रम में पंडित प्रेमदास रामायण ने मूर्खाधिराज की आरती, उदय राम साहू ने दोहावली वाचन, नोखेलाल कुशवाहा ने रसीली फागें, और सुरेश बैरागी एवं प्रहलाद बर्मन ने लोकगीत प्रस्तुत किए। मंच पर हास्य और हंसी की झड़ी लगाई गई, जिसमें मुकेश सेन की कविता और गबलू तिवारी के जोक्स ने दर्शकों को लोटपोट कर दिया। अंत में, वैभव गुप्ता और निकिता सिंह ने वृंदावन की फूलों की होली खेलकर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। खोचड़ चैनल समाचार और हास्य गीतों ने कार्यक्रम को और भी मनोरंजक बना दिया, जिससे सभी उपस्थित दर्शक आनंदित हुए।

# शहर के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में दिखाया दम

**सिहोरा।** संस्कारधानी जबलपुर के खिलाड़ियों ने विगत दिवस आयोजित की गई 5 वीं राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में 1 स्वर्ण एवं 4 कांस्य पदक प्राप्त किया। मध्य प्रदेश के लिए जबलपुर के गौरव सिंधिया 60 किलो से कम भार वर्ग में स्वर्ण पदक, आरती तिवारी ने अंडर 21,50 किलो से कम भार वर्ग में एक कांस्य पदक सीनियर 50 किलो से कम भार वर्ग में एक कांस्य पदक एवं महिला टीम फाइट में कांस्य पदक जीता, वहीं सपना पांडे ने टीम फाइट में कांस्य पदक जीता। ज्ञात हो कि 39 वर्षीय कराटे के विक्रम अवार्डी खिलाड़ी गौरव सिंधिया का यह अधिकृत राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 20वां स्वर्ण पदक है।जबलपुर की ओर से राष्ट्रीय जज मधु त्रिपाठी ने प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका निभाई। खिलाड़ियों के इस उपलब्धि पर मध्य प्रदेश ओलम्पिक संघ के सचिव दिग्विजय सिंह,कराटे डेवलपमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट जय सचदेवा एवं जिला खेल अधिकारी आशीष पांडे ने बधाई दी एवं हर्ष व्यक्त किया।




## 15वां आम रोजा इफ्तार आयोजित

**सिहोरा।** खानकाह दरगाह शरीफ सरकार शरीफुल आलिया आला हजरत रोड रज़ा नगर नया मोहल्ला में हर साल की तरह इस साल भी 15 वाँ आम रोजा इफ्तार ज़ेरे सरपरस्ती सज्जादा नशीन ब्रादरे असगर सरकार शरीफुल औलिया पीरे तरीकत यूसुफे मिल्लत हजरत अल्लामा मौलाना सूफी बाबा मोहम्मद यूसूफ रज़ा शरीफी में सम्पन्न हुआ नायबे सज्जादा नशीन शहजाद ए यूसुफे मिल्लत हज़रत मौलाना सूफी बाबा मोहम्मद हसनैन रज़ा शरीफी ने बताया बाद नमाजे असर जश्ने यौमे विलादत (जन्मदिन) हजरत इमाम हसन रजी अल्लाहु तआला अन्हो फिर सामूहिक आम रोजा इफ्तार व मग़रिब की नमाज़ अदा हुई बाद में अपने मुल्क में अमन शांति भाईचारा कायम रखने की दुआ मांगी गई आम लंगर होकर रोजा इफ्तार का समापन हुआ।

## छत्रपति शिवाजी महाराज ने समाज में समरसता का भाव जगाया

# महाराष्ट्र समाज ने 396वीं जयंती पर प्रतिमा स्थल पर अभिषेक पूजन और माल्यार्पण किया

**जबलपुर।** महाराष्ट्र समाज जबलपुर के तत्वावधान में छत्रपति शिवाजी महाराज की 396वीं जयंती फाल्गुन कृष्ण तृतीया के अवसर पर प्रतिमा स्थल मदन महल थाने के पास मनाई गई। कार्यक्रम में महाराज की पुण्यभूमि और मातृभूमि के प्रति समर्पण, सामाजिक समरसता और सनातनी संस्कारों की महत्ता पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि भगवान श्रीराम की मर्यादा और श्रीकृष्ण की कर्मशीलता का समवेत स्वरूप छत्रपति शिवाजी महाराज में देखा जा सकता है। महाराज की शासन व्यवस्था में हर जाति, वर्ग और भाषा-भाषी को जोड़कर मराठा मावलों की सेना ने सनातन संस्कृति के विरोधियों को परास्त किया। वर्तमान समय में भी सनातनी संस्कारों को जन-जन तक पहुँचाने और सामाजिक समरसता को बनाए रखने के लिए जागरूकता आवश्यक है। समारोह की शुरुआत प्रातः कालीन अभिषेक पूजन, माल्यार्पण और पुष्पांजलि से हुई। इस अवसर पर पूजा, अर्चन और आरती का संचालन गुरुजी पं स्वापनिल गरे और पं निर्णय काले ने किया। कार्यक्रम में समाज के अनेक वरिष्ठ सदस्य और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें डा जितेन्द्र जामदार, पूर्व महापौर, सदानंद गोडबोले, पूर्व महापौर डॉ स्वाति सदानंद गोडबोले, अभय गोरे, राजेन्द्र बर्बे, वसंत चेलानी, मंजू देशमुख, डॉ नुपुर देशकर, विध्येश भापकर, प्रशांत धुमाल, आदित्य गुप्ता, निखिल देशकर, प्रकाश पवार, मनोज कुशवाहा, राजू कोतवाल, मनोज चौधरी, राजा हिरसकर, किशोर कलमकर, महेश रोहरा, जितेन्द्र श्रीवास्तव, राजेन्द्र तिवारी, आदि शामिल रहे।



## पवन सोनी कांग्रेस के नगर अध्यक्ष नियुक्त



**सिहोरा।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष ग्रामीण संजय यादव की अनुशंसा पर संगठन प्रभारी महामंत्री डॉ संजय कामले ने पवन सोनी को सिहोरा नगर कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया है। इनकी नियुक्ति पर समस्त कांग्रेस जनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी।

# हवनात्मक महा अभिषेकात्मक महारूद्र यज्ञ 8 से

## शिवमंदिर बाबाताल में 11 दिवसीय आयोजन

**सिहोरा।** नगर की आस्था विश्वास श्रद्धा के केंद्र विंदू सिद्ध पीठ स्थल शिव मंदिर बाबाताल में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हवनात्मक महा अभिषेकात्मक महारुद्र यज्ञ का आयोजन 8 मार्च रविवार से किया जा रहा है। यज्ञ समिति के पंडित राजकुमार तिवारी पिंटा महाराज ने बताया विश्व शांति मानव कल्याण के लिए नृसिंह मंदिर खितौला के ब्रह्मलीन संत स्वामी द्वारका दास महाराज के आशीर्वाद से आयोजित महारुद्र यज्ञ की 37 वीं वर्षगांठ पर यज्ञ और अनुष्ठान के विशेष कार्यक्रम होंगे जिसमें यज्ञ प्रारंभ होने के एक दिन पहले 7 मार्च को संगीतमयी रामलीला का सजीव मंचन प्रारंभ हो जाएगा एंव 8 मार्च को मंदिर प्रांगण से मंगल कलशयात्रा प्रारम्भ होगी यज्ञाचार्य पंडित केशव प्रसाद शास्त्री रहेंगे जो वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ को सम्पन्न करायेंगे 13 मार्च को ब्राह्मण बालकों का यज्ञोपवीत जनेऊ संस्कार होगा यज्ञ समिति ने मेला में दुकान लगाने वाले व्यापारी भाइयों से निवेदन किया है कि यज्ञ प्रारंभ होने के पूर्व अपना स्थान सुरक्षित करने हेतु यज्ञ समिति से संपर्क करे।



# शहडोल से नागपुर एवं रीवा से इतवारी ट्रेन का सिहोरा में आज होगा स्वागत

## सांसद आशीष दुबे की पहल रंग लाईः मिला सिहोरा को दोनों ट्रेनों का स्टापेज

**सिहोरा।** शहडोल से नागपुर एंव रीवा से इतवारी चलने वाली ट्रेन के सिहोरा में स्टापेज के बाद ट्रेन के आगमन पर आज शनिवार को भव्य स्वागत की तैयारी नगर वासियों ने की है। जबलपुर सांसद आशीष दुबे के अथक प्रयासों से दोनों ट्रेनों के सिहोरा रोड रेलवे स्टेशन में स्टापेज हुआ है । अप-डाउनर्स संघ स्टेशन के बाहर मंच लगाकर इतवारी ट्रेन का स्वागत करेगा। कार्यक्रम का आयोजन सांसद आशीष दुबे,सिहोरा विधायक संतोष बरकडे, बहोरीबंद विधायक प्रणय प्रभात पांडे,पाटन विधायक अजय विश्नोई,नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे,भाजपा जिला ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल,जनपद पंचायत सिहोरा अध्यक्ष रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री, मझौली जनपद पंचायत अध्यक्ष विद्या दिनेश चौरसिया की उपस्थिति में आज शनिवार को शाम 6.30 बजे से प्लेटफ़ॉर्म एक के बाहर किया जायेगा। विदित हो दोनो ट्रेनों के स्टापेज के लिए आप डाऊनर्स संघ के अलावा नगर अनेक संगठनों,जागरूक नागरिकों ने समय समय पर सांसद के समक्ष मांग रखी थी। इन दोनों ट्रेनों के स्टापेज से सिहोरा के साथ मझौली, मंझगवा,बहोरीबंद सहित दर्जनों शहरों एंव ग्रामों के लोगों को लाभ मिलेगा और नागपुर इलाज कराने जाने के लिए मरीजों को जबलपुर से ट्रेन में नहीं बैठना इससे उनकी समय के साथ पैसों की भी बचत होगी। अप-डाउनर्स संघ के अध्यक्ष चेतराम विश्वकर्मा,सचिव निशांत विश्वकर्मा सहित अन्य पदाधिकारीयों ने सभी नगर वासियों से आयोजन में पहुंचने की अपील की है।



## शहर में बन रहा है स्वच्छता का वातावरणः निगमायुक्त



**जबलपुर।** शहर अब न केवल साफ दिख रहा है, बल्कि स्वच्छता के प्रति नागरिकों का नजरिया भी बदल रहा है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार की जमीनी धरातल और सख्त मॉनिटरिंग का असर अब शहर की गलियों और मुख्य चौराहों पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। निगमायुक्त श्री अहिरवार ने केवल कागजों पर योजनाएं नहीं बनाईं, बल्कि उन्हें धरातल पर उतारने के लिए ठोस कदम उठाए हैं। कचरा संग्रहण वाहनों का समय निर्धारित किया गया है और जी.पी.एस. के जरिए उनकी निगरानी की जा रही है। इससे शहर के "ब्लैक स्पॉट्स" जहां कचरा फेंका जाता था, तेजी से कम हो रहे हैं। रात्रि कालीन सफाई प्रमुख बाजारों और व्यापारिक क्षेत्रों में रात के समय भी सफाई अभियान चलाया जा रहा है, ताकि सुबह नागरिकों को स्वच्छ वातावरण मिले। कचरे के वैज्ञानिक निपटान पर विशेष जोर दिया जा रहा है, जिससे डंपिंग साइट्स का बोझ कम हुआ है। खाली पड़े स्थानों को साफ कर वहां छोटे पार्क या सेल्फी पॉइंट विकसित किए जा रहे हैं, जिससे अवैध कचरा फेंकने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगा है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के अनुसार, स्वच्छता केवल निगम की जिम्मेदारी नहीं बल्कि एक साझा संकल्प है। सफाई मित्रों के मनोबल को बढ़ाने के लिए उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। स्कूलों और मोहल्ला समितियों के माध्यम से गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग करने के प्रति लोगों को प्रेरित किया जा रहा है।

# स्कूल में फूलों से खेली होली



**पाटन।** नगर स्थित तान्या कान्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल पाटन में होली के अवसर पर बच्चों और विद्यालय परिवार ने फूलों की होली खेलकर आपसी प्रेम, सौहार्द और उल्लास का अद्भुत संदेश दिया। इस आयोजन ने न केवल होली की परंपरा को जीवित रखा, बल्कि पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता का भी प्रचार किया। विद्यालय परिसर रंग-बिरंगे पुष्पों की खुशबू से महक रहा था और बच्चों की खिलखिलाहट से वातावरण गूंज रहा था। प्राचार्य चरण सिंह ने बच्चों के साथ मिलकर फूलों की होली खेली और सभी को अबीर का तिलक लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। नन्हे बच्चों ने बड़े उत्साह और आनंद के साथ इस अनोखी होली परंपरा में भाग लिया, जिससे विद्यालय का वातावरण पूरी तरह से उत्सवमय हो गया। इस विशेष अवसर पर, प्राचार्य चरण सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि प्रेम, भाईचारे और आपसी सद्भाव का भी प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रकृति के प्रति संवेदनशील रहने और सुरक्षित एवं पर्यावरण-अनुकूल तरीके से त्योहार मनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में शिक्षकगण और विद्यालय परिवार के सभी सदस्य भी सक्रिय रूप से शामिल हुए। इस फूलों की होली के आयोजन ने बच्चों के मन में भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति सम्मान और खुशी की भावना को और सुदृढ़ किया। अंत में, सभी ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं और हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

## निधन




**श्री अजय चौधरी-** भोला नगर निवासी श्री विश्वनाथ चौधरी के पुत्र श्री अजय चौधरी (39) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री भूपेंद्रनाथ सहगल-** हाथीताल कॉलोनी निवासी श्री भूपेंद्रनाथ सहगल (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुरेश अग्रवाल-** हनुमानताल पूर्व सुभाष टाकीज के पास निवासी श्री सुरेश अग्रवाल (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती मालती दुबे-** प्रेस्टीज काम्पलेक्स गोल बाजार निवासी श्री चंद्रशेखर दुबे की धर्मपत्नी श्रीमती मालती दुबे (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती निम्मी बाई-** सेठी नगर निवासी श्री पूरन लाल की धर्मपत्नी श्रीमती निम्मी बाई (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती लीलावती सोनी-** जगदम्बा कॉलोनी विजयनगर निवासी श्री शिवलाल सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती लीलावती सोनी (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रत्नेश कुशवाहा-** सिंगल क्वाटर लालमाटी निवासी श्री दुर्गेश कुशवाहा के पुत्र श्री रत्नेश कुशवाहा (21) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री सूरज कुमार बेलवंशी- अंचल नगर छुई खदान श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री सूरज कुमार बेलवंशी (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री नारयण- बड़ी मदार टेकरी ठक्कर ग्राम निवासी श्री नारायण (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री केदार सिंह परिहार-** रेल विहार साउथ सिविल लाइन निवासी श्री केदार सिंह परिहार (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री चोखे लाल- बाबा टोला तीन कुआं के पास शास्त्री वार्ड निवासी श्री चोखे लाल (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती दीपिका मजूमदार-** बारात घर के निकट रांझी निवासी श्री प्रवीर मजूमदार की धर्मपत्नी श्रीमती दीपिका मजूमदार (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुनीता बंशकार-** आचार्य विनोबा भावे वार्ड रज्जन डेयरी के पास निवासी श्री गया प्रसाद बंशकार की धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता बंशकार का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अनिल कुमार चौधरी-** सिंधी कैंप बड़ी मदार टेकरी निवासी श्री राजेंद्र कुमार चौधरी के पुत्र श्री अनिल कुमार चौधरी (34) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
रंगीन 400/-
रंगीन 1100/-

## सरकार ने एस्मा के तहत आपातकालीन शक्तियों का किया इस्तेमाल

# सरकार ने रिफाइनरियों पर लगाया एस्मा एलपीजी उत्पादन बढ़ाने का दिया निर्देश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने तेल रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने का निर्देश देने के लिए 'एस्मा' कानून के तहत आपातकालीन शक्तियों का इस्तेमाल किया है। इसका मकसद पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के कारण संभावित व्यवधानों से निपटने के लिए घरेलू रसोई गैस की उपलब्धता बढ़ाना है।

भारत की एलपीजी खपत वित्त वर्ष 2024-25 में 3.13 करोड़ टन थी, जिसमें से केवल 1.28 करोड़ टन का उत्पादन घरेलू स्तर पर किया गया था, जबकि बाकी का आयात किया गया था। भारत का 85-90 प्रतिशत आयात सऊदी अरब जैसे देशों से आता है जो आवाजाही के लिए महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य पर निर्भर हैं।

### संघर्ष के कारण समुद्री मार्ग हुए बंद

ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच एक सप्ताह से जारी संघर्ष के कारण यह समुद्री मार्ग बंद हो गया है। भारत में तेलशोधन क्षमता पर्याप्त होने के बावजूद तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) के उत्पादन में कमी को देखते हुए सरकार ने रिफाइनरियों को इसका उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

- मिडिल ईस्ट में संघर्ष से व्यवधान के कारण एलपीजी की उपलब्धता बढ़ाना
- देश की वित्त वर्ष 2024-25 में एलपीजी खपत 3.13 करोड़ टन थी
- इस उत्पादन में 1.28 करोड़ टन का उत्पादन घरेलू स्तर पर किया गया



### एलपीजी केवल खाना पकाने के लिए बेची जाएगी

मंत्रालय ने कहा है कि सभी तेल रिफाइनिंग कंपनियां प्रोपेन या ब्यूटेन का इस्तेमाल न तो पेट्रोकेमिकल उत्पादों के निर्माण के लिए करेंगी और न ही उनका उपयोग, प्रसंस्करण, क्रैकिंग या रूपांतरण करेंगी। आदेश में कहा गया है कि इन गैसों से बनने वाली एलपीजी केवल घरेलू उपभोक्ताओं को खाना पकाने के उपयोग के लिए बेची जाएगी।

### रसोई गैस का आपूर्ति निर्बाध बनाए रखेगी सरकार

इसके साथ ही मंत्रालय ने कहा कि आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित कंपनियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। भारत में इस समय 33.08 करोड़ सक्रिय एलपीजी उपभोक्ता हैं और सरकार की कोशिश रसोई गैस की आपूर्ति को निर्बाध बनाए रखने की है।

### प्रोपेन और ब्यूटेन का अधिकतम उपयोग एलपीजी उत्पादन में हो

*पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पांच मार्च को जारी एक आदेश में सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की सभी रिफाइनरियों से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि उत्पादन के दौरान निकलने वाली प्रोपेन और ब्यूटेन गैस का अधिकतम उपयोग एलपीजी के उत्पादन में किया जाए। एलपीजी असल में प्रोपेन और ब्यूटेन गैसों का मिश्रण होता है और देश में इसका उपयोग मुख्य रूप से घरेलू रसोई गैस के रूप में किया जाता है। आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 (एस्मा) के तहत जारी इस आदेश में तेल रिफाइनरियों से कहा गया है कि वे उत्पादित एलपीजी को केवल तीन सार्वजनिक तेल विपणन कंपनियों- इंडियन ऑयल (आईओसी), भारत पेट्रोलियम (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम (एचपीसीएल) को ही उपलब्ध कराएं। इसके साथ ही सरकार ने रिफाइनरियों को प्रोपेन एवं ब्यूटेन का उपयोग पेट्रोकेमिकल उत्पाद बनाने में करने से रोक दिया है।*

# सरकार ने 'उर्वरक' को पश्चिम एशिया संकट से अछूता बताया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत का उर्वरक भंडार खरीफ (ग्रीष्म) फसल के मौसम से पहले अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। सरकार ने शुक्रवार को किसानों और बाजारों को आश्वस्त करने की कोशिश की कि पश्चिम एशिया और होर्मुज जलडमरूमध्य में चल रहे भूराजनीतिक तनाव से घरेलू आपूर्ति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

उर्वरक विभाग ने एक बयान में कहा कि शुक्रवार तक कुल उर्वरक भंडार 177.31 लाख टन था, जो एक साल पहले के 129.85 लाख टन से 36.5 प्रतिशत अधिक है।विभाग ने कहा, ''किसान सरकार की प्राथमिकता हैं और उनके हितों से किसी भी हालत में समझौता नहीं किया जाएगा।'' किसानों से आग्रह किया गया है कि वे बिना घबराए खरीफ की तैयारी में जुट जाएं। धान जैसी ख़रीफ़ फ़सलों की बुवाई जून से दक्षिण-पश्चिम मानसून की शुरुआत के साथ शुरू होती है। सबसे अधिक खपत वाला उर्वरक और प्राकृतिक गैस फीडस्टॉक पर अत्यधिक निर्भर यूरिया का स्टॉक 59.30 लाख टन था। डायमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) का भंडार 25.13 लाख टन था।, जबकि एनपीकेएस उर्वरक भंडार 55.87 लाख टन तक पहुंच गया। सरकार ने कहा कि उसने फरवरी, 2026 तक 98 लाख टन तैयार उर्वरकों का आयात किया है। अगले तीन महीनों में डिलिवरी के लिए 17 लाख टन की निर्यात खेप पहले से ही कतार में हैं।



- भारत का उर्वरक भंडार खरीफ फसल के लिए उच्चतम स्तर पर
- सरकार की किसानों व बाजार को आश्वस्त करने की कोशिश

### उर्वरक क्षेत्र को गैस की आपूर्ति जारी रहेगी

भारतीय कंपनियों ने क्षेत्रीय मूल्य निर्धारण और आपूर्ति में अस्थिरता से बचाव के लिए फॉस्फेटिक और पोटाश (पी एंड के) उर्वरकों के लिए प्रमुख अंतरराष्ट्रीय उत्पादकों के साथ दीर्घकालिक आपूर्ति समझौते भी हासिल किए हैं। एलएनजी आपूर्ति में व्यवधान पर चिंताओं पर विभाग ने कहा कि उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक के बाद उर्वरक क्षेत्र को गैस आवंटन को सर्वोच्च राष्ट्रीय प्राथमिकता दी गई है।

### कंपनियां प्लांट शटडाउन मार्च तक टालने सहमत

विभाग ने कहा कि उर्वरक कंपनियां रखरखाव के लिए निर्धारित प्लांट शटडाउन को मार्च तक के लिए टालने पर भी सहमत हो गई हैं, यह कदम कंपनियों को व्यस्ततम समय की मांग उत्पादन को प्रभावित किए बिना वैश्विक व्यवधान की अवधि का उत्पादक रूप से उपयोग करने की अनुमति देगा।

# सोना 1,100 फिसला, चांदी 600 रुपए टूटी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- सोना टूटकर 1.64 लाख रुपए प्रति दस ग्राम
- चांदी फिसलकर 2.71 लाख रुपए प्रति किलो

कारोबारियों द्वारा लगातार दूसरे सत्र में ऊंचे स्तर पर मुनाफावसूली किये जाने से राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 1,100 रुपये घटकर 1.64 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई, जबकि चांदी भी फिसलकर 2.71 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,100 रुपये या लगभग एक प्रतिशत घटकर 1,64,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। सर्राफा बाजार में चांदी भी 600 रुपये टूटकर 2,71,700 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गई। विश्लेषकों ने कहा कि हाल ही में कीमती धातु की कीमतों में तेज उछाल के बाद व्यापारियों ने मुनाफावसूली की, भले ही वैश्विक रुझान मिश्रित रहे।

हालांकि, अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, नए सिरे से सुरक्षित-निवेश वाली परिसंपत्तियों की मांग के कारण सर्राफा की कीमतें ऊंचे स्तर पर कारोबार कर रही थीं। हाजिर सोना 14.70 डॉलर या 0.29 प्रतिशत बढ़कर 5,095.81 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि चांदी 1.4 प्रतिशत बढ़कर 83.40 डॉलर प्रति औंस हो गई।मुनाफावसूली से बाजार में सीमित बढ़त कारोबारियों ने कहा कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव से कीमती धातुओं को समर्थन जारी है। हालांकि, मुनाफावसूली से घरेलू बाजारों में बढ़त सीमित रही। लेमन मार्केट्स डेस्क के शोध विश्लेषक गौरव गर्ग ने कहा, ''शुक्रवार को सोने और चांदी की कीमतों में उल्लेखनीय उतार-चढ़ाव देखा गया, जो मुख्य रूप से पश्चिम एशिया में चल रहे भू-राजनीतिक तनाव और मजबूत सुरक्षित निवेश की खरीदारी के कारण था।''

# फ्लिपकार्ट ने 300 कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट ने अपनी वार्षिक प्रदर्शन समीक्षा के बाद 250-300 कर्मचारियों की छंटनी की है। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। छंटनी कई विभागों और कर्मचारियों के स्तर पर की गई है। वॉलमार्ट के स्वामित्व वाली यह कंपनी एक ओर जहां अपने प्रस्तावितआरंभिक सार्वजनिक निर्गम से पहले वरिष्ठ स्तर पर नियुक्तियां कर रही है, वहीं दूसरी ओर प्रदर्शन के आधार पर कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाया गया है। फ्लिपकार्ट ने बयान में प्रभावित कर्मचारियों की संख्या बताए बिना कहा, /"हम नियमित रूप से प्रदर्शन समीक्षा करते हैं, जो स्पष्ट रूप से तय किए गए मानकों के अनुसार होती है। इस प्रक्रिया के दौरान, कर्मचारियों का एक छोटा हिस्सा कंपनी छोड़ सकता है। हम प्रभावित कर्मचारियों को नौकरी बदलने या नए अवसर खोजने में मदद प्रदान कर रहे हैं। हालांकि, सूत्रों ने प्रभावित कर्मचारियों की संख्या 250 से 300 के बीच बताई है। दिसंबर, 2025 में फ्लिपकार्ट को राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) से अपना वैधानिक मुख्यालय सिंगापुर से भारत स्थानांतरित करने की मंजूरी मिल गई थी।

# टेलीग्राफ समूह का अधिग्रहण करेगा जर्मन का एक्सेल समूह

**लंदन।** जर्मनी के मीडिया समूह एक्सेल स्प्रिंगर ने ब्रिटेन के प्रतिष्ठित अखबार समूह टेलीग्राफ मीडिया ग्रुप का अधिग्रहण 57.5 करोड़ पाउंड (करीब 76.6 करोड़ डॉलर) में करने पर सहमति जताई है। दोनों कंपनियों ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। इस सौदे के साथ टेलीग्राफ मीडिया ग्रुप के स्वामित्व को लेकर लंबे समय से चल रही प्रक्रिया समाप्त हो जाएगी। यह समूह 171 वर्ष पुराने अखबार 'द डेली टेलीग्राफ' और उसके रविवारी संस्करण 'द संडे टेलीग्राफ' का प्रकाशन करता है। ब्रिटेन के प्रभावशाली और रूढ़िवादी विचारधारा से जुड़े प्रमुख अखबारों में इनकी गिनती होती है।

# विदेशी मुद्रा भंडार में 4.88 अरब डॉलर की बढ़ोतरी

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह में 4.88 अरब डॉलर बढ़कर 728.49 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 2.11 अरब डॉलर घटकर 723.60 अरब डॉलर रहा था। इससे पूर्व इस वर्ष 13 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 725.72 अरब डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंचा था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा माने जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 56.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 573.12 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के रूप में व्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में घट-बढ़ के प्रभाव शामिल होते हैं।

## खंड - I ई - निविदा आमंत्रण सूचना
## मध्यप्रदेश शासन कार्यालय उत्तर सिवनी वनमंडल मध्यप्रदेश

**ई - निविदा आमंत्रण सूचना संख्या / ई-टेंडरिंग / 2025-26 दिनॉक /10/2026**

1. वनमंडल अधिकारी उत्तर सिवनी वनमंडल द्वारा म.प्र. भंडार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 ( यथा संशोधित - 2022 ) के अंतर्गत विभिन्न वन अपराधों में लिप्त पाये जाने पर अंतिम रूप से शासन के पक्ष में राजसात निम्नानुसार वाहनों के निवर्तन हेतु निविदा आमंत्रण-

| 1 | परिक्षेत्र का नाम | रजिस्ट्रेशन नंबर | वाहन का प्रकार | मेक वर्ष | चैचिस नंबर | सत्यंकार निधि एवं निविदा प्रपत्र राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | छपारा | MH 27 A 7328 | कमांडर जीप | 1995 | CDR650DI2ATD60267 | सत्यंकार निधि 15,000/- निविदा प्रपत्र मूल्य 1,000/- |
| 2 | छपारा | MP 22 BA 0622 | महेन्द्रा मैजिक मिनी वेन | 2012 | MAIFB2MCRC6F48085 | |
| 3 | छपारा | MP 28 E 1786 | कमांडर जीप | 1999 | CDR650DI2LXDX162052 | |
| 4 | छपारा | MP 22 MC 4229 | बजाज डिस्कवर | 2012 | MD2DSPAZZUPL581887 | |
| 5 | लखनादौन | MP 22 MN 1929 | एच एफ डीलक्स | 2021 | MBLHAC049M5D83923 | |
| 6 | कहानी | MP 22 MA 3678 | बजाज प्लेटिना | 2021 | MD2DDDZZZRWF51734 | |
| 7 | छपारा | MP 22 MF 8231 | एच एफ डीलक्स | 2019 | MBLHA11ATG9G07300 | |
| 8 | लखनादौन | MP 22 ME 6274 | पेशन प्रो | 2014 | MBLHA10BJFHA02625 | |
| 9 | लखनादौन | MP 22 MN 7352 | हीरो एच.एफ. डीलक्स | 2021 | MBLHAC041M9J03739 | |
| 10 | लखनादौन | MP 49 M 5799 | सुपर स्पलेंडर | 2006 | 06BACF-11109 | |
| 11 | लखनादौन | MP 28 MB 6007 | बजाज प्लेटिना | 2008 | MD2DDDZZZRWB31684 | |
| 12 | लखनादौन | MH 31 AK 8147 | हीरो होन्डा स्पेलेंडर | - | 99K19F01647 | |
| 13 | लखनादौन | ENG NO 99D10E05817 | हीरो होन्डा सीडी 100 | - | ENG NO. 99D10E05817 | |
| 14 | लखनादौन | MP 22 MC 0446 | पेशन प्रो | - | MBLHA10EWBHH15599 | |
| 15 | लखनादौन | MP 22 HA 4880 | टाटा सूमो | - | 418017EWZ913659 | |
| 16 | लखनादौन | MP 28 GI 1335 | छोटा हाथी टाटा एज | - | MAT445056BVH68383 | |

1. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर नि:शुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते है । 2. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट / डेबिट / कैश कार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का आनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनॉक 02.03.2026 सुबह 11:00 बजे से दिनांक 11.03.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है । 3. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होगी । 4. ई - निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं । 5. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल : https://www.mptenders.gov.in

| क्र. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | Document Sale Start | 02.03.2026 | 11:00AM |
| 2 | Bid Submission Start | 02.03.2026 | 11:00AM |
| 3 | Bid Submission End | 11.03.2026 | 02:00PM |
| 4 | Bid Opening | 12.03.2026 | 04:00PM |

G-26838/26

वनमंडल अधिकारी
उत्तर सिवनी वनमंडल

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
### शुद्धिपत्रक

**निविदा सूचना क्रमांक E/52/NGP/2025-2026** में निम्नलिखित संशोधनों पर कृपया ध्यान दें। इस कार्य हेतु निविदा **दिनांक 19.03.2026** को खोली जाएगी:

(1) एडीईएन/डोंगरगढ़ (DGG) के अधिकार क्षेत्र में मुर्हीपार में 02 टाइप-II क्वार्टर, बकल में 02 टाइप-II क्वार्टर, राजनांदगांव में 03 टाइप-III क्वार्टर तथा राजनांदगांव में 02 टाइप-IV क्वार्टर का निर्माण (विद्युत कार्य सहित)। (2) एडीईएन/ गोंदिया के अधिकार क्षेत्र में कचेवानी में 02 टाइप-II क्वार्टर, आमगांव में 02 टाइप-II क्वार्टर, कचेवानी में 02 टाइप-III क्वार्टर तथा आमगांव में 01 टाइप-III क्वार्टर का निर्माण (विद्युत कार्य सहित)। (3) एडीईएन/ गोंदिया के अधिकार क्षेत्र में दरेकसा में 02 टाइप-II कर्मचारी आवासों का नवीन निर्माण (विद्युत कार्य सहित)। (4) गोंदिया में 10-बेड की आरपीएफ महिला बैरक का निर्माण (विद्युत कार्य सहित)। (5) एडीईएन/डोंगरगढ़ (DGG) के अधिकार क्षेत्र में ST तथा अन्य सेवा भवनों की क्षतिग्रस्त फर्श, दरवाजे, खिड़कियाँ, प्लास्टर एवं छत की मरम्मत। (6)एडीईएन /डोंगरगढ़ (DGG) के अधीन रसमारा रेलवे कॉलोनी में अतिक्रमण रोकने हेतु सीमा दीवार का निर्माण।

**कार्य का संशोधित नाम:** (1) एडीईएन/डोंगरगढ़ (DGG) के अधिकार क्षेत्र में मुर्हीपार में 02 टाइप-II आवास, बकल में 02 टाइप-II आवास, राजनांदगांव में 03 टाइप-III आवास तथा राजनांदगांव में 02 टाइप-IV आवासों का निर्माण। (2) एडीईएन/गोंदिया के अधिकार क्षेत्र में कचेवानी में 02 टाइप-II आवास, आमगांव में 02 टाइप-III क्वार्टर तथा कचेवानी में 01 टाइप-खखख क्वार्टर का निर्माण। (3) एडीईएन/गोंदिया के अधिकार क्षेत्र में दरेकसा में 02 टाइप-II स्टाफ क्वार्टर का नवीन निर्माण। (4) गोंदिया में 10-बेड की आरपीएफ महिला बैरक का निर्माण। (5) एडीईएन/डोंगरगढ़ (DGG) के अधिकार क्षेत्र में ड्ढ तथा अन्य सेवा भवनों की क्षतिग्रस्त फर्श, दरवाजे, खिड़कियाँ, प्लास्टर एवं छत की मरम्मत। (6) एडीईएन/डोंगरगढ़ (DGG) के अधीन रसमारा रेलवे कॉलोनी में अतिक्रमण रोकने हेतु सीमा दीवार का निर्माण।

**क्रमांक 1 :निविदा मूल्य (रु.) जैसा विज्ञापित :** 6,85,90,544.42/-**संशोधित:** 6,40,75,960.22/-

**क्रमांक 2 : बोली सुरक्षा (रु.) जैसा विज्ञापित :** 4,93,000.00/- **संशोधित :** 4,70,400.00/-

निविदा की अन्य सभी शर्तें, नियम तथा पात्रता मापदंड यथावत रहेंगे। यह शुद्धिपत्रक निविदा दस्तावेज का अविभाज्य भाग माना जाएगा। बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर अपनी बोली प्रस्तुत करते समय उपरोक्त संशोधनों को ध्यान में रखें।

विस्तृत जानकारी हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध है: www.ireps.gov.in

वरिष्ठ मंडल अभियंता (पूर्व)
द.पू.म. रेलवे नागपुर

AAA/81/345

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

## छत्तीसगढ़ शासन वनविभाग कवर्धा वनमंडल, कवर्धा (छत्तीसगढ़)
### नीलाम की संक्षिप्त सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कवर्धा वनमंडल कवर्धा के अंतर्गत अ. डिपो लालपुर खैरबना (कवर्धा) में एकत्रित ईमारती काष्ठ एवं विभिन्न अस्थाई जलाऊ डिपो में एकत्रित जलाऊ चट्टों का ई-ऑक्शन द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जावेगा । इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि वे ई-आक्शन में भाग लेवें। ई-आक्शन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमंडल कार्यालय / काष्ठागार कवर्धा से प्राप्त की जा सकती है।

नीलाम दिनांक - 17.03.2026
समय - 9:00 बजे प्रात: से

**वनोपज की अनुमानित मात्रा निम्नानुसार है**

| प्रजाति | नया काष्ठ | | | अनबिके काष्ठ | | | योग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी |
| सागौन | 37.368 | 218 | 76 | 277.799 | 80 | 532 | 315.167 | 298 | 608 |
| साल | - | - | - | 54.139 | 180 | - | 54.139 | 180 | - |
| बीजा | - | - | - | 0.452 | - | - | 0.452 | - | - |
| साजा | - | - | - | 19.413 | - | - | 19.413 | - | - |
| धावड़ा | - | - | - | 5.840 | - | - | 5.840 | - | - |
| कसही | - | - | - | 1.855 | - | - | 1.855 | - | - |
| हल्दू | - | - | - | 3.030 | - | - | 3.030 | - | - |
| अन्य | - | - | - | 17.313 | 470 | - | 17.313 | 470 | - |
| योग:- | 37.368 | 218 | 76 | 379.841 | 730 | 532 | 417.209 | 948 | 608 |

टीप :-(1) केताओ को ई-आक्शन के पूर्व MSTC E-Auction portal में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। अ. डिपो लालपुर खैरबना में मिश्रित प्रजाति के 197 चट्टा, अ.ज. डिपो बोड़ला में सलिहा प्रजाति के 05 चट्टा, अ.ज. डिपो बानो में मिश्रित प्रजाति के 63 चट्टा, सलिहा प्रजाति के 127 चट्टा, कुल 392 जलाऊ चट्टा ।(2) क्रेताओ को ई-आक्शन के पूर्व कय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है । सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई. एम. डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।(3) लाट की थप्पीसूची एवं फोटो MSTC E-Auction portal में अपने आई.डी. से लॉगइन करके देख सकते है।(4) ई-आक्शन में लॉट क्रय करने हेतु प्रथम क्रेता को 40 सेकंड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं को क्रय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा ।(5) प्रत्येक लॉट 30 सेकंड की अवधि के लिए बोली लगाने के लिए लाइव रहेगा। यदि अंतिम सेकंड में कोई बोली प्राप्त नही होती है तो लॉट बंद कर दिया जायेगा ।

जी-252607066/2

वन मंडलाधिकारी
कवर्धा, वनमण्डल कवर्धा

## कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण परिक्षेत्र भोपाल (म.प्र.)

// निविदा सूचना //

निविदा सूचना क्रमांक 30/मु.अ. (सेतु परिक्षेत्र) / वर्ष 2025-26 — भोपाल, दिनांक 24/02/2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसारट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्य की अनु. राशि (रू लाख में) | ईएमडी राशि एवं टेण्डर फीस तथा निविदा से संबंधित सम्पूर्ण दस्तावेज जमा करने हेतु |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2026_PWDRB_484723_1 | जबलपुर | पुल कार्य | जबलपुर जिले के अंतर्गत बनखेडी ककरेहटा मार्ग में हिरन नदी पर पहुँचमार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य । | द्वितीय | 2157.86 | केवल ऑन-लाईन |
| 2 | 2026_PWDRB_484724_1 | खरगोन | पुल कार्य | खरगोन जिले के ग्राम माकडखेडा से पीपलगोन रोड वेदा नदी पर रपटा के स्थान पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य । | प्रथम | 1374.93 | केवल ऑन-लाईन |
| 3 | 2026_PWDRB_484725_1 | बैतूल | पुल कार्य | बैतूल जिले के ग्राम बीजादेही से टांगना मार्ग पर मोरण्ड नदी पर पहुँच मार्ग सहित उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य । | द्वितीय | 843.56 | केवल ऑन-लाईन |
| 4 | 2026_PWDRB_484727_1 | डिण्डोरी | पुल कार्य | डिण्डोरी जिले के गाढासरई बछरगांव मार्ग में चकरार नदी पर पहुँच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य । | तृतीय | 557.76 | केवल ऑन-लाईन |
| | | | | कुल योग | | 4934.11 | |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 17/03/2026 (17:30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मुख्य अभियंता
लो.नि.वि. सेतु निर्माण परिक्षेत्र भोपाल

G-26854/25

" स्वच्छता ही सेवा "

## कार्यालय - वसूली अधिकारी-I, ऋण वसूली न्यायाधिकरण-II, दिल्ली
## चौथी मंजिल, जीवन तारा बिल्डिंग, पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली-110001

### बिक्री घोषणा की सूचना

टी.आर.सी. संख्या 41/2022

>

**आयकर अधिनियम, 1961 की दूसरी अनुसूची के नियम 52(2) के तहत बैंक और वित्तीय संस्थानों को देय ऋणों की वसूली अधिनियम, 1993 के साथ पठित बिक्री की घोषणा।**

**सीडी#1** मेसर्स मीनाक्षी फर्टिलाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय: सी-148, दूसरी मंजिल, ग्रेटर कैलाश-I, नई दिल्ली
**सीडी#2** श्री दीपक जैन पुत्र स्वर्गीय श्री समर चंद जैन
सी-148, दूसरी मंजिल, ग्रेटर कैलाश-I, नई दिल्ली
**सीडी#3** श्री गौरव जैन पुत्र श्री दीपक जैन
सी-148, दूसरी मंजिल, ग्रेटर कैलाश-I, नई दिल्ली

1. जबकि पीठासीन अधिकारी, ऋण वसूली न्यायाधिकरण-II द्वारा दिनांक 01.09.2018 को ओ.ए. संख्या 121/2014 में जारी हस्तांतरण वसूली प्रमाण पत्र संख्या 41/2022 के अनुसार, प्रमाण पत्र के देनदारों से मुकदमे की कार्यवाही के दौरान और भविष्य में 15.00% प्रति वर्ष की दर से ब्याज सहित **10,11,14,094.22 रुपये (दस करोड़ ग्यारह लाख चौदह हजार चौरानवे रुपये और बाईस पैसे मात्र)** की वसूली की जानी है, साथ ही वसूली प्रमाण पत्र में उल्लिखित लागत और प्रभार भी वाद की तारीख से लागू होने हैं।
2. और जबकि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त वसूली प्रमाण पत्र के अनुपालन में नीचे दी गई अनुसूची में उल्लिखित संपत्ति की बिक्री का आदेश दिया है।
3. इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि स्थगन के किसी आदेश के अभाव में, उक्त संपत्ति की **बिक्री ई-नीलामी द्वारा की जाएगी और बोली प्रक्रिया 23.04.2026 को सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे के बीच वेबसाइट https://bankeauction.com** के माध्यम से **ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक बोली** द्वारा होगी, आवश्यकता पड़ने पर दोपहर 12 बजे के बाद 5 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा।
4. यह बिक्री ऊपर उल्लिखित सीडी (सीडी) की संपत्ति की होगी, जैसा कि नीचे दी गई अनुसूची में उल्लिखित है, और उक्त संपत्ति से संबंधित देनदारियां और दावे, जहां तक पता लगाए गए हैं, प्रत्येक लॉट के सामने अनुसूची में निर्दिष्ट हैं।
5. अनुसूची में निर्दिष्ट अनुसार संपत्ति की बिक्री की जाएगी। यदि संपत्ति के एक हिस्से की बिक्री से बिक्री द्वारा प्राप्त राशि की पूर्ति हो जाती है, तो शेष हिस्से के संबंध में बिक्री तुरंत रोक दी जाएगी। यदि नीलामी पूरी होने से पहले, उक्त प्रमाण पत्र में उल्लिखित बकाया राशि, ब्याज लागत (बिक्री की लागत सहित) बिक्री अधिकारी को प्रस्तुत कर दी जाती है या उनके संतोष के लिए यह प्रमाण प्रस्तुत किया जाता है कि उक्त प्रमाण पत्र, ब्याज और लागत की राशि अधोहस्ताक्षरी को भुगतान कर दी गई है, तो भी बिक्री रोक दी जाएगी।
6. बिक्री से संबंधित किसी भी कर्तव्य का निर्वाह करने वाला कोई भी अधिकारी या अन्य व्यक्ति, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से बेची गई संपत्ति में किसी भी प्रकार का हित प्राप्त करने, प्राप्त करने या प्राप्त करने का प्रयास नहीं करेगा।
7. यह बिक्री आयकर अधिनियम, 1961 की द्वितीय अनुसूची और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों में निर्धारित शर्तों तथा निम्नलिखित अतिरिक्त शर्तों के अधीन होगी:-7.1 संलग्न अनुसूची में निर्दिष्ट विवरण अधोहस्ताक्षरी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार दिए गए हैं, परन्तु अधोहस्ताक्षरी इस घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत कथन या चूक के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे। 7.2 वह आरक्षित मूल्य जिससे नीचे संपत्ति क्रमांक **(लॉट 1) पट्टे पर ली गई प्लॉट संख्या 72, जिसका क्षेत्रफल 79,500 वर्ग फुट है, जो औद्योगिक क्षेत्र, रिचल, जबलपुर, मध्य प्रदेश में स्थित है, नहीं बेची जाएगी, वह है आरक्षित मूल्य: 1,99,00,000/- रुपये (एक करोड़ निन्यानवे लाख रुपये मात्र) और बयाना राशि (ईएमडी): रुपये। पैरा (1) में उल्लिखित संपत्ति के संबंध में, (लॉट 2) पट्टे पर ली गई प्लॉट संख्या 72 (पिछला भाग), जिसका क्षेत्रफल 24,750 वर्ग फुट है और जो औद्योगिक क्षेत्र, रिचल, जबलपुर, मध्य प्रदेश में स्थित है, को आरक्षित मूल्य: 58,00,000/- रुपये (अठावन लाख नब्बे हजार रुपये मात्र) और बयाना राशि (ईएमडी): 5,80,000/- रुपये (पांच लाख अस्सी हजार रुपये मात्र) पर नहीं बेचा जाएगा, और (लॉट 3) उपर्युक्त परिसर में स्थित संयंत्र और मशीनरी को आरक्षित मूल्य: 12,00,000/- रुपये (बारह लाख रुपये मात्र) और बयाना राशि (ईएमडी): 1,20,000/- रुपये (एक लाख बीस हजार रुपये मात्र)** पर नहीं बेचा जाएगा।

7.3 इच्छुक बोलीदाता, जिन्होंने आरक्षित मूल्य से कम न होने की बोली, पैन कार्ड, पहचान पत्र, पता प्रमाण पत्र आदि सहित दस्तावेजों के साथ, **21.04.2026 को शाम 5.00 बजे से पहले** वसूली अधिकारी-I, डीआरटी-II, दिल्ली के कार्यालय में जमा कर दी है, वे **23.04.2026 को सुबह 11.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक** आयोजित होने वाली ई-नीलामी में भाग लेने के पात्र होंगे। यदि नीलामी के समापन समय के अंतिम 5 मिनट में बोली लगाई जाती है, तो समापन समय स्वत: 5 मिनट के लिए बढ़ जाएगा।

7.4 बोली लगाने वाले **(प्रत्येक लॉट)** के लिए अपनी बोली को **1,00,000/- रुपये (एक लाख रुपये मात्र)** के गुणक में बढ़ाएंगे।

7.5 असफल बोली लगाने वाला ई-नीलामी की कार्यवाही समाप्त होने के तुरंत बाद वसूली अधिकारी-I, DRT-II दिल्ली/CH के कार्यालय, यानी कैनरा बैंक से सीधे ईएमडी प्राप्त करेगा।

7.6 सफल/उच्चतम बोली लगाने वाले को ई-नीलामी समाप्त होने के 24 घंटे के भीतर और ईएमडी समायोजित करने के बाद, बोली/बिक्री राशि के 25% का डिमांड ड्राफ्ट/पे ऑर्डर वसूली अधिकारी-I, DRT-II, दिल्ली, **खाता संख्या टी.आर.सी. नंबर 41/2022** के पक्ष में तैयार करके वसूली अधिकारी-I, DRT-II, दिल्ली के कार्यालय में जमा करना होगा, अन्यथा यह ई-नीलामी समाप्त होने के 24 घंटे के भीतर पहुंच जाएगा; अन्यथा ईएमडी जब्त कर लिया जाएगा।

7.7 सफल/उच्चतम बोलीदाता, वसूली अधिकारी-I, I, DRT-II, दिल्ली (खाता **संख्या टी.आर.सी. नंबर 41/2022**) के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट/पे ऑर्डर के माध्यम से, संपत्ति की नीलामी की तारीख से 15वें दिन (इस दिन को छोड़कर) या यदि 15वां दिन रविवार या अन्य अवकाश हो, तो 15वें दिन के बाद पहले कार्यालय दिवस पर, वसूली अधिकारी-‹दिल्ली के समक्ष, रजिस्ट्रार, दिल्ली के पक्ष में जमा करेगा। साथ ही, 1,000 रुपये तक की कुल राशि पर 2% और 1000 रुपये से अधिक की राशि पर 1% की दर से पाउंडेज शुल्क भी जमा करेगा। (यदि शेष 75% राशि डाक द्वारा जमा की जाती है, तो वह उपर्युक्त वसूली अधिकारी तक पहुँच जानी चाहिए।)

7.8 सफल/उच्चतम बोलीदाता को आयकर अधिनियम की धारा 194-आईए के प्रावधानों का पालन करने और इस मंच के समक्ष जमा की जाने वाली नीलामी राशि पर लागू टीडीएस का भुगतान करने की स्वतंत्रता होगी। ऐसी स्थिति में, सफल/उच्चतम बोलीदाता को शेष बिक्री राशि का भुगतान करते समय इस मंच के समक्ष उक्त राशि जमा करने का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा।

7.9 निर्धारित अवधि के भीतर भुगतान न करने की स्थिति में, बिक्री की नई घोषणा जारी करने के बाद संपत्ति को पुन: बेचा जाएगा। बिक्री के खर्चों को पूरा करने के बाद, यदि अधोहस्ताक्षरी उचित समझे, तो जमा राशि सरकार द्वारा जब्त की जा सकती है और चूक करने वाला क्रेता संपत्ति या उस राशि के किसी भी हिस्से पर अपने सभी दावों को खो देगा जिसके लिए इसे बाद में बेचा जा सकता है।

8. संपत्ति **जैसी है, जहाँ है और जैसी है, उसी आधार पर** बेची जा रही है।
9. सीएच बैंक/सीएचएफआई को निर्देश दिया जाता है कि वह इसमें दी गई जानकारी की सत्यता की पुष्टि और सत्यापन करे।
10. हस्ताक्षरकर्ता के पास किसी भी या सभी बोलियों को अनुचित पाए जाने पर स्वीकार या अस्वीकार करने या बिना कोई कारण बताए किसी भी समय नीलामी स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित है।

### संपत्ति की अनुसूची

| विक्रय की जाने वाली संपत्ति का विवरण | संपत्ति या उसके किसी भाग पर निर्धारित आरक्षित मूल्य | संपत्ति पर लागू किसी भी भार का विवरण | संपत्ति के संबंध में किए गए दावे (यदि कोई हों) और उसकी प्रकृति और मूल्य से संबंधित कोई अन्य ज्ञात जानकारी |
|---|---|---|---|
| मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले के रिचल स्थित औद्योगिक क्षेत्र में लीजहोल्ड प्लॉट संख्या 72, जिसका क्षेत्रफल 79,500 वर्ग फुट है। | जानकारी नहीं | जानकारी नहीं | जानकारी नहीं |
| लीजहोल्ड प्लॉट नंबर 72 (पिछला भाग), क्षेत्रफल 24,750 वर्ग फुट, औद्योगिक क्षेत्र, रिचल, जबलपुर, मध्य प्रदेश में स्थित है। | जानकारी नहीं | जानकारी नहीं | जानकारी नहीं |
| उपर्युक्त परिसर में स्थित संयंत्र और मशीनरी | जानकारी नहीं | जानकारी नहीं | जानकारी नहीं |

मेरे हस्ताक्षर और मुहर के तहत दिनांक 18.02.2026 को दिया गया।

(अर्चना सहगल)
वसूली अधिकारी-I
डीआरटी-II, दिल्ली

चिंतन

# भारत का ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर होना जरूरी

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव ने एक बार फिर वैश्विक ऊर्जा बाजार को अस्थिर कर दिया है। अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ती टकराहट ने पूरी दुनिया को चिंतित कर दिया है। इस संघर्ष का सबसे बड़ा असर तेल और गैस की आपूर्ति पर पड़ सकता है। भारत जैसे विकासशील देश के लिए यह स्थिति विशेष रूप से संवेदनशील है, क्योंकि देश अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात के जरिए पूरा करता है। ऐसे में यह सवाल और अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है कि भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में जल्द से जल्द आत्मनिर्भर बनना होगा, ताकि किसी भी वैश्विक संकट के दौरान देश की अर्थव्यवस्था और आम जनता पर गंभीर असर न पड़े। दरअसल, वैश्विक राजनीति और ऊर्जा आपूर्ति का गहरा संबंध है। जब भी किसी क्षेत्र में युद्ध या तनाव बढ़ता है, उसका सीधा असर तेल और गैस की कीमतों पर पड़ता है। वर्तमान हालात में भी यही स्थिति दिखाई दे रही है। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण मिडिल ईस्ट क्षेत्र में ऊर्जा आपूर्ति को लेकर अनिश्चितता पैदा हो गई है। इसका असर भारत जैसे देशों पर पड़ना स्वाभाविक है, क्योंकि भारत अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा विदेशों से मंगाता है। यदि यह संकट और बढ़ता है तो देश में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतें बढ़ सकती हैं, साथ ही आपूर्ति भी प्रभावित हो सकती है। इसी खतरे को देखते हुए केंद्र सरकार ने समय रहते कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। सरकार ने देश की सभी ऑयल रिफाइनरी कंपनियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने का निर्देश दिया है। इमरजेंसी पावर का इस्तेमाल करते हुए यह फैसला इसलिए लिया गया है ताकि देश में रसोई गैस की किल्लत न हो और उपभोक्ताओं को बिना रुकावट सिलेंडर मिल सके। हालांकि फिलहाल भारत को एक अस्थायी राहत भी मिली है। अमेरिका ने भारतीय रिफाइनरियों को रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए 30 दिन का विशेष लाइसेंस दिया है। यह लाइसेंस 3 अप्रैल तक वैध रहेगा, लेकिन यह राहत अस्थायी है और इससे यह भी स्पष्ट होता है कि ऊर्जा के मामले में भारत अभी भी अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक परिस्थितियों पर काफी हद तक निर्भर है। ऊर्जा क्षेत्र में यह निर्भरता भारत की संप्रभुता के लिए भी चुनौती बन सकती है। जब कोई देश अपनी मूलभूत जरूरतों के लिए दूसरों पर निर्भर रहता है तो कई बार उसे अंतरराष्ट्रीय दबावों का सामना करना पड़ता है और ब्लैकमेलिंग का शिकार होता है। रूस से तेल खरीदने के मुद्दे पर पहले भी भारत को वैश्विक दबाव झेलना पड़ा है। इसी तरह अमेरिका द्वारा टैरिफ की धमकी देना भी यह संकेत देता है कि आर्थिक और ऊर्जा निर्भरता किसी भी देश को कमजोर बना सकती है। इसलिए दीर्घकालिक समाधान यही है कि भारत ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बने। इस संदर्भ में 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' का मुद्दा भी बेहद महत्वपूर्ण है। यह जलमार्ग फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति का प्रमुख मार्ग माना जाता है। भारत के लिए यह मार्ग और भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि देश अपनी जरूरत का लगभग 50 प्रतिशत कच्चा तेल और 54 प्रतिशत एलएनजी इसी रास्ते से आयात करता है। यदि ईरान और अन्य देशों के बीच तनाव के कारण यह मार्ग बाधित होता है तो भारत सहित पूरी दुनिया के लिए ऊर्जा संकट गहरा सकता है।



सियासत
उमेश चतुर्वेदी

# सवालों के घेरे में नीतीश की विदाई

दो दशकों से बिहार की सत्ता की धुरी रहे नीतीश कुमार की विदाई को लेकर सियासी गलियारों में जितनी हैरत जताई जा रही है। नीतीश ने कभी ऐसा जाहिर नहीं किया कि वे सत्ता से दूर हो सकते हैं। जिस तरह से नीतीश ने खुद को बिहार से दूर किया है, उससे लगता है कि दोनों दलों के शीर्ष नेतृत्व के बीच ऐसी समझ विकसित हो चुकी थी। चूंकि इसकी भनक बाहर नहीं लग पाई थी, इसलिए यह बदलाव लोगों को आसानी से पच नहीं रहा। नीतीश ने जिस जनता दल यू को सींचा-खड़ा किया है, उसका भी चरित्र कुछ-कुछ कांग्रेस की तरह हो गया है। जिस तरह नेहरू-गांधी परिवार कांग्रेस को एक रखने का चुंबक है, नीतीश ही जनता दल यू के लिए उसी तरह के चुंबक हैं।

दो दशकों से बिहार की सत्ता की धुरी रहे नीतीश कुमार की विदाई को लेकर सियासी गलियारों में जितनी हैरत जताई जा रही है, सवाल भी उतने ही उठ रहे हैं। बीस साल से कुछ ज्यादा वक्त से लगातार बिहार की सत्ता में बने रहे नीतीश का सियासी स्वभाव ही सवालों और आश्चर्य की वजह बना है। नीतीश ने जब से सत्ता संभाली है, उन्होंने कभी ऐसा जाहिर नहीं किया कि वे सत्ता से दूर हो सकते हैं। बीच में जीतन राम मांझी को नौ महीने के लिए सत्ता सौंपकर संन्यासी और बीतरागी जैसा दिखने की कोशिश उन्होंने जरूर की, लेकिन वह सिर्फ दिखावा था।

सत्ता का असल सूत्र उनके ही हाथ था। जब लगा कि मांझी उस सूत्र को काट कर स्वाधीन पहचान बनाने की कोशिश कर रहे हैं, उस धागे को काट सत्ता खुद थाम ली थी। नीतीश सत्ता को इतनी आसानी से छोड़ देंगे, इस पर आसानी से भरोसा न करने की वजह उनका अतीत रहा है। कभी जीन विवाद तो कभी किसी दूसरी वजह से उन्होंने अपनी पुरानी सहयोगी बीजेपी को छोड़ उस लालू का हाथ दो-दो बार थाम लिया, जिनके विरोध की बुनियाद पर ही उनकी राजनीति परवान चढ़ी। फिर जब उन्हें लगा कि लालू का साथ उनकी सियासी नैया को डुबो देगा तो फिर बीजेपी की ओर लौटने में भी उन्होंने देर नहीं लगाई। यह सियासी आवाजाही हर हाल में सत्ता पर पकड़ बनाए रखने की उनकी चाहत का ही प्रतीक लगती है। इसी वजह से उनकी विदाई को सहजता से स्वीकार करना कठिन हो रहा है। राजनीति का एक चरित्र है। अपने कदमों को लिए वह जिन कारणों को गिनाती है, हकीकत में वे कारण होते ही नहीं। नीतीश ने भी कहा है कि वे चाहते थे कि संसद के दोनों सदनों और विधानमंडल के दोनों सदनों के सदस्य बनें। विधानमंडल और लोकसभा के वे सदस्य रह चुके हैं, लेकिन राज्य सभा के वे सदस्य कभी रहे नहीं, इसलिए वे बिहार की राजनीति छोड़ राज्यसभा का सदस्य बनने जा रहे हैं। हो सकता है कि नीतीश की यह चाहत रही हो, लेकिन उनके बिहार को छोड़ने के पीछे का यह सच अधूरा है। विगत दो साल में नीतीश कुमार की जुबान कई बार फिसली है। उनकी हरकतें भी कई बार हास्यास्पद रही हैं। नीतीश की छवि ऐसे गंभीर शख्सियत की रही है, जो नाप-तोलकर बोलता है। इसी छवि ने गाहे-बगाहे फिसलती रही जुबान और उल-जलूल हरकतों के बावजूद उनके प्रति लोगों का सम्मान कम नहीं होने दिया है। इसी छवि के चलते विगत के बिहार चुनाव में एनडीए को भारी जीत भी मिली। इसके साथ ही यह भी मान लिया गया कि इन चुनावों के बाद नीतीश की विदाई भी हो सकती है। यह कहना मुश्किल है कि बीजेपी और जनता दल यू ने तय किया हो कि चुनाव बाद नीतीश हट जाएंगे या हटा दिए जाएंगे। जिस तरह से नीतीश ने खुद को बिहार से दूर किया है, उससे लगता है कि दोनों दलों के शीर्ष नेतृत्व के बीच ऐसी समझ विकसित हो चुकी थी। चूंकि इसकी भनक बाहर नहीं लग पाई थी, इसलिए यह बदलाव लोगों को आसानी से पच नहीं रहा।

नीतीश ने जिस जनता दल यू को सींचा-खड़ा किया है, उसका भी चरित्र कुछ-कुछ कांग्रेस की तरह हो गया है। जिस तरह नेहरू-गांधी परिवार कांग्रेस को एक रखने का चुंबक है, नीतीश ही जनता दल यू के लिए उसी तरह के चुंबक हैं। बेशक राजीव रंजन सिंह उर्फ लल्लन,



संजय झा, विजय चौधरी और अशोक चौधरी, नीतीश के बेहद करीब हैं। लेकिन इन चारों की समूचे जनता दल यू में स्वीकार्यता नहीं है। जदयू को एक नीतीश रख सकते हैं या उनके बेटे निशांत। जदयू को एक रखने के लिए निशांत का राजनीति में आना जरूरी है। राजनीति में उनके प्रवेश की अटकलें करीब दो वर्षों से लगाई जा रही हैं। नीतीश की छवि परिवारवाद विरोधी नेता की भी है। बिहार की राजनीति के केंद्र में उन्हें लाने के पीछे लालू के परिवारवाद पर उनका तीखा हमला भी रहा है। ऐसे में नीतीश के बाद सीधे निशांत की ताजपोशी उनकी छवि को नुकसान पहुंचा सकती थी, लिहाजा निशांत को उत्तराधिकार सौंपने के लिए ऐसी राह चुनी गई है, जिससे नीतीश को कम से कम नुकसान हो। इसलिए वे दिल्ली में राज्यसभा की शोभा बढ़ाने जा रहे हैं। इस कदम से निशांत को सीधे बिहार की सत्ता मिल भी नहीं रही और जदयू पर पकड़ के लिए मजबूत रस्सी भी थमाई जा रही है। बिहार इन दिनों आर्थिक संकट से गुजर रहा है। जीविका दीदियों के खाते में अब तक 18 हजार एक सौ करोड़ दिए जा चुके हैं। दो साल में करीब दो लाख कर्मचारियों की भर्ती के बाद राज्य का वेतन खर्च 70 हजार करोड़ से ज्यादा हो चुका है। पेंशन खर्च पैंतीस हजार करोड़ हो चुका है। राज्य का बजट तीन लाख 67 हजार करोड़ का है। इसमें से पैंसठ फीसद खर्च प्रतिबद्ध खर्च है यानी विकास और योजना पर। राज्य की आर्थिक स्थिति की गड़बड़ी के चलते लालू राज के बाद पहली बार वित्त विभाग को आदेश देना पड़ा है कि कर्मचारियों के वेतन खर्च के अलावा कोई भुगतान ना किया जाए। नीतीश को यह कठिनाई पता है।

बीजेपी को सत्ता सौंपने के पीछे उनका मकसद यह भी माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में राज्य के इस आर्थिक संकट को सत्ता के केंद्र में होने के चलते उसे भुगतना पड़ेगा। हो सकता है कि अपने लोगों के हाथ सत्ता होने के चलते बिहार को मोदी सरकार की ओर से केंद्रीय मदद मिल जाए। 1967 में आठ राज्यों में बनी संविद सरकारों में बीजेपी की पूर्ववर्ती पार्टी जनसंघ ने समाजवादी दलों का साथ दिया था। मध्य प्रदेश, राजस्थान और हिमाचल को छोड़ दें तो हर राज्य में समाजवादी दलों की वह सहयोगी रही। समाजवाद के साथ शुरू बीजेपी की यात्रा में धीरे-धीरे समाजवादी दलों का जनाधार छीजता चला गया। इस तरह उनका अस्तित्व ही खत्म हो गया। बीजेपी की इस वर्चस्ववादी यात्रा की राह में नीतीश का जनता दल यू और नवीन पटनायक का बीजू जनता दल रोड़ा रहा है। उड़ीसा के पिछले चुनाव में बीजेपी पटनायक को पटखनी दे चुकी है और अब नीतीश कुमार ने खुद ही कुर्सी खाली कर दी है। इस लिहाज से कह सकते हैं कि बिहार में बीजेपी का अगुआ बनने का सपना पूरा होने जा रहा है। नीतीश अब बिहार की सत्ता का अतीत हैं। उनकी उपलब्धियां भी कम नहीं हैं। नीतीश की एक और उपलब्धि यह है कि लगातार बीजेपी का साथ होने के बावजूद उन्होंने अपनी सरकार का समाजवादी स्वरूप बचाए रखा।

सुशासन और सरकार के समाजवादी स्वरूप के चलते नीतीश की राष्ट्रव्यापी छवि बनी। नीतीश की छवि तो बनी, लेकिन उन्होंने बिहार से बाहर अपना संगठन खड़ा नहीं किया। एक बार अरूणाचल में जदयू के 11 विधायक चुने गए, लेकिन उन्हें सहेजने में नीतीश की दिलचस्पी नहीं रही। इससे दुखी विधायक एक-एक कर पार्टी छोड़ गए। 2023 में इसी छवि के चलते उन्होंने इंडिया गठबंधन बनाने की कोशिश की, लेकिन कांग्रेस का अहं उनकी राह में आड़े आ गया। अगर कांग्रेस ने अपने नेतृत्व को आगे रखने की चाहत का बलिदान किया होता और नीतीश को संयोजक बना दिया होता, शायद इतिहास अलग होता।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

विश्व अनाज दिवस
सुनील कुमार महला



# अन्न से आत्मनिर्भरता तक


अनाजों के महत्व, पोषण और खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 7 मार्च को विश्व अनाज दिवस (वर्ल्ड सीरियल डे) मनाया जाता है। यहां पाठकों को बताता चलूं कि 'सीरियल' शब्द की उत्पत्ति प्राचीन रोमन देवी सेरेस के नाम से हुई है। दरअसल, रोमन पौराणिक कथाओं में सेरेस को खेती, फसल और मातृत्व की देवी माना जाता था और उन्हीं के सम्मान में अनाज को 'सीरियल' कहा जाने लगा। वैसे, गेहूं, चावल, मक्का, जौ और जई जैसे खाद्यान्न सीरियल्स की श्रेणी में आते हैं। 'विश्व अनाज दिवस' वस्तुतः खाद्य सुरक्षा की नींव को रेखांकित करता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि गेहूं, चावल, मक्का, जौ और बाजरा जैसे अनाज केवल भोजन नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के आधार स्तंभ हैं। उल्लेखनीय है कि आज विश्व की आधी से अधिक आबादी की दैनिक ऊर्जा आवश्यकताएं मुख्यतः तीन अनाजों-गेहूं, चावल और मक्का से ही पूरी होती हैं। यदि अनाज न हों, तो वैश्विक खाद्य सुरक्षा की कल्पना भी संभव नहीं। आज जब दुनिया जलवायु परिवर्तन, जनसंख्या वृद्धि और भूख जैसी चुनौतियों का लगातार सामना कर रही है, तब अनाजों का महत्व और बढ़ जाता है। आज तापमान में वृद्धि, अनियमित वर्षा और सूखा जैसी परिस्थितियां विशेषकर गेहूं और चावल की पैदावार को प्रभावित कर रही हैं। ऐसे में टिकाऊ कृषि पद्धतियां अपनाना समय की आवश्यकता है। भारत के संदर्भ में देखें तो हमारा देश विश्व के प्रमुख गेहूं और चावल उत्पादक देशों में शामिल है।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के माध्यम से करोड़ों लोगों तक सस्ती दरों पर अनाज पहुंचाया जाता है। हाल के वर्षों में मोटे अनाज-जैसे बाजरा, ज्वार और रागी आदि को पुनः प्रोत्साहित किया जा रहा है, क्योंकि ये पोषक तत्वों से भरपूर होने के साथ-साथ कम पानी में भी उगाए जा सकते हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि भारत की पहल पर संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2023 को 'अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष' घोषित किया, जिससे वैश्विक स्तर पर मोटे अनाजों के महत्व को नई पहचान मिली। 'विश्व अनाज दिवस' का उद्देश्य केवल उत्पादन बढ़ाना नहीं, बल्कि अनाजों के पोषण मूल्य, खाद्य अपव्यय रोकने, संतुलित आहार अपनाने और किसानों के परिश्रम के सम्मान के प्रति जागरूकता फैलाना भी है। वास्तव में यह दिवस कुपोषण और भूख की समस्या को कम करने, टिकाऊ कृषि (सस्टेनेबल एग्रीकल्चर) को बढ़ावा देने तथा खाद्य सुरक्षा में किसानों की भूमिका को रेखांकित करता है। इतिहास की दृष्टि से 'जौ' को दुनिया के सबसे प्राचीन खेती किए गए अनाजों में से एक माना जाता है, जिसके प्रमाण लगभग 10,000 वर्ष पुराने मिलते हैं। आज बाजरा, ज्वार और रागी जैसे मोटे अनाजों को 'फ्यूचर फूड' कहा जा रहा है। ये प्रायः ग्लूटेन-रहित होते हैं और आयरन व कैल्शियम जैसे पोषक तत्वों से समृद्ध होते हैं। पर्यावरणीय दृष्टि से भी कुछ अनाज अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं। उदाहरण के लिए, 'पेरेनियल ग्रेन्स' (बारहमासी अनाज) ऐसी फसलें हैं जिन्हें हर वर्ष दोबारा बोने की आवश्यकता नहीं पड़ती। इनकी गहरी जड़ें मिट्टी के कटाव को रोकती हैं और कार्बन अवशोषण में सहायक होती हैं। मक्का विश्व में सर्वाधिक उगाई जाने वाली फसल है, किंतु इसका बड़ा हिस्सा प्रत्यक्ष भोजन के बजाय एथेनॉल (ईंधन) और पशु आहार के रूप में प्रयुक्त होता है। यह भी उल्लेखनीय है कि विश्व में उत्पादित अनाज का बड़ा भाग भंडारण और परिवहन के दौरान नष्ट हो जाता है। यदि इस अपव्यय को रोका जाए तो करोड़ों लोगों की भूख मिटाई जा सकती है। 19वीं सदी के अंत में डॉ. जॉन हार्वे केलॉग ने कॉर्नफ्लेक्स जैसे ब्रेकफास्ट सीरियल का आविष्कार किया था। उनका उद्देश्य इसे सादा और स्वास्थ्यवर्धक भोजन के रूप में प्रस्तुत करना था, ताकि लोग अत्यधिक मसालेदार और गरिष्ठ भोजन से बच सकें। अनाज ऊर्जा, फाइबर, विटामिन और खनिजों का महत्वपूर्ण स्रोत हैं। विश्व की बड़ी आबादी का मुख्य भोजन अनाज ही है, जिनमें गेहूं और चावल का उपभोग सर्वाधिक होता है। वैश्विक परिदृश्य में भारत की भूमिका विशिष्ट है। भारत विश्व की लगभग 25 प्रतिशत दालों का उत्पादक और 27% उपभोक्ता है। वर्ष 2026 के हालिया आँकड़ों के अनुसार, भारत चना और मूंग जैसी प्रमुख दालों में आत्मनिर्भरता की दिशा में तेज़ी से अग्रसर है।

कभी 'गरीबों का प्रोटीन' कही जाने वाली दालें आज 'भविष्य का भोजन' मानी जा रही हैं। अंततः, विश्व अनाज दिवस हमें यह संदेश देता है कि अनाज केवल भोजन नहीं, बल्कि मानव सभ्यता, अर्थव्यवस्था और पर्यावरण संतुलन की आधारशिला हैं। जलवायु परिवर्तन और बढ़ती जनसंख्या के दौर में इनका संरक्षण, टिकाऊ उत्पादन और खाद्य अपव्यय पर नियंत्रण अत्यंत आवश्यक है। आइए, हर दाने का सम्मान करें और सुरक्षित, पोषित एवं समृद्ध भविष्य के निर्माण का संकल्प लें।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## वार्ता से निकल सकता है हर समस्या का हल



संकलित
दर्शन

वार्ता से प्रत्येक व्यक्ति का सरोकार है। जब मन में संदेह उपजे, हृदय अविश्वास से घिर जाए, मस्तिष्क में विचार न ठहरे, तब वार्ता से ही रास्ता निकलेगा। कोई भी विवाद हो, कैसी भी समस्या हो, फिर भी वार्ता से हल निकल सकता है। संबंधों में कितना भी ठहराव क्यों न आ जाए, लेकिन वार्ता के ताप से रिश्तों पर जमा बर्फ भी पिघल जाती है। वार्ता में शिथिलता के लिए केवल अहंकार दोषी होता है। किसी भी विध्वंस का कारण अंहकार ही रहा है। विश्व शांति की अवधारणा परस्पर संवाद पर ही टिकी है। संवादहीनता से कूटनीति और राजनीति अकेली पड़ सकती है। बातचीत चलती रहे तो विकल्प निकलने की संभावना बढ़ जाती है। चर्चाओं में तर्क, सुझाव और मतों का विभाजन होता रहता है। यह अनवरत प्रक्रिया है। जनता के मध्य निरंतर जनमत पर चर्चा चलती रहती है। लोक चर्चा और लोकमत से संसार की बड़ी समस्याओं पर सकारात्मक निष्कर्ष निकल सकते है। चर्चा या वार्ता को प्रोत्साहित करना उचित है। संवादहीनता को हतोत्साहित करना चाहिए। सभी द्वार भले ही बंद हो जाएं, लेकिन बातचीत का द्वार सदैव खुला रहे। लोग कहते हैं कि पैसों का काम पैसों से ही चलता है, बातों से नहीं। यह बात सच है कि बातों से कोई काम नहीं होता, काम तो काम करने से हो सकता है, लेकिन काम तभी हो सकता है, जब उस काम से पहले कोई विचार स्थिर हो। विचार स्थिर होगा तो उससे संबंधित बात पूरी हो सकेगी और बात होगी तो काम का आदेश होगा। काम का आदेश स्वयं या अन्य प्रकार का हो सकता है।

## सफलता के लिए योजना बनाकर काम करें



संकलित
प्रेरणा

जब भगवान विष्णु श्रीकृष्ण रूप में अवतार लेने वाले थे। देवकी और वसुदेव कंस की कैद में थे। कंस ने देवकी-वसुदेव की 6 संतानों का वध कर दिया था। सातवीं संतान के रूप में बलराम देवकी के गर्भ में आए तो भगवान विष्णु ने योगमाया से कहा था कि आप इस सातवीं संतान को देवकी के गर्भ से निकाल कर वसुदेव जी की दूसरी पत्नी रोहिणी के गर्भ में स्थापित कर दो। इसके बाद कंस को ये सूचना दी जाएगी कि सातवां गर्भ गिर गया है।

योगमाया ने ऐसा ही किया। इसके बाद जब आठवीं संतान के जन्म का समय आया तो भगवान ने योगमाया से कहा कि अब मेरे अवतार लेने का समय आ गया है। जब मेरे अवतार का जन्म होगा, ठीक उसी समय आप गोकुल में यशोदा के गर्भ से जन्म लेना। वसुदेव जी कंस के कारागर से निकालकर मुझे गोकुल पहुंचाएंगे और आपको लेकर कंस के कारागार में आ जाएंगे। जब कंस आठवीं संतान को मारने के लिए आएगा तब आप मुक्त हो जाना। भगवान ने जो योजना बनाई थी, उसी के अनुसार श्रीकृष्ण का अवतार हो गया। इस कथा में भगवान ने संदेश दिया है कि जब भी कोई काम करना हो तो उसकी योजना जरूर बनाएं। योजना अच्छी होगी तो सफलता जरूर मिलेगी।

अंतर्मन




आज की पाती

### मानवता को शर्मसार कर रहा युद्ध

जब भी दुनिया के किसी कोने में युद्ध होता है तब मिसाइलें, बम या अन्य कोई भी चीज क्यों न हो, वो न धर्म देखते हैं, न जात या अन्य कोई चीज, इन सभी से मानवता शिकार होती है। हाल ही में अमेरिका और इजरायल का ईरान के मिनाब स्थान पर ऐसा हमला एक स्कूल पर हुआ, जिसमें बहुत सी बच्चियों की मौत की खबर है। इसी तरह इस युद्ध में और भी बहुत से निर्दोष और निहत्थे लोग मर चुके हैं और मारे जा रहे हैं। यह खबरें दिल दहलाने वाली हैं और सवाल खड़े करने वाली है कि आखिर इन बच्चियों का क्या कसूर था? क्या हर मसले का हल मात्र युद्ध ही है? अगर हम इतिहास में हुए युद्धों पर नजर डाले तो यही बात सामने आएगी कि युद्ध हमेशा ही विनाशकारी और मानवता को शर्मसार करने वाले ही सिद्ध हुए हैं और इसमें निर्दोष और निहत्थे लोग मारे गए हैं। - **राजेश पाठक**, रायपुर

करंट अफेयर

## सिंगापुर में भारतीय समुदाय की पहचान के लिए समिति



सिंगापुर सरकार अगले पांच सालों में यहां रहने वाले भारतीय मूल के लोगों की पहचान को मजबूत करने, समुदाय को बेहतर बनाने की कोशिशों में समन्वय करने और युवा नेतृत्व तैयार करने के लिए एक नई 'भारतीय साझेदारी और विकास पहल' (आईएनईआई) समिति बना रही है। चैनल न्यूज एशिया की शुक्रवार की रिपोर्ट के मुताबिक, यह अलग-अलग हितधारकों और सामुदायिक समूहों के साथ कई साझेदारियों और विचार-विमर्श के बाद किया जा रहा है, जिसमें 150 से ज़्यादा सिंगापुरी-भारतीय संगठन और 35 साल तथा इससे कम उम्र के 240 से अधिक सिंगापुरी-भारतीय युवा शामिल हैं। आईएनईआई समिति की अध्यक्षता वरिष्ठ परिवहन और विधि राज्य मंत्री मुरली पिल्लई करेंगे। इससमें संस्कृति, समुदाय और युवा मामलों के राज्य मंत्री दिनेश वासु दाश भी होंगे। दोनों ही भारतीय मूल के हैं। दिनेश ने कहा, 'यह समुदाय की, समुदाय के लिए एक समिति होगी। इसका मकसद भारतीय समुदाय में मजबूत नेटवर्क बनाना है, और उन साझेदारों को एक साथ लाना है जो पहले से ही जमीन पर अच्छा काम कर रहे हैं।'

ऑफ बीट

## रात में अच्छी नींद कैसी होनी चाहिए?

बहुत से लोग सोचते हैं कि जब वे तकिये पर सिर रखेंगे तो उन्हें गहरी और आरामदेह नींद आनी चाहिए और लगभग आठ घंटे के बाद तरोताजा महसूस करते हुए उठना चाहिए। वास्तव में, पूरी रात स्वस्थ



नींद चक्रीय होती है क्योंकि आप नींद के विभिन्न चरणों से गुजरते हैं और अक्सर कई बार जागते हैं। कुछ लोगों को इनमें से एक या अधिक बार जागना याद रहता है लेकिन कई लोगों को यह भी याद नहीं रहता कि वे रात में कितनी बार नींद से जागे। एक वयस्क के रूप में, हमारी नींद अलग-अलग चक्रों से गुजरती है और रात के दौरान थोड़ी-थोड़ी देर के लिए नींद टूटती है। प्रत्येक नींद का चक्र लगभग 90 मिनट का होता है। गहरी नींद में जाने से पहले और सपनों की दुनिया (रैपिड आई मूवमेंट-आरईएम) में खोने से पहले हम रात में हल्की नींद से शुरुआत करते हैं। यदि हम अच्छी नींद लेते हैं, तो हम अपनी अधिकांश गहरी नींद रात के पहले भाग में पूरी कर लेते है और रात के दूसरे भाग में हमें सपने आने लगते हैं। वयस्क आमतौर पर रात में पांच या छह नींद के चक्रों से गुजरते हैं और प्रत्येक चरण के अंत में थोड़ी देर के लिए जागना पूरी तरह सामान्य है। इसका मतलब है कि हम रात में पांच बार जाग सकते हैं। यह बढ़ती उम्र के साथ बढ़ सकता है और हम फिर भी स्वस्थ रह सकते हैं।

ट्रेंड

### आत्मनिर्भर भारत




रक्षा क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। आज भारतीय नौसेना के लिए वॉरशिप्स और सबमरीन भारतीय शिपयार्ड्स में ही बन रही हैं। हमारा लक्ष्य स्पष्ट है 2030 तक दुनिया के टॉप टेन शिपबिल्डिंग नेशन्स में स्थान बनाना और 2047 तक टॉप फाइव में पहुंचना।
- **राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री**

### विमान दुर्घटना




विमान दुर्घटना में स्क्वाड्रन लीडर अनुज और फ्लाइट लेफ्टिनेंट पुरवेश के निधन से मैं अत्यंत स्तब्ध हूं। राष्ट्र के प्रति उनकी अटूट निष्ठा और वीरतापूर्ण सेवा भारतीय वायु सेना की सर्वोच्च भावना को दर्शाती है।
- **नितिन गडकरी, केंद्रीय राजमार्ग मंत्री**

### दो नए कॉरिडोर



दिल्ली की रफ्तार अब और तेज़ होने जा रही है। 8 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18,000 करोड़ से अधिक की लागत वाली दिल्ली मेट्रो की महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। दिल्ली मेट्रो फेज़-4 के तहत दो नए कॉरिडोर दिल्लीवासियों को समर्पित किए जाएंगे।
- **रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### ट्रंप के सामने नतमस्तक



भारत को रशिया से तेल ख़रीदने की इज़ाज़त देने वाला अमेरिका कौन होता है? भारत को अमेरिका से इज़ाज़त की क्यों ज़रूरत है? मोदी जी, आखिर आपकी ऐसी कौन सी मजबूरी है जिस की वजह से आप ट्रंप के सामने नतमस्तक हैं।
-**अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली**

हमारा पता
**हरिभूमि कार्यालय**
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# टॉक्सिक के पोस्टपोन होते ही 5 बड़ी फिल्मों का गड़बड़ाएगा रिलीज कैलेंडर!

**मुंबई।** बुधवार को यश की फिल्म टॉक्सिक के पोस्टपोन होने का ऐलान किया गया। इस साल हिंदी फिल्मों का रिलीज कैलेंडर पहले ही 'धुरंधर 2' की ईद पर रिलीज के कारण कई बार गड़बड़ा चुका है। इसकी वजह से वाईआईएफ की 'अल्फा' और सलमान खान की 'बैटल ऑफ गलवान', संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' जैसी कई फिल्मों की रिलीज आगे-पीछे टाली गई हैं। अब एक बार फिर चर्चा है कि 'टॉक्सिक' की रिलीज जून में होने के कारण समर सीजन में बॉलीवुड फिल्मों का रिलीज शेड्यूल एक बार फिर गड़बड़ा सकता है। जानकार कहते हैं कि फिल्म निर्माता अपनी फिल्म को किसी बड़ी फिल्म के दो हफ्ते पहले और तीन हफ्ते बाद तक रिलीज करने से बचते हैं। ऐसे में 'टॉक्सिक' की नई रिलीज डेट के कारण मई -जून में रिलीज होने वाली फिल्मों 'पति पत्नी और वो', 'है जवानी तो इश्क होना है', इम्तियाज अली की अनाम फिल्म और 'वेलकम टु जंगल' पर असर पड़ सकता है।



## लाइफ Style

# जान्हवी
## मां नहीं चाहती थीं बेटी फिल्मों में काम करें

जान्हवी कपूर की मां नहीं चाहती थीं कि बेटी इंडस्ट्री में कदम रखें। वह चाहती थीं कि उनकी बेटी डॉक्टर बनें। जान्हवी को अपने कॅरियर की शुरुआत में उस वक्त बड़े दुख का सामना करना पड़ा। फिल्मों में आने के लिए उन्हें पिता से मदद लेनी पड़ी। बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर का नाम सुनते ही हर किसी के दिमाग में उनकी मां श्रीदेवी की तस्वीर जरूर आती है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

जान्हवी ने अपनी मेहनत और लगन से खुद को इंडस्ट्री में साबित किया। उन्हें बचपन से ही एक्टिंग का बहुत शौक था लेकिन उनकी मां श्रीदेवी नहीं चाहती थीं कि वे फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखें। वह चाहती थीं कि जान्हवी पढ़ाई पूरी करें और डॉक्टर बनें। जान्हवी कपूर का जन्म 6 मार्च 1997 को मुंबई में हुआ। वे श्रीदेवी और बोनी कपूर की बड़ी बेटी हैं। उनका परिवार लंबे समय से फिल्म इंडस्ट्री से जुड़ा है। उनके दादा सुरिंदर कपूर भी फिल्म निर्माता थे, और उनके चाचा अनिल कपूर और संजय कपूर भी फिल्मों में एक्टिव हैं। जान्हवी भी फिल्मों में आना चाहती थीं लेकिन श्रीदेवी उन्हें एक्टिंग से दूर रखना चाहती थीं। ट्विंकल खन्ना और काजोल के टॉक शो 'टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल' के एक एपिसोड में जान्हवी ने खुलासा किया था कि उनकी मां श्रीदेवी उन्हें एक्टिंग की दुनिया से दूर रखना चाहती थीं। उन्होंने बताया था कि उनकी मां श्रीदेवी कभी नहीं चाहती थीं कि मैं एक्टिंग करूं। जान्हवी ने इंटरव्यू में कहा, 'मां खुद एक एक्ट्रेस होने की वजह से मुझे लेकर काफी प्रोटेक्टिव थीं। वह काफी सख्त थीं। उन्हें लगता था कि मैं बहुत भोली हूं और मैं बॉलीवुड में सर्वाइव नहीं कर पाऊंगी। वह चाहती थीं कि मैं डॉक्टर बनूं। वह मुझसे कहतीं, 'मैं तुमको एक्ट्रेस बनते नहीं देखना चाहती।

## हॉलीवुड मसाला



# पुलिस ने किया गिरफ्तार जेल में कटी रात

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार ब्रिटनी स्पीयर्स को ड्रग्स और शराब के नशे के संदेह में गाड़ी चलाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। घटना 4 मार्च की है और अगले दिन सुबह उन्हें जेल से रिहा कर दिया गया। अब 4 मई को ब्रिटनी को कोर्ट में पेश किया जाएगा। यह घटना 4 मार्च की रात की है। तब ब्रिटनी स्पीयर्स कैलिफोर्निया के वेंचुरा काउंटी में कार चला रही थीं। कैलिफोर्निया हाइवे पेट्रोल ने बताया कि स्पीयर्स के खिलाफ पुलिस को सूचना दी गई थी कि वह अपनी बीएमडब्ल्यू कार को हाईवे पर तेज रफ्तार से लापरवाही से चला रही थीं। पुलिस ने रोका तो उन्हें ब्रिटनी पर नशे की हालत में गाड़ी चलाने का संदेह हुआ। पुलिस ने बताया कि घटना की जांच अभी जारी है और केमिकल टेस्ट के रिजल्ट आने बाकी हैं। मालूम हो कि जब ब्रिटनी स्पीयर्स को पुलिस ने रोका, तब वह अपनी काली बीएमडब्ल्यू 430i को अकेले ही चला रही थीं।




# माइकल का ट्रेलर जारी भतीजा करेगा डांसर का रोल

**लॉस एंजिल्स।** माइकल जैक्सन की बायोपिक 'माइकल' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। डांसर की जिंदगी पर आधारित फिल्म में भतीजे जाफर जैक्सन उनका किरदार निभा रहे हैं। दुनिया के सबसे बेहतरीन डांसर्स में से एक माइकल जैक्सन की जिंदगी पर एक फिल्म बनी है। इसका नाम है 'माइकल'। जल्द ही यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर काफी दमदार है। मेकर्स ने इसमें डांसर की जिंदगी के अहम पहलुओं को दिखाने की कोशिश की है। 2 मिनट 27 सेकंड के ट्रेलर में माइकल जैक्सन के बचपन से लेकर आखिर तक की कहानी दिखती है। शुरुआत में उनके करीबी उन्हें कुछ बड़ा करने के लिए प्रेरित करते हैं। जब वह मशहूर हो जाते हैं तो हर कोई उनका दीवाना बन जाता है। ट्रेलर में कुछ भावुक पल भी हैं। वह अपने परिवार से जुड़े हैं, जो उनका सपोर्ट करते हैं। ट्रेलर में माइकल जैक्सन के शानदार मूव्स देखने को मिलते हैं। इसमें उनके बीमार होने की झलक भी दिखाई गई है। इसमें उनका एक डायलॉग काफी दमदार है, जो इस तरह है 'संगीत दुनिया बदल सकता है।'



# ऑस्कर 2026 की प्रेजेंटर्स लिस्ट में शामिल हुईं प्रियंका

**मुंबई।** एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा इस बार 98वें अकादमी अवॉर्ड्स में प्रेजेंटेटर की भूमिका में दिखेंगी। उनके साथ अन्य कलाकार भी होंगे, जो स्टेज पर विनर्स को पुरस्कार देंगे। इसकी जानकारी उन्होंने खुद दी है। बॉलीवुड की 'देसी गर्ल' प्रियंका चोपड़ा जोनस हॉलीवुड में काफी समय से काम कर रही हैं। वहीं, 98वें अकादमी अवॉर्ड्स में वह पुरस्कार प्रदान करने वालीं प्रेजेंटेटर की लिस्ट में शामिल हो गई हैं। इस बात की पुष्टि एक्ट्रेस ने खुद सोशल मीडिया के जरिए की। प्रियंका चोपड़ा ने शुक्रवार को अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया। इसमें उनके नाम के साथ अन्य प्रेजेंटेटर के भी नाम शामिल हैं। प्रियंका ने इंस्टाग्राम पर लिखा, '2026 अकादमी अवॉर्ड्स।' एक्ट्रेस के साथ इस लिस्ट में रॉबर्ट डाउनी जूनियर, ऐनी हैथवे, विल अर्नेट, ग्वेनेथ पाल्ट्रो और पॉल मेस्कल जैसे बड़े नाम शामिल हैं।



# धुरंधर 2 का ट्रेलर आज होगा रिलीज....

**मुंबई।** रणवीर सिंह ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट के जरिए बताया है कि 'धुरंधर 2' का ट्रेलर अब 7 मार्च की सुबह 11:01 पर आउट होगा। 19 मार्च को थिएटर्स में पांच भाषाओं हिंदी, तेलुगू, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में आने वाली इस मूवी में हमजा अली मजारी के मिशन की आगे की कड़ी देखने को मिलेगी। रणवीर सिंह, अर्जुन रामपाल, आर माधवन, संजय दत्त स्टारर 'धुरंधरः द रिवेंज' को रिलीज होने में अब कुछ ही दिन बाकी हैं। मगर उसके पहले फैंस इसके ट्रेलर को देखने के लिए एक्साइटेड हैं। इस मूवी के पहले पार्ट ने दर्शकों पर अपना ऐसा जादू बिखेरा है कि वह सीक्वल के लिए एक-एक दिन उंगलियों पर गिन रहे हैं। टीजर से तो पब्लिक मायूस हुई थी। मगर ट्रेलर के लिए आंखें बिछाए बैठी थी। क्योंकि पहले ये होली पर रिलीज होना था। लेकिन नहीं आया।

## टीवी मसाला



# दमदार किरदार में नजर आईं दिव्या, जरूरी मुद्दे पर उठाया सवाल

**नई दिल्ली।** छह-एपिसोड वाली सीरीज 'चिरैया' का 20 मार्च को जियो हॉटस्टार पर प्रीमियर होगा। इसमें दिव्या दत्ता और संजय मिश्रा अहम किरदारों में हैं। कुछ कहानियां अजीब होती हैं, फिर भी जरूरी होती हैं। दिव्या दत्ता और संजय मिश्रा की अदाकारी वाली वेब सीरीज 'चिरैया' का ट्रेलर कुछ इसी तरह की कहानी बता रहा है। इसकी कहानी भारतीय समाज के सबसे संवेदनशील मुद्दों में से एक को दिखाती है। 1 मिनट 43 सेकेंड के ट्रेलर में यह बताने की कोशिश की गई है कि एक पति अपनी पत्नी के ऊपर अपना अधिकार समझता है और उसके साथ जबरदस्ती करता है। वह पति दिव्या दत्ता का भाई होता है। पत्नी अपनी परेशानी दिव्या दत्ता से बताती है। दिव्या दत्ता उसका साथ देती हैं। हालांकि दिव्या के पति (संजय मिश्रा) इस मामले में उनका साथ नहीं देते हैं। इसके बाद मामला अदालत में पहुंचता है। 'चिरैया' का ट्रेलर एक मैसेज देता है कि शादी का मतलब सहमति नहीं है। एक महिला की आवाज को समाज की परंपराओं से मिटाया नहीं जा सकता। अपनी इमोशनल कहानी के जरिए, शो वर्षों से चली आ रही मान्यताओं पर सवाल उठाता है। 'चिरैया' वेब सीरीज शशांत शाह के निर्देशन में बनी है। SVF एंटरटेनमेंट ने इसे बनाया है। इसमें दिव्या दत्ता के अलावा संजय मिश्रा, सिद्धार्थ शॉ, प्रसन्ना बिष्ट, फैसल राशिद, टीनू आनंद, सरिता जोशी जैसे कलाकार हैं। 'चिरैया' 20 मार्च को स्ट्रीम होगी।

## एस्पिरेंट्स सीजन 3 का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे पसंदीदा मनोरंजन प्लेटफॉर्म, प्राइम वीडियो ने शुक्रवार को अपनी मशहूर हिंदी ड्रामा सीरीज 'एस्पिरेंट्स' के तीसरे सीजन का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। द वायरल फीवर द्वारा निर्मित,



'एस्पिरेंट्स' सीजन 3 का निर्देशन दीपेश सुमित्रा जगदीश ने किया है। इस सीजन में नवीन कस्तूरिया, शिवांकित सिंह परिहार, अभिलाष थपलियाल, सन्नी हिंदुजा, नमिता दुबे और तेंगम सेलीन अपने पुराने किरदारों में वापसी कर रहे हैं, जबकि जतिन गोस्वामी इस बार टीम के नए सदस्य के रूप में जुड़े हैं। 'एस्पिरेंट्स' सीजन 3 का प्रीमियर 13 मार्च को विशेष रूप से प्राइम वीडियो पर भारत सहित दुनिया भर के 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में होगा। सीजन 3 के साथ, कहानी एक नए पड़ाव पर पहुंचती है जहाँ पुरानी महत्वाकांक्षाएं और वर्तमान की जिम्मेदारियां आपस में टकराती हैं। मुखर्जी नगर से शुरू हुई एक पुरानी प्रतिद्वंद्विता अब सत्ता के ऊंचे पदों पर फिर से सामने आती है।

# प्रकाश झा की पॉलिटिकल थ्रिलर संकल्प का ट्रेलर रिलीज, नाना करेंगे ओटीटी डेब्यू

**नई दिल्ली।** फिल्ममेकर प्रकाश झा एक नई सोशियो-पॉलिटिकल थ्रिलर, 'संकल्प' लेकर आ रहे हैं, जिसमें नाना पाटेकर, मोहम्मद जीशान अय्यूब, संजय कपूर, नीरज काबी, कुबरा सैत और क्रांति प्रकाश झा जैसे कलाकार हैं। शो का ट्रेलर गुरुवार को रिलीज किया गया। संकल्प 11 मार्च को अमेजन MX प्लेयर पर रिलीज होगी। मेकर्स के मुताबिक, संकल्प 'मॉडर्न इंडिया में पावर, बदला, आइडियोलॉजिकल वॉर, प्रोटीज, पॉलिटिक्स, करप्शन और ब्यूरोक्रेसी के मैकेनिक्स' को दिखाता है। संस्कार, सत्ता, समर्पण की थीम वाली तिकड़ी पर आधारित, टीजर में नाना पाटेकर को मात साब के रूप में दिखाया गया है, जो एक कमांडिंग मास्टर स्ट्रैटेजिस्ट हैं जिनकी मौजूदगी हर फ्रेम में छाई रहती है।



*संजय कपूर और नीरज काबी आइडियोलॉजिकल विरोध में खड़े हैं, उनके बीच टकराव आने वाले पावर स्ट्रगल की ओर इशारा करता है। एक प्रेस नोट में कहा गया है कि इस कहानी को और दिलचस्प बनाते हुए, मोहम्मद जीशान अय्यूब एक बहुत वफादार शिष्य का रोल निभा रहे हैं, जो अपने गुरु मात साब से इतनी गहरी वफादारी से बंधा है जितनी दिखती नहीं है। इस फिल्म से नाना पाटेकर अपना ओटीटी डेब्यू करने जा रहे हैं। इस बारे में नाना पाटेकर ने एक इंटरव्यू में बताया, 'मात साहब का रोल करना एक बहुत बड़ी सीख रही है और इसने मुझे एक नया डायमेंशन एक्सप्लोर करने के लिए मोटिवेट किया। यह एक ऐसा कैरेक्टर है जिसमें चुप्पी, टकराव और नतीजे भरे हुए हैं। प्रकाश झा के साथ दोबारा काम करना हमेशा खास होता है क्योंकि वह ऐसी कहानियां सुनाते हैं जो सब कुछ साफ नहीं करतीं।*

# ओटीटी पर मिलेगा मनोरंजन का तगड़ा डोज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

### सूबेदार से हैलो बच्चों तक, रिलीज होंगी ये सीरीज-फिल्में

होली के त्योहार के बाद वीकएंड भी आ गया है। त्योहार की थकान के बाद फुरसत के कुछ पल मिले हैं। आराम के बाद अगर घर बैठे ओटीटी पर कुछ देखने का मन हो तो इस बार की ओटीटी लिस्ट काफी दिलचस्प है। सिनेमाघरों में इन दिनों 'द केरल स्टोरी 2' और 'ओ रोमियो' जैसी फिल्में लगी हुई हैं। कुछ नई फिल्में रिलीज की कतार में हैं। मगर, बदलते मौसम और छुट्टी के दिन अगर घर से बाहर निकलने का मन नहीं है और घर बैठे ही ओटीटी पर कुछ बढ़िया सिनेमा देखना है तो इस बार कई शानदार ऑप्शन हैं।



### जब खुली किताब

पंकज कपूर और डिंपल कपाडिया अभिनीत फिल्म 'जब खुली किताब' भी शुक्रवार को ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है। यह जी5 पर स्ट्रीम हो रही है। इस फिल्म के निर्देशन की कमान सौरभ शुक्ला ने संभाली है। फिल्म 'जब खुली किताब' गोपाल और अनुसूया की कहानी है, जिनकी दशकों पुरानी शादी एक अचानक हुए खुलासे से हिल जाती है। जैसे-जैसे लंबे समय से छिपी सच्चाई सामने आती है, उनका परिवार भावनाओं के भंवर में फंस जाता है।

### सूबेदार

अनिल कपूर अभिनीत फिल्म सूबेदार ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है। आप वीकएंड पर इसे देख सकते हैं। इस फिल्म में अनिल कपूर का एक्शन अवतार देखने को मिलेगा। फिल्म में राधिका मदान, सौरभ शुक्ला, आदित्य रावल, मोना सिंह और फैसल मलिक भी हैं। 5 मार्च 2026 को यह फिल्म प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई।

### हैलो बच्चों

विनीत कुमार सिंह अभिनीत सीरीज 'हैलो बच्चों' 6 मार्च को ओटीटी पर आ चुकी है। यह वेब सीरीज फिजिक्सवाला अलख पांडे की जिंदगी पर आधारित है। 'हैलो बच्चों' नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है। इसमें विक्रम कोचर, गिरजा ओक गोडबोले, नमन जैन, सोनू कुमार यादव, अंशुल डोगरा और सतेंद्र सोनी जैसे कलाकार भी नजर आएंगे।

## 24 कैरेट सोने की ड्रेस, 400 करोड़ का खर्च, 4 ऑस्कर्स जीत चुकी फिल्म

# वो फिल्म जिसे बनाते-बनाते कंगाल हुए मेकर्स, जल्दबाजी में हुई रिलीज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कुछ फिल्मों के नसीब में ही मुश्किलें होती हैं। फिल्म मेकिंग में इतनी रुकावटें आती हैं कि वे बनते-बनते रह जाती हैं और कुछ बनकर भी मेकर्स को कंगाल कर जाती हैं। 63 साल पहले एक ऐसी ही फिल्म आई थी जो हिट तो रही लेकिन डिजास्टर भी। सुनने में अजीब लग रहा होगा कि ऐसे कैसे हुआ कि कोई फिल्म हिट भी हो और डिजास्टर भी। मगर ऐसा था। साल 1963 में आई क्लियोपेट्रा इतिहास की पहली फिल्म है जो एक ही समय में हिट और डिजास्टर रही। यह फिल्म पर मेकर्स ने इतना पैसा खर्च कर दिया कि यह प्रोडक्शन दिवालिया होने के कगार पर आ गया।

### मेकर्स के पास पैसे हो गए थे खत्म

मैनक्यूविक्ज ने फिर से फिल्म को रीशूट किया। मेकर्स के पास पैसे खत्म हो गए थे और प्रोडक्शन हाउस दिवालिया होने की कगार पर खड़ा हो गया था। मैनक्यूविक्ज को थोड़ा और वक्त चाहिए था, ताकि वह अच्छे से कहानी को फिर से लिखे और बनाए। मगर पैसे इतने खत्म हो गए थे कि मेकर्स ने कहा कि इसे जल्दी खत्म करने के लिए कहा।



### सबसे ज्यादा थी एक्ट्रेस की फीस

मिस्त्र की रानी क्लियोपेट्रा VII पर आधारित हिस्टोरिकल ड्रामा क्लियोपेट्रा सबसे चर्चित फिल्म रही। इस फिल्म का निर्माण 20th सेंचुरी फॉक्स के बैनर तले किया गया था। इस फिल्म को बनाने में करीब 5 साल लगे। उस वक्त की सबसे कामयाब एक्ट्रेस एलिजाबेथ टेलर को फिल्म के लिए कास्ट किया गया था। इसके लिए उन्हें 1 मिलियन डॉलर (9.17 करोड़ रुपए करीब) फीस मिली थी।

### फिल्म से निकाले गए थे डायरेक्टर

इस फिल्म को बड़े लेवल पर बनाया जा रहा था। रूबेन मामौलियन फिल्म के डायरेक्टर थे। धीरे-धीरे काम हो रहा था, लेकिन काम आगे नहीं बढ़ रहा था, बढ़ रहा था तो सिर्फ फिल्म का बजट। आखिर में मामौलियन को हटाया गया और फिर डायरेक्शन की कमान जोसेफ एल मैनक्यूविक्ज ने संभाली। मामौलियन ने जितनी भी फिल्म की शूटिंग की, उसमें सिर्फ 10 मिनट का सीन ही इस्तेमाल करने लायक था।

### करोड़ों रुपए की पहनी ड्रेस

44 मिलियन डॉलर्स यानी करीब 400 करोड़ रुपए में क्लियोपेट्रा बनकर तैयार हुई। आपको जानकर हैरानी होगी कि फिल्म में लीड हीरोइन एलिजाबेथ टेलर का कॉस्ट्यूम का बजट 194,800 डॉलर (1.78 करोड़) था। फिल्म में एलिजाबेथ के कुल 65 कॉस्ट्यूम्स थे, जिसमें से एक 24 कैरेट सोने का था। फिल्म रिलीज हुई और इसने दुनियाभर में 57.7 मिलियन डॉलर (529.15 करोड़ रुपए) कमाए थे। इस फिल्म को काफी सराहा गया है और इसे आस्कर में 9 नॉमिनेशंस मिले। इस फिल्म ने बेस्ट कॉस्ट्यूम डिजाइन, बेस्ट विजुअल एफेक्ट्स समेत 4 ऑस्कर्स जीते थे।

# नजूल पट्टा नवीनीकरण और राजस्व वसूली को लेकर कलेक्टर ने की समीक्षा बैठक

जबलपुर।

जिले में नजूल पट्टों के नवीनीकरण और लंबित राजस्व वसूली को लेकर कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने शुक्रवार को सभी एसडीएम के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में उन्होंने नजूल पट्टा नवीनीकरण की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस प्रक्रिया को तेज गति से पूरा किया जाए।

कलेक्टर श्री सिंह ने स्पष्ट कहा कि शहर में स्थित दुकानों, होटलों, बारातघरों, विद्यालयों और अन्य बड़े प्रतिष्ठानों से लंबित राजस्व की वसूली प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विशेष रूप से बड़े बकायादारों पर फोकस करने के निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व वसूली में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि यदि कोई भी बकायादार राजस्व जमा नहीं करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए संबंधित क्षेत्रों में सर्वे कर बकायादारों को नोटिस जारी करने और वसूली अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि मार्च माह राजस्व वसूली के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है, इसलिए इस महीने के भीतर सभी लंबित मामलों का निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि हर एसडीएम अपने-अपने क्षेत्र में नियमित मॉनिटरिंग करते हुए राजस्व वसूली की प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत करें।



### बरगी हिल्स में निर्माणाधीन आवासों का किया निरीक्षण

इसी क्रम में कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने बरगी हिल्स में राजस्व अधिकारियों के लिए बनाए जा रहे आवासों का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी लेते हुए हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आवासों का निर्माण निर्धारित समय सीमा में और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। इसके लिए चार सदस्यीय दल का गठन करने के निर्देश दिए गए, जो हर 15 दिन में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच करेगा और रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। निरीक्षण के दौरान एसडीएम अनुराग सिंह, संयुक्त कलेक्टर ऋषभ जैन और हाउसिंग बोर्ड के कार्यपालन यंत्री सुनील उपाध्याय भी उपस्थित रहे।

## महिला दिवस पर सक्षम, सशक्त बनने का दिया संदेश

**जबलपुर।** दीप श्रेष्ठ फाउंडेशन की प्रमुख पूनम जेठवानी ने 08 मार्च को मनाये जाने वाले महिला दिवस के उपलक्ष्य पर बताया कि मेरे देश की प्यारी महिला शक्तियों मैं आपको आभास कराना चाहती हूं कि आप इस संस्कारित समाज में एक अहम स्थान रखती हैं। न ही आप अबला हैं न ही दुर्बल, अपनी शक्ति को पहचानें आप ही सर्व शक्तिमान हो, इतिहास के पन्नों को पलट कर देखो तो आपके बिना संस्कारित समाज का एक पग भी आगे नहीं बढ़ सकता। आज हमारे देश की महिलाएं कंधा से कंधा मिलाकर देश को, समाज को आगे बढ़ा रही हैं। मेरे द्वारा सैकड़ों महिलाओं को सिलाई, कढ़ाई से प्रशिक्षित कर स्वयं का रोजगार स्थापित कराया गया। मैंने सेंट्रल जेल में बंद महिला कैदियों को जेल के अंदर जेलर की अनुमति से प्रशिक्षित किया, ताकि वे जब अपनी सजा पूर्ण कर इस समाज के बीच आयें तो स्वयं को अबला एवं कमजोर न समझें और अपना स्वयं का रोजगार स्थापित कर समाज के बीच सिर ऊंचा कर जी सकें, ऐसी अनेक महिलाएं हैं जो आज सम्मान का जीवन जी रही हैं। मैं नारी शक्ति को संदेश देना चाहती हूं कि यदि आप सक्षम एवं सशक्त बनना चाहती हैं तो स्वयं अपना मुकाम तय करें, मुझसे जो भी सहयोग की अपेक्षा हो मैं पूर्ण सहयोग करने हमेशा अग्रणी रहूंगी।



## पत्नी के अपहरण का मामला पति ने पुलिस से लगाई गुहार

**जबलपुर।** राकेश केवट निवासी गाँधीग्राम रामपुर, तहसील सिहोरा, ने एसपी कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है कि उनकी पत्नी लक्ष्मी केवट को 12 फरवरी को गाँव में ही रामसनेही यादव ने अपने साथ ले जाकर अपहरण कर लिया। राकेश ने बताया कि उनकी तीन बेटियां हैं, दो शादीशुदा और एक छोटी, जिन्होंने उन्हें इस बात की जानकारी दी। राकेश ने आरोप लगाया कि मामले में अरविन्द महाराज भी शामिल हैं, जिन्होंने उन्हें पैसे लेकर पत्नी को सही जगह भेजने और गुमशुदा रिपोर्ट दर्ज न कराने की बात कही। इसके बाद लगभग 25 दिन बीत गए हैं, लेकिन उनकी पत्नी अब तक नहीं मिली है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाते हुए रामसनेही यादव के खिलाफ उचित कार्रवाई करने और अपनी पत्नी को ढूंढकर लौटाने की मांग की है।

## जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज के कर्मचारी-अधिकारी वेतन से वंचित

**जबलपुर।** प्रशासन के स्पष्ट निर्देशों के बाद भी जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज के समस्त तृतीय श्रेणी कर्मचारी एवं अधिकारियों का वेतन होली त्यौहार के पूर्व नहीं हो पाया है। सूत्र बताते हैं कि प्राचार्य का विभागाध्यक्ष सिविल के पद से मोह के कारण प्राचार्य पद के कार्य में समय नहीं दे पाना है, अतः अनुरोध है कि शीघ्र वेतन भुगतान किया जाए। यह मांग प्रदेश के प्रांतीय सह सचिव राजकुमार मेहरा, तकनीकी अधिकारी कर्मचारी संघ के आलोक वाजपेयी, जिला अध्यक्ष तकनीकी अधिकारी संघ वीरेश शर्मा, विभागीय समिति अध्यक्ष एवं अशोक बेलिया, बीएम पोर्ते एवं समस्त कर्मचारियों ने की है।

## डॉ. अम्बेडकर जनसेवा मंच का होली मिलन कल

**जबलपुर।** डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर जनसेवा मंच का होली मिलन कार्यक्रम 08 मार्च को लाल कुंआ पोलीपाथर ग्वारीघाट रोड स्थित मंच की रामकली चौधरी के निवास पर मध्यान्ह 12.30 बजे से आयोजित है। मंच के मोहनलाल चौधरी, कमल चौधरी, मनोज चौधरी, धर्मेन्द्र सतनामी, तुलसीराम चौधरी, रवि सतनामी, कंधीलाल चौधरी, गोविंद चौधरी, रामबाई, सियाबाई, रामकली, द्रोपदी बाई, चंदाबाई, श्यामबाई, मीना बाई, सीताबाई चौधरी, मीना चक्रवर्ती, ममता बाई सहित अन्य ने उपस्थिति का अनुरोध किया है।

## शाला मद की शेष राशि शीघ्र जारी की जाए, मांग

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रांताध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि वित्तीय सत्र समाप्त होने वाला है, परंतु प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के लिए शासन के द्वारा जो राशि जारी की जाती थी अभी तक सिर्फ और सिर्फ 50% राशि जारी की गई है यदि बाकी की राशि शीघ्र जारी नहीं की जाती है तो शालाओं के प्रभारी शेष भुगतान कैसे करेंगे। संघ के प्रांताध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, हेमंत ठाकरे, दिनेश गोंड, राजेश सहारिया, संतोष चौरसिया, सुरेंद्र चौधरी, राजकुमार यादव, फिलिप एंथोनी, एनोस विक्टर, अजय मिश्रा, रेवा प्रसाद चौबे, आदि ने डीपीसी जिला शिक्षा केंद्र जबलपुर से मांग की है कि शालाओं की मद की शेष राशि शीघ्र जारी की जाए जिससे सभी शाला प्रभारी समय पर भुगतान कर सकें।

## ईदगाह कला रानीताल में उर्स और विशाल अफ़्तार-ए-आम में उमड़ा अकीदतमंदों का सैलाब



**जबलपुर।** पाक माह रमज़ान के 16वें रोज़े पर ईदगाह कला रानीताल में हज़रत मौलाना शाह अब्दुल करीम नक्शबंदी का 129वां सालाना उर्स शरीफ़ पूरे अदब और एहतराम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विशाल अफ़्तार-ए-आम का आयोजन मुफ़्ती-ए-आज़म मध्यप्रदेश हज़रत मौलाना डॉ. मोहम्मद मुशाहिद रज़ा क़ादरी बुरहानी की सरपरस्ती में हुआ। उर्स के कार्यक्रम में शहर और आसपास के इलाकों से हजारों रोज़ेदार, उलेमा-ए-कराम और आम नागरिक शामिल हुए। दोपहर बाद नमाज़-ए-जुमा के पश्चात कुरआन ख़्वानी और चादरपोशी की रस्म अदा की गई। अकीदतमंदों ने फूलों की चादर पेश कर फातिहा पढ़ी और दरगाह परिसर में इबादत, तिलावत और दुआओं का माहौल बना रहा। शाम को अफ़्तार-ए-आम में खजूर, फल, शरबत और अन्य पकवानों का विशेष इंतज़ाम किया गया। हजारों रोज़ेदारों ने मगरिब की अज़ान के साथ सामूहिक रूप से रोज़ा खोला। इसमें महिलाएं, बुजुर्ग, नौजवान और बच्चे शामिल हुए। अफ़्तार के बाद मगरिब की नमाज़ और उसके बाद उलेमा-ए-कराम द्वारा मुल्क में अमन, तरक्की और भाईचारे की दुआ की गई।

रमज़ान के तीसरे जुमा पर नगर और उपनगरीय क्षेत्रों की 100 से अधिक मस्जिदों में भी बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने जुमा की नमाज़ अदा की। प्रमुख मस्जिदों में जामा मस्जिद मंडी मदार टेकरी, जामेअतुल कुरैश, नूरानी मस्जिद ठक्कर ग्राम, हमज़ा मस्जिद अजीजगंज और अन्य मस्जिदों में भारी भीड़ देखी गई। पूरा कार्यक्रम अकीदत, इबादत और भाईचारे का संदेश लेकर सम्पन्न हुआ।



## अटल कार्यकर्ता सम्मान यात्रा की कणी में जयश्री बैनर्जी सम्मानित

**जबलपुर।** अटल कार्यकर्ता सम्मान यात्रा के तहत, जबलपुर की वरिष्ठ नेत्री, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक और वर्ष 1977 में मंत्री रही जयश्री बैनर्जी से उनके निवास पर भेंट हुई। इस अवसर पर संगठन के प्रति उनके लंबे और निस्वार्थ योगदान को याद करते हुए उन्हें 'पंडित अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति चिह्न' भेंट किया गया। जयश्री जी की राजनीतिक यात्रा जनसंघ से लेकर जनता पार्टी और फिर भारतीय जनता पार्टी तक एक वैचारिक तपस्या की तरह रही है। उम्र के इस पड़ाव पर भी उनके अंदर देश और समाज के प्रति सेवा का जुनून कार्यकर्ताओं के लिए एक बड़ी प्रेरणा है। उनका पूरा परिवार विचारधारा के प्रति समर्पित रहा है। उनके पति स्व. श्री सुभाष चंद्र बैनर्जी जी महाकौशल क्षेत्र के प्रमुख नेताओं में शुमार थे, और उनके जेठ श्री विभास बैनर्जी जी भी कटनी के कद्दावर नेताओं में शामिल थे। इस वैचारिक समर्पण के कारण ही श्रद्धेय अटल जी जब भी जबलपुर आते थे, उनका प्रवास जयश्री जी के निवास पर होता था। वर्तमान में, जयश्री जी पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा जी की सास भी हैं। ऐसे वैचारिक आधार स्तंभों का अनुभव और आशीर्वाद इस संगठन की असली ताकत है।

## मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन ने मनाई होली



**जबलपुर।** मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन संगठन के डॉ. अजय वाधवानी ने शुभकामनाएं देते बताया कि रंगों का यह पावन पर्व होली हम सभी के जीवन में प्रेम, सौहार्द, भाईचारे और एकता के नए रंग भर दे। यह त्योहार हमें सिखाता है कि अलग-अलग रंग मिलकर ही एक सुंदर इंद्रधनुष बनाते हैं, ठीक वैसे ही जैसे विभिन्न धर्म, संस्कृतियाँ और परंपराएँ मिलकर हमारे देश और विश्व को सुंदर बनाती हैं। आइए, इस होली पर हम मन के सभी भेदभाव, कटुता और दूरी को मिटाकर मानवता, समानता और परस्पर सम्मान के रंगों से एक-दूसरे को सराबोर करें। ईश्वर, अल्लाह, भगवान, वाहेगुरु से प्रार्थना है कि आप सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और शांति के उजले रंग सदा बने रहें।


## छुई खदान क्षेत्र में निगम द्वारा स्वच्छता और सौंदर्यीकरण कार्य के लिए सघन सफाई अभियान

### निगमायुक्त के नेतृत्व में कचरा मुक्त छुई खदान की ओर कदम



**जबलपुर।** नगर निगम शहर के प्रत्येक वार्ड और क्षेत्र में उच्च स्तरीय स्वच्छता और जन-सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी प्रयास के तहत आज निगमायुक्त श्री रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार संभाग क्रमांक 11 के अंतर्गत आने वाले छुई खदान क्षेत्र में एक व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन के आस-पास के क्षेत्रों में आधुनिक मशीनीकृत उपकरणों और कुशल सफाई मित्रों की संयुक्त टीम द्वारा कचरा हटाने और गहरी सफाई का कार्य किया जा रहा है। निगम का मुख्य उद्देश्य इस क्षेत्र को 'कचरा मुक्त' बनाना है। इसके लिए विशेष निगरानी तंत्र स्थापित किया गया है, ताकि भविष्य में छुई खदान और उसके आस-पास कोई नया कचरा पॉइंट न बने। अभियान के तहत कचरे के निष्पादन के साथ-साथ डस्टबिन की उपलब्धता और कचरा संग्रहण वाहनों की फ्रीक्वेंसी को बढ़ाया गया है, ताकि सड़कों पर कचरा जमा न हो सके। निगमायुक्त श्री अहिरवार ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे इस अभियान में सहभागी बनें और कचरा केवल निर्धारित स्थानों या कचरा संग्रहण वाहनों में ही डालें। इस अवसर पर उपायुक्त संभव अयाची और अन्य अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद रहे, जिन्होंने अभियान की सफलता में योगदान दिया। निगम का यह अभियान स्वच्छता के प्रति उनकी मजबूत प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

## विनोद गोंटिया बने असम विधानसभा चुनाव प्रभारी



**जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने असम विधानसभा चुनाव में चुनाव प्रवास हेतु वरिष्ठ नेता पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद गोंटिया को मप्र से प्रभारी बनाया है। उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा असम विधानसभा चुनाव में मप्र से प्रवासी कार्यकर्ताओ को प्रचार प्रसार हेतु भेजा गया है जिसमे वरिष्ठ नेता, मंत्री, सांसद, विधायक, पूर्व विधायक शामिल है।

## कैंसर और थैलेसीमिया जागरूकता के लिए कल निकलेगी कार रैली

जबलपुर।

समाज में कैंसर और थैलेसीमिया जैसी गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जीतो लेडीज़ विंग, जबलपुर द्वारा 8 मार्च को एक विशेष अवेयरनेस कार रैली का आयोजन किया जा रहा है। इस कार रैली के माध्यम से लोगों को इन बीमारियों की जानकारी देने और समय रहते जांच व उपचार के प्रति प्रेरित किया जाएगा।आयोजक जीतो अध्यक्ष विनीता बड़कुल ने शहर के सभी नागरिकों से अपील की है कि हर जागरूक नागरिक इस सामाजिक अभियान में शामिल होकर इसे सफल बनाए। रैली में महिलाओं, पुरुषों और युवाओं सभी से बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया गया है।

सचिव नीलिमा जैन ने बताया यह रैली 8 मार्च को प्रातः 6 बजे शहीद स्मारक, गोल बाजार (कॉफी हाउस के सामने वाले गेट) से प्रारंभ होगी बड़ा फुहारा होते हुए बस स्टैंड स्थित सिटी ऑप्शन्स पर समाप्त होगी। रैली में अधिक से अधिक लोगों से अपनी कारों के साथ शामिल होने का भी अनुरोध किया गया है, ताकि जागरूकता का संदेश व्यापक रूप से फैल सके।रैली के समापन के बाद सिटी ऑप्शन्स में सभी प्रतिभागियों के लिए नाश्ते की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही कैंसर और थैलेसीमिया विषय पर दो विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा लगभग 15-15 मिनट के ज्ञानवर्धक व्याख्यान भी दिए जाएंगे, जिनमें इन बीमारियों की पहचान, बचाव और उपचार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की जाएगी। आयोजकों का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और लोगों को समय पर जांच व सावधानी के लिए प्रेरित करना है।

## होली पर समाचार पत्र विक्रेताओं की यादगार पिकनिक, रेट्रो खेलों ने ताजा की बचपन की यादें

**जबलपुर।** सुहाने न्यूज एजेंसी के संचालक राकेश सुहाने द्वारा होली के अवसर पर समाचार पत्र विक्रेताओं के लिए पिकनिक आयोजित करने की परंपरा कई वर्षों से जारी है। इस बार पिकनिक का आयोजन लक्ष्मी रिसोर्ट (कैलाश धाम, मटामर) में हुआ, जहाँ लगभग 75 समाचार पत्र विक्रेताओं ने समय बिताया और पुराने खेलों का आनंद लिया।

इस वर्ष राकेश सुहाने का इरादा था कि वे विक्रेताओं को उज्जैन में महाकाल दर्शन कराने ले जाएं, लेकिन व्यक्तिगत कारणों से यह योजना रद्द करनी पड़ी। इसके स्थान पर, पिकनिक का आयोजन स्थानीय रिसोर्ट में किया गया, जहाँ सभी ने स्वच्छ वातावरण और पारंपरिक खेलों के साथ समय बिताया। सुबह मालवीय चौक से विशेष बस के द्वारा सभी विक्रेताओं को रिसोर्ट लाया गया, जहाँ उन्होंने पोहे, जलेबी, पकोड़ी और कोल्ड ड्रिंक का आनंद लिया। इसके बाद, मोबाइल युग से पहले खेले जाने वाले पारंपरिक खेलों की प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। इन खेलों में गपन्नी, पिट्ठू, गिल्ली-डंडा, एयर गन और मार गेंद शामिल थे।



धनीराम यादव ने दो स्पर्धाओं, टारगेट पर रिंग डालना और गपन्नी, में जीत हासिल की। सचिन जैन ने गिल्ली-डंडा, विजय साहू ने पिट्ठू, अशोक कोरी ने एयर गन और सुदेश श्रीवास्तव ने मार गेंद के विजेता बने। इसके अलावा, एक 10-10 ओवर का क्रिकेट मैच भी आयोजित किया गया, जिसमें अजय राजपूत की टीम विजेता रही। खेलों के बाद विक्रेताओं ने स्विमिंग पूल में जाकर ताजगी का एहसास किया।

इस दौरान राकेश सुहाने ने अपनी एक विशेष क्षमता का प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि उन्हें तैरना नहीं आता, फिर भी वे किसी भी स्थिति में पानी में डूबते नहीं, चाहे उनके हाथ-पैर बांध दिए जाएं। यह क्षमता उन्हें बचपन से भगवान की देन है। दोपहर में सभी ने सामूहिक भोजन किया और वापसी के दौरान बस में अंताक्षरी का कार्यक्रम चलता रहा, जो मालवीय चौक पहुंचने तक जारी रहा। विक्रेताओं ने इस पिकनिक को अब तक की सबसे यादगार पिकनिक बताया और सुहाने न्यूज एजेंसी को अपना सच्चा हितैषी माना।

**नाम सुधार सूचना**

मैं स्वेता नामदेव उम्र 46 वर्ष पति श्री प्रशांत नामदेव निवासी 316,317, गली नं. 5 त्रिमूर्ति नगर, दमोह नाका जबलपुर म.प्र. शपथपूर्वक कथन करती हू मेरे आधारकार्ड क्रं. 99714917 7015 एवं पेन कार्ड में मेरा नाम स्वेता नामदेव (SHWETA NAMDEO) लिखा है। मेरी कक्षा 10वी की अंकसूची मे मेरा नाम SWETA NAMDEO लिखा है। SHWETA NAMDEO एवं SWETA NAMDEO ये दोनो नाम मेरे है याने एक ही महिला के नाम है जो सही व सत्य है। मेरे नाम की सही स्पेलिंग SHWETA NAMDEO है जो कि आगे पढी एवं लिखी जावे। उपरोक्त तथ्य मेरे स्वयं के ज्ञान एवं जानकारी के अनुसार पूर्णत: सही और सत्य है।

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
**रा.प्र.क्र./1474/अ-6/2025-26**
**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक द्रोपती बाई पति स्व. श्री तुलसीराम नि. लालमाटी चाँदमारी ओमकला मंदिर के पीछे ने नजूल ब्लाक नं. 146 प्लाट नं. 3/75 रकवा 294 व.फु./ हे. ग्राम करियापाथर प.ह.नं....खसरा नं.....रकवा 294 व.फु./हे.पर विक्रयपत्र / हकत्याग / वसीयतनामा / दानपत्र / वारसान हक / दिनांक......मृत्यु दिनांक 20/06/2025 को हो जाने के कारण वारसान हक/क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र.....खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल ....संधारण खसरा/ पटवारी /डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल..... ब्लाक नं. 146. प्लाट नं. 3/75 रकवा 294 व. फु./हे. ग्राम करियापाथर प.ह.नं....खसरा नं....रकवा 294 व. फु./हे. पर ............के नाम दर्ज है। अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 04/03 / 2026 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियम दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 16/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 16/02/2026
पेशी दिनांक 04/03/2026

सील

तहसीलदार रांझी
जबलपुर